@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 30 जनवरी 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 60 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव का एलान, 27 फरवरी को होगा मतदान

नई दिल्ली, 29 जनवरी। चुनाव आयोग ने एलान किया है कि राज्यसभा की 56 सीटों के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव होना है। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं। चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, आंध्र प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों, बिहार में छह सीटों, छत्तीसगढ़ में एक सीट पर, गुजरात में चार सीटों, हरियाणा में एक सीट पर, हिमाचल प्रदेश में एक सीट पर, कर्नाटक में चार सीटों, मध्य प्रदेश में पांच सीटों, महाराष्ट्र में छह सीटों, तेलंगाना में तीन सीटों, उत्तर प्रदेश में 10 सीटों, उत्तराखंड में एक सीट पर, पश्चिम बंगाल में पांच सीटों, ओडिशा में तीन सीटों और राजस्थान में तीन सीटों पर चुनाव होने हैं। जिन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल इस साल समाप्त हो रहा है, उनमें अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह आदि का नाम शामिल है।

# सिमी गैरकानूनी संगठन, गृह मंत्रालय ने पांच साल और बढ़ाया प्रतिबंध

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 29 जनवरी। गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून के तहत स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर प्रतिबंध पांच साल और बढ़ाने का फैसला लिया गया है। गृह मंत्रालय ने बताया कि सिमी को यूएपीए कानून के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। कानून के तहत सिमी पर लगाया गया प्रतिबंध पांच साल औग जारी रहेगा। फैसले के बारे में गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर जारी एक बयान में लिखा कि यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को दिखाता है। गृह मंत्रालय के मुताबिक पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। गृह मंत्रालय के मुताबिक स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (स्ढ्ढस्ढ्ढ) को आतंकवादी कृत्यों में संलिप्त पाया गया है। संगठन के सदस्यों को शांति और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए खतरा माना गया है। स्ढ्ढस्ढ्ढ को सरकार ने देश की संप्रभुता, सुरक्षा और भारत की अखंडता के लिए भी खतरा माना गया है। खतरे को देखते हुए गृह मंत्रालय ने कहा कि सिमी पर 2029 तक प्रतिबंध जारी रहेगा। इससे पहले जुलाई, 2023 में सिमी पर बैन




के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल हुई। हालांकि, अदालत ने तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए याचिकाकर्ताओं को बाद में अपील करने की निर्देश दिया। इसके बाद बीते छह महीने में इस मामले पर सुनवाई नहीं हुई है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार सिमी से पहले भी कई संगठनों पर प्रतिबंध लगा चुकी है। लगभग 56 साल पहले बने कानून-ृ्क्क के तहत प्रतिबंधित कुल 13 संगठन इस सूची में शामिल हैं। इसके अलावा अब तक 42 आतंकवादी संगठनों पर भी प्रतिबंध लगाए जा चुके हैं। कानूनी और सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक सिमी का गठन 46 साल पहले हुआ था। अप्रैल, 1977 में बने इस संगठन की जड़ें उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से जुड़ी हैं। अमेरिकी राज्य इलिनोय में रहने वाले प्रोफेसर मोहम्मद अहमदुल्लाह सिद्दीकी सिमी के संस्थापक बताए जाते हैं। भारत सरकार ने संगठन के कामकाज को गैरकानूनी और देश के लिए खतरनाक मानते हुए वर्ष 2001 में इस पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया था। गृह मंत्रालय और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की सख्ती के कारण स्ढ्ढस्ढ्ढ से जुड़े सदस्य अंडरग्राउंड हैं। गतिविधियों पर प्रभावी तरीके से नकेल कसने में कामयाबी मिली है। शुरुआती दौर में इसे जमात-ए-इस्लामी की छात्र इकाई समझा जाता था। हालांकि, 1981 में स्ढ्ढस्ढ्ढ जमात से अलग हो गया। संगठन के मूल मकसदों में इस्लाम का प्रसार और देश में इस्लामिक कानून को प्रभावी बनाना है।

## कांग्रेस ने सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज कराई

कोलकाता, 29 जनवरी। पश्चिम बंगाल कांग्रेस इकाई ने सोमवार को भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कथित अपमानजनक टिप्पणी का आरोप है। दरअसल, हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो में अधिकारी ने सोमवार सुबह पश्चिम बंगाल से बिहार में प्रवेश करने वाली कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर चर्चा करते हुए कथित तौर पर राहुल गांधी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। हालांकि, वीडियो क्लिप की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं हो पाई है। राज्य कांग्रेस नेता सुवंकर सरकार ने बताया कि हमने हमारे नेता राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज कराई है। यह व्यवहार अस्वीकार्य और अपमानजनक है। हमने पुलिस से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस ने अधिकारी से बिना शर्त माफी की मांग भी की है। पुलिस शिकायत उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। इससे पहले कई टीएमसी नेताओं ने भी वीडियो क्लिप साझा की और अधिकारी की टिप्पणियों की निंदा की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि हम राहुल गांधी के खिलाफ सुवेंदु अधिकारी की टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हैं। यह भाजपा की संस्कृति और मानसिकता को दर्शाता है। किसी के राजनीतिक रुख के बावजूद असहमति के लिए यह स्वीकार्य तरीका या भाषा नहीं है। बंगाल कांग्रेस के नेता तो टीएमसी का विरोध करने में व्यस्त हैं।

# नीतीश का मतलब बिहार नहीं: संजय राउत

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

मुंबई, 29 जनवरी। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी से विपक्षी दलों के गठबंधन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, नीतीश कुमार को विपक्षी दलों के गठबंधन का संयोजक नियुक्त करने के पक्ष में थी। संजय राउत ने कहा कि नीतीश कुमार ने जिस तरह से विपक्षी गठबंधन छोड़ा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। संजय राउत ने कहा अगर कोई सोचता है कि नीतीश कुमार के जाने से गठबंधन में दरार पैदा हो जाएगी तो यह सही नहीं है। वास्तव में ऐसे लोगों के जाने से संगठन और मजबूत होगा। संजय राउत ने कहा कि वहां राजद के तेजस्वी यादव विपक्षी गठबंधन को मजबूत बनाएंगे। नीतीश का मतलब बिहार नहीं है। संजय राउत ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या राज्य के लोगों को यह पसंद आएगा कि एक व्यक्ति एक ही कार्यकाल में कई बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले? शिवसेना (यूबीटी) नेता राउत ने कहा नीतीश, भाजपा का असली चेहरा नहीं जानते



और वह (भाजपा) उन्हें खत्म करने जा रही है। राउत ने कहा यह बिहार की पहचान खत्म करने की भाजपा की चाल है। महाराष्ट्र में भी उन्होंने एकनाथ शिंदे के साथ प्रयोग किया, लेकिन शिंदे का मतलब महाराष्ट्र नहीं है या अजित पवार का मतलब महाराष्ट्र नहीं है। शिवसेना नेता ने बताया कि नीतीश के विपक्षी गठबंधन से निकलने में कांग्रेस की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस, नीतीश को गठबंधन का संयोजक नियुक्त करने के पक्ष में थी। कांग्रेस ने हमारे साथ चर्चा भी की थी, लेकिन साथ ही यह जानकारी भी आ रही थी कि नीतीश का भाजपा के साथ कोई गुप्त समझौता हो रहा है। राजनीति में हर कोई हर किसी के बारे में जानकारी रखता है। संजय राउत ने कहा उन्हें (नीतीश) सर्कस में जाना चाहिए। सर्कस में अच्छे दिन आएंगे। उन्हें पलटू राम सर्कस बनाना चाहिए और भाजपा को उसका रिंगमास्टर बनना चाहिए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नीतीश कुमार पर निशाना साधा। जयराम रमेश ने कहा कि नीतीश के जाने से विपक्षी गठबंधन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। किशनगंज में पत्रकारों से बात करते हुए जयराम रमेश ने कहा आया राम, गया राम की जगह आया कुमार, गया कुमार होना चाहिए। जयराम रमेश ने दावा किया कि नीतीश कुमार का विश्वासघात, प्रधानमंत्री की योजना का हिस्सा है।

## गुजराती ठग वाला बयान वापस लेते हुए उचित बयान दाखिल करें: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 29 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजद नेता तेजस्वी यादव को गुजराती ठग वाली टिप्पणी को वापस लेते हुए उचिन बयान दाखिल को कहा है। दरअसल, तेजस्वी ने कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। अब कोर्ट ने उन्हें इस टिप्पणी को वापस लेते हुए उचित बयान दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति एएस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी यादव को नया बयान दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। पहले हलफनामे पर शिकायतकर्ता ने आपत्ति दर्ज कराई थी। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई पांच फरवरी के लिए तय की। इसके बाद तेजस्वी यादव ने 19 जनवरी को शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर कर अपनी कथित गुजराती ठग वाली टिप्पणी वापस ले ली थी। शीर्ष अदालत तेजस्वी यादव की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उनकी कथित केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक कोर्ट में उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि की शिकायत को राज्य के बाहर किसी स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। इससे पहले शीर्ष कोर्ट ने राजद नेता की याचिका पर सुनवाई करते हुए पहले आपराधिक मानहानि शिकायत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और इसे दायर करने वाले गुजरात निवासी याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया था। दरअसल, गुजरात कोर्ट ने अगस्त में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 202 के तहत तेजस्वी यादव के खिलाफ प्रारंभिक जांच की थी और एक स्थानीय व्यवसायी और कार्यकर्ता हरेश मेहता की शिकायत पर उन्हें समन करने के लिए पर्याप्त आधार पाया था।

## नई आयकर प्रणाली के तहत करदाताओं को वित्त मंत्री से और अधिक राहत की उम्मीद: निर्मला सीतारमण

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 29 जनवरी। केंद्रीय बजट 2023-24 के दौरान नई आयकर व्यवस्था के तहत करदाताओं को कई लाभ दिए गए । 1 फरवरी 2024 के दौरान पेश होने वाले अंतरिम बजट में वित्त मंत्री की ओर से नई कर प्रणाली के तहत टैक्सपेयर्स को मिलने वाले राहत में और इजाफा किया जा सकता है। नई आयकर व्यवस्था को सबसे पहले केंद्रीय बजट 2020-21 में पेश किया गया। नई कर प्रणाली 1 अप्रैल, 2023 से डिफॉल्ट विकल्प बन गई। हालांकि करदाताओं के लिए पुरानी कर व्यवस्था का विकल्प भी फिलहाल जारी है पर सरकार नई कर प्रणाली को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। पिछले साल बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इससे जुड़े कई जरूरी और सकारात्मक बदलाव किए थे। उस दौरान उन्होंने उच्च आय वाले व्यक्तियों के लिए



अधिभार को कम करने का भी एलान किया था। उन्होंने स्टैंडर्ड डिडक्शन के तहत भी 50,000 रुपये की मानक कटौती की अनुमति दी थी। सरकार इस साल पेश होने वाले अंतरिम बजट के दौरान नई आयकर व्यवस्था को और बढ़ावा दे सकती है। सरकार आम चुनाव से पहले अपना अंतरिम बजट पेश करने के लिए तैयार है, इस बजट में वेतनभोगी सरकार से और अधिक सकारात्मक बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं। टैक्स2विन के सीईओ और सह-संस्थापक अभिषेक सोनी के अनुसार पुरानी और नई दोनों कर व्यवस्थाओं के लिए मूल छूट सीमा में वृद्धि की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, करदाता नई आयकर व्यवस्था के तहत मानक कटौती सीमा, एचआरए छूट और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लिए कटौती में इजाफे की उम्मीद कर रहे हैं।

## आपके लिए मतदान का आखिरी मौका, इसके बाद वोटिंग नहीं होगी: खरगे

भुवनेश्वर, 29 जनवरी। भुवनेश्वर में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हर किसी को ईडी नोटिस दे रही है। वे लोगों को डरा रहे हैं। डर के कारण कुछ दोस्ती छोड़ रहे हैं, कुछ लोग दोस्ती छोड़ रहे हैं। कुछ लोग पार्टी छोड़ रहे हैं। कुछ लोग गठबंधन छोड़ रहे हैं। ऐसे क्या लोकतंत्र बचेगा। यह आपके लिए मतदान करने का आखिरी मौका है। इसके बाद कोई मतदान नहीं होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए खरगे ने कहा कि आरएसएस और भाजपा जहर की तरह हैं। उनसे दूर रहें। अगर लोकसभा चुनाव के बाद मोदी सत्ता में आए तो तानाशाही होगी, कोई लोकतंत्र नहीं होगा और कोई चुनाव नहीं होगा।

## विधानसभा चुनाव की हार का बदला लेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, 29 जनवरी। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्यप्रदेश में भी आएंगी। राहुल तीन मार्च को प्रदेश के मुरैना से इस यात्रा की शुरुआत करेंगे। वे 29 लोकसभा सीटों में से 7 लोकसभा सीटों को कवर करेंगे। विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस इस यात्रा को सफल बनाने और लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने की तैयारियों में लगी हुई है। यही वजह है कि नए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में पार्टी जोर-शोर के साथ जुटी हुई है। विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस आगामी दिनों में कई बड़े कार्यक्रम करने जा रही है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भारत जोड़ो न्याय यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की योजना बना रहे हैं। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि यात्रा के रूट को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है। इसके अलावा कैसे यात्रा को प्रदेश सफल बनाए जाए और लोकसभा चुनाव के चलते कौन से मुद्दे अहम होंगे, यात्रा के दौरान किस मुद्दे को उठाए जाए, इसे लेकर कांग्रेस संगठन तैयारी कर रहा है। न्याय यात्रा 3 मार्च को एमपी में प्रवेश करेगी। इस दौरान 9 जिलों के 7 लोकसभा सीटों पर पहुंचेगी। इन 7 सीटों पर ग्वालियर-चंबल की 4 सीटें शामिल है। यात्रा मुरैना से शुरू होकर ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, आगर-मालवा, उज्जैन, रतलाम और झाबुआ होते हुए फिर से राजस्थान चली जाएगी। वर्तमान में एमपी में कांग्रेस के पास 29 लोकसभा सीटों में से सिर्फ एक छिंदवाड़ा सीट पर ही कांग्रेस का कब्जा है।

# 10 लाख रोजगार का वादा पूरा करेगी नई एनडीए सरकार: डिप्टी सीएम

**सौरभ शर्मा**

पटना, 29 जनवरी। बिहार के नए डिप्टी सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जनता दल यूनाईटेड को समर्थन देकर फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर बड़ा बयान दिया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड की तरफ से हमलोगों को सरकार बनाने का प्रस्ताव आया था कि भारतीय जनता पार्टी उनके सरकार बनाने में समर्थन करें। उनके दूत संजय झा हमारे पास आए थे। इसके बाद हम लोगों ने उनका समर्थन देने का काम किया। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि जो स्थिति बन रही थी, उससे बिहार में लोकतंत्र शर्मसार हो रहा था। जनता दल यूनाईटेड को तोड़ने का काम किया जा रहा था। जनता दल यूनाईटेड के सरकार में रहकर लोग कह रहे थे कि 2024 में पार्टी खत्म हो जाएगी। उन सारी स्थितियों को आपने देखा। बिहार के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 1996 में समता पार्टी के साथ गठबंधन करने का काम किया था। और, लगातार एनडीए बनाकर 1996, 1998, 1999, 2000 का या फिर 2005 का चुनाव हो, एनडीए लगातार लड़ती रही। सम्राट चौधरी ने कहा कि 2005 में जंगल राज को समाप्त कर सुशासन स्थापित किया। पूर्ण रूप से जनता दल यूनाइटेड और भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन अभी हम पार्टी का भी हम लोग



के साथ सहयोग है। प्रधानमंत्री मोदी जी और नीतीश कुमार जी के साथ मिलकर बिहार के विकास का काम करेंगे। बिहार को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। जो अधूरे सपने छूट गए उनका पूरा करने का काम किया जाएगा। 2020 के चुनाव के बाद हम लोगों ने संकल्प लिया था कि 10 लाख लोगों को रोजगार देने का काम करेंगे भारतीय जनता पार्टी और जदयू का कमिटमेंट था, जिसको पूरा किया जा रहा है। 2021 में 1 लाख 75 हजार वैकेंसी निकलने का काम किया था। वह प्रोसेस पूरा नहीं हो पाया जिसको अब पूरा करने का काम करेंगे। रोजगार देने का काम किया जाएगा राज्य को विकसित करने का काम किया जाएगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में रेवेन्यू स्तर को भी ठीक किया जाएगा। बिहार में कैसे अधिक से अधिक रेवेन्यू उत्पन्न हो ताकि विकास बिहार में विकास का काम पिछड़ों में अति पिछड़ों में दलितों में, यानी कैसे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण कैसे पहुंचे, इस तरफ ऐसा करने का काम करेंगे। इसलिए 2020 के जनमत का सम्मान करते हुए जो भारतीय जनता पार्टी को जनता ने सम्मान दिया था। इसलिए हमलोग एक बार फिर नीतीश कुमार जी के साथ आए और इसलिए प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सबके मार्गदर्शन से बिहार आगे जाएगा और आगामी 2024 और 2025 के चुनाव में मजबूती से लड़ने का काम करेगी।

## एलएसी पर सेना की मजबूत तैनाती, एक साल से किसी इलाके में नहीं हुआ संघर्ष: जनरल पांडे

नई दिल्ली, 29 जनवरी। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति स्थिर और संवेदनशील बनी हुई है।



बीते एक साल में एलएसी के आसपास और अधिक टकराव के बिंदु नहीं देखे गए हैं। उन्होंने कहा, दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य और राजनयिक स्तर की वार्ता जारी है। हमें उम्मीद है कि हम दो बचे हुए मुद्दों का समाधान ढूंढ लेंगे। हमने मजबूत और संतुलित तैनाती की हुई है। जनरल पांडे ने कहा, पहला, हमारे अधिकारियों, जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) के पास रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का ज्ञान है, जो असल में इलाके में उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। दूसरा, हमारे पास अकादमिक विशेषज्ञ हैं, जो ए श्रेणी के प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में काम करते हैं। तीसरा, हमारे पास नागरिक सुरक्षा कायर्बल है, जो हमारी कार्यशालाओं और हमारी विनिर्माण इकाइयों में काम करता है। इन तीनों रास्तों के जरिए हम नवाचार की क्षमता का लाभ उठाना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, एक बार जब हम जरूरत की पहचान कर लेते हैं और इन मार्गों के जरिए प्रस्ताव सामने आते हैं, तो सेना का डिजाइन ब्यूरो जांच करता है। जनरल पांडे ने कहा, हाल ही में विद्युत रक्षक नाम से एक परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत हमने विक्रेताओं में से एक को नवाचार (इनोवेशन) और तकनीकी (टेक्नोलॉजी) का हस्तांतरण किया है। सेना प्रमुख ने आगे बताया कि अग्रिम मोर्चे पर मेड इन इंडिया हथियारों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा, मॉबिलिटी व्हीकल्स या प्रोटेक्टेड व्हील्ड व्हीकल्स ऐसी स्थिति में हमें मदद देते हैं।

# कृष्ण जन्मभूमि मामले में अदालत का बड़ा फैसला

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 29 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा और इसके बगल में बनी ईदगाह को लेकर जारी भूमि विवाद पर अहम फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा, फिलहाल ईदगाह कॉम्पलेक्स के सर्वे पर लगी रोक यानी स्टे ऑर्डर प्रभावी रहेगा। अदालत में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कमेटी ऑफ मैनेजमेंट ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह की तरफ से दायर याचिका पर आगे की सुनवाई अप्रैल के पहले हफ्ते में होगी। मथुरा के बहुचर्चित श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा, हाईकोर्ट की तरफ से पारित अंतरिम आदेश जहां भी दिए गए हैं, शीर्ष अदालत का अंतिम फैसला आने तक वही प्रभावी रहेंगे। अप्रैल, 2024 में मामले को फिर से सूचीबद्ध करने का निर्देश देते हुए अदालत ने मुकदमे में शामिल सभी पक्षों को अगले लगभग तीन महीने में दलीलें पूरी करने का निर्देश भी दिया। शीर्ष अदालत ने साफ किया कि मथुरा कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से जुड़ी सभी याचिकाओं पर अप्रैल में एक साथ सुनवाई होगी। बता दें कि विगत 16 जनवरी को पारित आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई थी। हाईकोर्ट ने 14 दिसंबर, 2023 को पारित आदेश में कहा था कि कोर्ट की निगरानी में शाही ईदगाह मस्जिद कॉम्पलेक्स का सर्वे कराया जाए। सर्वे की निगरानी के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किए जाने पर भी रोक लगाई गई है। मुकदमे से जुड़े हिंदू पक्षकारों की दलील है कि मस्जिद परिसर में कई ऐसे चिह्न मौजूद हैं, जिनसे प्रमाणित होता है कि इतिहास में यह मंदिर था। स्टे ऑर्डर जारी रखने के आदेश के अलावा सुप्रीम कोर्ट



ने यह भी साफ किया कि हाईकोर्ट में लंबित टाइटल सूट पर सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट ने कहा कि सिविल प्रोसीजर कोड (ष्टक्क्ष्ट) के ऑर्डर 7 नियम 11 के तहत हाईकोर्ट में भूमि विवाद पर सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट ने हिंदू पक्षकारों से कहा है कि मस्जिद समिति की तरफ से दायर याचिका पर जवाब दाखिल करें। गौरतलब है कि मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर को लेकर भूमि विवाद लंबे समय से जारी है। उत्तर प्रदेश में अयोध्या की राम जन्मभूमि मंदिर की तर्ज पर ही मथुरा में भी अलग और भव्य मंदिर बनाने की मांग हो रही है। जमीन के मालिकाना हक को लेकर जारी मुकदमे में अहम मोड़ उस समय आया जब अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण की मांग होने लगी। ईदगाह कॉम्पलेक्स का सर्वे कराने के लिए पहले याचिकाकर्ताओं ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट के आदेश के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हाईकोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाई गई है।

# IS। ने कराया पाकिस्तान के पूर्व मंत्री शाह मलिक पर हमला, दो लोग जख्मी; मोटरसाइकिल में बंधा था बम

**इस्लामाबाद.** इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता मलिक शाह मोहम्मद खान के घर के बाहर बम धमाका हुआ है। इस धमाके में दो लोग जख्मी भी हुए हैं। पूर्व मंत्री मलिक शाह के घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल में बम धमाका हुआ था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बम धमाके के तुरंत बाद डिस्पोजल यूनिट मौके पर पहुंची। धमाके में घायल दोनों लोगों को जिला मुख्यालय अस्पताल में एडमिट कराया गया है। धमाके के वक्त मलिक शाह मोहम्मद घर पर मौजूद नहीं थे। यह धमाका खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू शहर में हुआ है। यहीं से मलिक शाह चुने जाते रहे हैं और वह खैबर पख्तूनख्वा की पीटीआई सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। अब तक इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यह हमला आईएसआई के अंडरकवर एजेंट्स ने किया है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार, सेना और इमरान खान की पार्टी के बीच पैदा हुए तनाव के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया है। सरकार और सेना एक खेमे में हैं, जबकि विपक्षी इमरान खान जेल में बंद हैं। इमरान खान की पार्टी का सिंबल भी इलेक्शन में छिन चुका है। गौरतलब है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई कई बार विपक्षी नेताओं को भी निशाना बनाती रही है। पाकिस्तान की राजनीतिक व्यवस्था में आईएसआई का भी अच्छा खासा दखल रहा है। इस बीच रविवार को ही कराची में पीटीआई के 125 नेताओं को अरेस्ट कर लिया गया है। ये गिरफ्तारियां कराची के तीन तलवार इलाके में हुई रैली के बाद की गईं। इस रैली में पुलिस और इमरान खान समर्थकों के बीच झड़पें हुई थीं। इसके बाद पुलिस ने ऐक्शन लेते हुए करीब सवा सौ नेताओं को अरेस्ट कर लिया।




# Pakistan में नवाज शरीफ ने चुनाव प्रचार दौरान पहनी ऐसी टोपी, मच गया बवाल ! जमकर कोस रहे लोग


**इस्लामाबाद.** आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान में चुनाव प्रचार दौरान पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (PML-N) सुप्रीमो नवाज शरीफ द्वारा पहनी गई टोपी के कारण पूरे देश में बवाल मच गया है। रोजी-रोटी को तरस रहे पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर उन्हें गालियां तक निकाल रहे हैं। पाकिस्तान के लोगों का कहना है कि नवाज शरीफ ने Gucci कंपनी की जो टीपी पहनी है, उसकी बाजार में कीमत एक लाख पाकिस्तानी रुपए है। लोगों का कहना है कि एक तरफ तो पाकिस्तान आर्थिक बदहाली से जूझ रहा है और दूसरी तरफ नवाज शरीफ एक लाख रुपए की टोपी पहनकर घूम रहे हैं। कीमत के अलावा टोपी पर बनी धारियां भी चर्चा ता विषय बनी हुई हैं।

पाकिस्तान के लोगों का कहना है कि टोपी में जो धारियां बनी हुई हैं, वह इमरान खान की पाकिस्तान-तहरीक-ए- इंसाफ (PTI) के झंडे से काफी मिलती-जुलती हैं।नवाज शरीफ ने हाल ही में इस टोपी को पहनकर पंजाब प्रांत के ननकाना साहिब में रैली की थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के लोगों का कहना है कि उनका देश इन दिनों ईंधन, बिजली और भोजन जैसी बुनियादी सुविधाओं की आसमान छूती कीमतों के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहा है और देश की कमान संभालने वाले नेता अपनी खोखळी शान दिखा रहे हैं। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक महामारी के बाद पाकिस्तान की रिकवरी आर्थिक असंतुलन के कारण रुक गई है। यह पहली बार नहीं है, जब पूर्व पाकिस्तानी क्क्रनवाज शरीफ इस तरह के विवाद में घिर गए हैं। 2023 में कथित तौर पर लंदन के महंगे हैरोड्स डिपार्टमेंट स्टोर में खरीदारी के दौरान नवाज का सामना एक पाकिस्तानी महिला से हो गया था। नवाज लंदन में चार साल तक निर्वासित रहने के बाद अक्टूबर 2023 में पाकिस्तान लौटे हैं। 2024 के आम चुनावों से पहले नवाज शरीफ ने हाल ही में अपनी पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी किया है।नवाज शरीफ में इस चुनाव में वादा किया है कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आने में कामयाब हो जाती है तो जनता को सस्ती और ज्यादा बिजली की सप्लाई की जाएगी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार घोषणापत्र के वादों में बिजली बिलों में 20 से 30 प्रतिशत की कटौती करना शामिल है।



# इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से घबराए शी जिनपिंग, देने लगे चीन और फ्रांस के रिश्ते की दुहाई

नई दिल्ली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच लंबी बातचीत हुई। इसके बाद दोनों देशों ने सैन्य साजोसामान साथ मिलकर एक अहम इंडस्ट्रियल रोडमैप जारी किया।



**इंटरनेशनल डेस्क.** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से चीन कुछ घबराया हुआ लग रहा है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अब चीन-फ्रांस संबंधों की दुहाई देने लगे हैं। उन्होंने इसे लेकर 'नई जमीन तैयार' करने की पेशकश की है। दरअसल, मैक्रों की भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर ऐसे वक्त चीफ गेस्ट के तौर पर नई दिल्ली पहुंचे जब चीन और फ्रांस अपने कूटनीतिक रिश्ते की 60वीं एनिवर्सरी मना रहे हैं। राष्ट्रपति जिनपिंग ने अपने मैसेज में कहा, 'आज फिर से दुनिया एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है। ऐसे में चीन और फ्रांस को मिलकर शांति, सुरक्षा, भाईचारे और प्रगति के लिए रास्ता तैयार करना चाहिए। मानव विकास के लिए यह जरूरी है।

शी जिनपिंग ने कहा कि चीन द्विपक्षीय संबंधों को मजूबत करने पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि वह मैक्रों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। वह राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ को बुनियादी सिद्धांतों को बनाए रखने, नई जमीन तलाशने और नया रास्ता खोलने के अवसर के रूप में देखते हैं। चीन और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती देनी है। विदेश मंत्री वांग यी का भी इस मौके पर बयान आया। उन्होंने कहा, चीन ने अपने यहां फ्रांस से आयात बढ़ाने की पेशकश की है। हम उपभोक्ता और निवेश बाजार की मांग को पूरा करना जारी रखेंगे। फ्रांस से हाई क्वालिटी वाले प्रोडक्ट और सर्विस के आयात बढ़ावा दिया जाएगा।

**भारत-फ्रांस के बीच हुई कई अहम समझौते**

ध्यान रहे कि चीनी आलाकमान की ओर से फ्रांस के साथ रिश्ते मजबूत करने की बातें ऐसे समय हो रही हैं, जब मैक्रों ने भारत से कई अहम समझौते किए हैं। नई दिल्ली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच लंबी बातचीत हुई।

इसके बाद दोनों देशों ने सैन्य साजोसामान साथ मिलकर महत्वाकांक्षी औद्योगिक रोडमैप जारी किया। टाटा समूह और एयरबस संयुक्त रूप से एच125 हेलीकॉप्टर निर्मित करने पर सहमत हुए। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के पेशेवरों को एक-दूसरे के देशों में भेजने की योजना और ग्रेजुएट भारतीय छात्रों के लिए 5 साल की वैधता के साथ शेंगेन वीजा भी मुख्य निर्णयों में शामिल है। दोनों पक्षों ने कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें रक्षा-अंतरिक्ष साझेदारी और उपग्रह प्रक्षेपण भी है। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर एक अलग समझौता किया गया।

# फ्रांस के लौवर संग्रहालय में 2 क्लाइमेट एक्टिविस्ट ने ' 'मोना लिसा' की तस्वीर पर फेंका सूप, कहा-"ये किसानों के लिए..."

**पेरिस.** फ्रांस में रविवार को दो जलवायु कार्यकर्ताओं ने लौवर संग्रहालय में 'मोना लिसा' की तस्वीर पर सूप फेंका और एक स्थायी खाद्य प्रणाली की वकालत करते हुए नारे लगाए। जलवायु कार्यकर्ताओं ने फ्रांस के उन किसानों के प्रति समर्थन जताया, जो फसल के बेहतर दाम और अन्य समस्याओं के खिलाफ कई दिन से देशभर में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये किसानों के लिए हमारे समर्थन का तरीका है।



सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में, 'फूड रिपोस्टे' छपी टी-शर्ट पहने दो महिलाओं को लियोनार्डो दा विंची की उत्कृष्ट कृति 'मोना लिसा पर सूप फेंकते और पेंटिंग के करीब जाने के लिए एक अवरोधक के नीचे से गुजरते हुए देखा जा सकता है। प्रदर्शनकारियों ने कहा, ''सबसे महत्वपूर्ण बात क्या है? कला या भोजन का अधिकार?'' उन्होंने कहा, ''हमारा कृषि तंत्र बीमार है। हमारे किसान मर रहे हैं।'' इसके बाद वीडियो में संग्रहालय कर्मचारियों को आगंतुकों से कमरा खाली करने के लिए कहते देखा जा सकता है। अपनी वेबसाइट पर 'फूड रिपोस्टे' समूह ने कहा कि फ्रांस की सरकार अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को तोड़ रही है। गौरतलब है कि फ्रांस के किसान अपनी उपज के लिए बेहतर पारिश्रमिक पाने समेत अन्य मांगों को लेकर कई दिनों से पूरे देश में चक्का जाम कर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

# अमेरिका में पढ़ाई कर रहे 25 साल के भारतीय छात्र की हथौड़े से पीटकर हत्या, पुलिस के सामने लाश के उपर खड़ा था आरोपी

**इंटरनेशनल डेस्क.** अमेरिका के जॉर्जिया में पढ़ाई कर रहे 25 साल के भारतीय छात्र की हथौड़े से पीटकर हत्या कर दी गई। इस खौफनाक वारदात का वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर आपकी भी रूह कांप उठेगी।

दरअसल, मृतक छात्र की गलती यह थी कि उसने एक शख्स को स्टोर के अंदर आने की परमिशन दे दी थी, क्योंकि बाहर बहुत ठंड थी ऐसे में उशने मदद की सोची लेकिन यह उस पर इतना भारी पड़ेगा यह कभी नहीं सोचा। मृतक उस स्टोर में क्लर्क का काम करता था। वहीं, आरोपी की कुछ दिन से किसी न किसी तरह मदद कर रहा था कभी कुछ खाने को दे रहा था तो कभी पहनने के लिए अपनी जैकेट दी।

वहीं, जब राहगीरों ने वारदात की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और स्टोर में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे की फुटेज कब्जे में ली। प्राथमिक जांच में मृतक के भारतीय होने का पता चला है जो पढ़ाई करने के लिए आया था और जनरल स्टोर में पार्ट टाइम जॉब कर रहा था।

खबरों के अनुसार, मृतक का नाम विवेक सैनी है। 18 जनवरी को यह वारदात हुई। जिसकी जानकारी अब सामने आई है।

विवेक लिथोनिया में स्नैपफिंगर और क्लीवलैंड रोड पर शेवरॉन फूड मार्ट में क्लर्क था। उस पर 53 साल के जूलियन फॉकनर ने हथौड़े से हमला कर उसे जान से मार डाला। कर्मचारी ने कहा, उसने शख्स को वहां से चले जाने के लिए कहा वरना वह पुलिस को बुलाने वाला था, वह वहां दो दिनों से था।


पुलिस ने बताया कि जैसे ही सैनी घर जाने के लिए निकले, फॉकनर ने उन पर हथौड़े से हमला कर दिया। कर्मचारी ने कहा, उसने उसे पीछे से मारा, फिर चेहरे और सिर पर लगभग 50 बार वार किए। घटना की रिपोर्ट के अनुसार, जब पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे तो फॉकनर हथौड़ा पकड़कर पीड़ित के ऊपर खड़ा था।

रिपोर्ट के अनुसार, फूड मार्ट के कर्मचारियों ने पुलिस के दिए बयान में बताया कि 14 जनवरी की शाम से रोज वे सड़क पर सोने वाले जूलियन को स्टोर के अंदर आने दे रहा था।

जिस पर फूड मार्ट में काम करने वाले एक कर्मचारी ने पुलिस को बताया कि हत्या आरोपी ने चिप्स और कोक मांगा। हमने उसे पानी सहित सब कुछ दिया करीब 2 दिन तक उसकी मदद की।

# सूडानः अबेई में बंदूकधारियों का ग्रामीणों पर हमला,52 लोग मारे गए और 64 घायल

**इंटरनेशनल डेस्क.** सूडान और दक्षिण सूडान दोनों के दावे वाले तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में बंदूकधारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया, जिसमें एक संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक सहित कम से कम 52 लोग मारे गए और 64 घायल हो गए। क्षेत्र के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अबेई के सूचना मंत्री बुलिस कोच ने अबेई से टेलीफोन पर दिए साक्षात्कार में 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को बताया कि शनिवार शाम को हुए हमले का मकसद तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ, लेकिन इसके भूमि विवाद से जुड़े होने का संदेह है। क्षेत्र में घातक जातीय हिंसा की



घटनाएं आम रही हैं, जहां पड़ोसी वार्रप राज्य के ट्विक डिंका जनजाति समुदाय का सीमा पर स्थित अनीत क्षेत्र को लेकर अबेई के नगोक डिंका के साथ भूमि विवाद है। कोच ने कहा कि शनिवार की हिंसा में हमलावर नुएर जनजाति के हथियारबंद युवक थे जो पिछले साल अपने क्षेत्रों में आई बाढ़ के कारण वार्रप राज्य में चले गए थे।

अबेई में तैनात संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल (यूएनआईएसएफए) ने एक बयान में हिंसा की निंदा की जिसमें शांतिरक्षक की मौत हो गई। ह्वढ्ढस्नन्न ने पुष्टि की कि न्यिंकुआक, मजबोंग और खादियन क्षेत्रों में अंतर-सांप्रदायिक झड़पें हुई जिससे लोग हताहत हुए और नागरिकों को यूएनआईएसएफए के केंद्रों पर पहुंचाया गया। बयान में कहा गया है, ''अगोक में यूएनआईएसएफए बेस पर एक सशस्त्र समूह ने हमला किया। मिशन ने हमले को विफल कर दिया लेकिन दुखद रूप से घाना का एक शांतिरक्षक मारा गया।%% वर्ष 2005 के शांति समझौते के बाद से उत्तर और दक्षिण सूडान के बीच दशकों से जारी गृह युद्ध समाप्त होने के बाद से अबेई क्षेत्र पर नियंत्रण को लेकर सूडान और दक्षिण सूडान में विवाद है। सूडान और दक्षिण सूडान, दोनों अबेई पर स्वामित्व का दावा करते हैं।

# भारत सोमाली समुद्री लुटेरों के कब्जे से छुड़ाएगा श्रीलंका के मछुआरे

**इंटरनेशनल डेस्क.** भारत ने सोमाली समुद्री लुटेरों द्वारा बंधक बना लिए गए श्रीलंकाई मछुआरों को छुड़ाने में मदद करने का वादा किया है। श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। नौका लॉरेंजो पुथा-4 मछली पकड़ने के लिए कई दिनों की यात्रा पर 16 जनवरी को श्रीलंका के दिकोविटा बंदरगाह से रवाना हुई थी।




श्रीलंका की नौसेना के प्रवक्ता गायन विक्रमसूर्या ने बताया कि श्रीलंका ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय समुद्री कमान को मोगादिशू से दक्षिण पूर्व में करीब 840 नॉटिकल मील की दूरी पर सोमाली समुद्री लुटेरों द्वारा छह मछुआरों और उनकी नौका को कब्जा में ले लेने की सूचना दी थी।

उन्होंने कहा कि भारत ने इन मछुआरों को मुक्त कराने में श्रीलंका की मदद करने का वादा किया है। श्रीलंका के मत्स्यिकी राज्य मंत्री पियाल निशांत ने संवाददाताओं को बताया कि समुद्री लुटेरों ने बंधक बनाये गये मछुआरों को मत्स्यिकी मंत्रालय से बातचीत करने की अनुमति दी है।

# इजरायल पर हमले में शामिल थे ह के कर्मचारी, 9 देशों ने बंद कर दी फंडिंग

UNRWA पर आरोप लगाए जाने की फिलिस्तीनी समूह हमास ने निंदा की। उसने कहा, संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों को इजरायल के खतरों और दबाव के आगे नहीं झुकना चाहिए।



**अवीव.** बीते सात अक्तूबर को इजरायल पर हुए हमास के आतंकी हमले में संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (UNRWA) के कर्मचारी भी शामिल थे, उन्होंने आतंकियों की मदद की थी। इजरायल ने ये सनसनीखेज आरोप लगाया है। इसके बाद नौ देशों ने एजेंसी को दी जाने वाले फंडिंग रोक दी है। आरोपों के बाद यूएन ने संबंधित कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया।

इजरायल ने कहा कि एजेंसी के 12 कर्मचारियों ने हमास के हमले में उनका साथ दिया था। ये एजेंसी गाजा, वेस्ट बैंक, सीरिया, जॉर्डन और लेबनान में 60 लाख लोगों की मदद कर रही है। इसका काम संघर्ष प्रभावित लोगों की मानवीय मदद करना, राहत का सामान पहुंचा आदि है। इजरायल के इन बेहद गंभीर आरोपों के बाद अमेरिका, ब्रिटेन, फिनलैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इटली, जर्मनी, फिनलैंड और स्विटजरलैंड UNRWA को फंड देना बंद करने की घोषणा की।

**गाजा में एजेंसी को नहीं करने देंगे काम**

इजरायल ने कहा कि वह गाजा में संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता एजेंसी को काम नहीं करने देगा। उसने आरोपी कर्मचारियों को बर्खास्त करने वाले एजेंसी के प्रमुख फिलिप लाजरिनी से इस्तीफा देने की मांग की। इजरायल के विदेश मंत्री काट्ज ने फंडिंग बंद होने पर खुशी जताते हुए कहा कि गाजा के पुर्ननिर्माण के लिए एजेंसी को सच में शांति और विकास के लिए समर्पित एजेंसियों से बदला जाना चाहिए। NRWA ने कहा कि हमने आरोपी कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया है, हम आरोपों की गहनता से जांच कर रहे हैं।

**हमास ने की निंदा**

UNRWA पर आरोप लगाए जाने की हमास ने निंदा की। उसने कहा, संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों को इजरायल के खतरों और दबाव के आगे नहीं झुकना चाहिए।

**फंडिंग रोकने को बताया चौंकाने वाला फैसला**

NRWA के आयुक्त-जनरल फिलिप लाजारिनी ने कहा कि नौ देशों के फैसले से पूरे क्षेत्र में खासकर गाजा में उसके मानवीय कार्यों को काफी खतरा है। कर्मचारियों के एक छोटे समूह के खिलाफ आरोपों की प्रतिक्रिया में एजेंसी की फंडिंग बंद किया जाना चौंकाने वाला है। हम पहले भी लगे ऐसे आरोपों को खारिज करते रहे हैं। पूरे मामले पर फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने इजरायल की आलोचना की है। फलस्तीनी प्राधिकरण ने फंडिंग रोकने के निर्णय को वापस लेने की अपील की।

**यूएन की एजेंसी करती रही है निंदा**

संयुक्त राष्ट्र से संबंधित मानवीय सहायता एजेंसी गाजा में शरणार्थी शिविरों पर हमलों को लेकर इजरायल की निंदा करती रही है। गाजा में मानवीय सहायता को लेकर दोनों पक्षों में लंबे समय से रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। हाल के दिनों में संघर्ष के बीच दोनों में तनाव और बढ़ा है। एजेंसी ने बीतों दिनों एक बयान जारी कर कहा था कि इजरायल शरणार्थी शिविरों पर हमला कर अंतरराष्ट्रीय व मानवीय कानूनों की अवेहलना कर रहा है।

# चीन में बढ़ रहा है ग्रामीण-शहरी शिक्षा का अंतर, बुनियादी शिक्षा सुविधाओं के लिए करना पड़ रहा है संघर्ष

**इंटरनेशनल डेस्क.** चीन दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा प्रणाली होने का दावा करता है, लेकिन इसकी अधिकांश ग्रामीण आबादी को बुनियादी शिक्षा सुविधाएं और उचित ट्यूशन पाने के लिए संघर्ष करते देखा जा सकता है। ग्रामीण-शहरी शिक्षा का अंतर बढ़ रहा है और गरीबी तथा ग्रामीण समस्याओं के प्रति सरकारी उदासीनता के कारण स्कूल छोड़ने वालों की संख्या बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन WE ने कहा कि मुफ्त




और अनिवार्य शिक्षा की अनिवार्य नीति के बावजूद चीन में ग्रामीण आबादी को पर्याप्त शिक्षा सेवाओं तक पहुंच नहीं है। व्यवहार में देश की शिक्षा प्रणाली अपर्याप्त वित्तपोषित है, जिससे ग्रामीण इलाकों में स्कूलों की भारी कमी हो गई है। इसके अलावा आर्थिक लाभों के असमान वितरण ने शिक्षा को अप्राप्य बना दिया। अनुमान है कि स्कूली शिक्षा की उच्च लागत और ग्रामीण चीन में परिवारों की आर्थिक स्थिति के कारण लाखों बच्चे बाल श्रमिक के रूप में काम करते हैं।

2023 चीन सांख्यिकी ईयरबुक में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, 2008 में नामांकन की दर 99 प्रतिशत थी। हालांकि, स्कूल समेकन की नीति की बदौलत यह 2021 में गिरकर 98.3 हो गया। उक्त नीति के तहत संसाधन आवंटन के अनुकूलन से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 2001 में 416,000 से घटकर 2012 में 155,000 हो गई। बाद में चीन ने स्कूल समेकन नीति को उलट दिया। फिर भी 2018 में हर दिन लगभग 16 स्कूल बंद होते रहे।

# जॉर्डन में ड्रोन हमले में 3 अमेरिकी सैनिकों की मौत से तिलमिलाए बाइडेन, बोले-"करारा जवाब देंगे'

**कोलंबिया.** जॉर्डन में ईरान समर्थित समूह के ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत और कई सैनिकों के घायल होने से तिलमिलाए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रविवार को कहा कि अमेरिका इसका ''करारा जवाब'' देगा। इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत के बाद से पश्चिम एशिया में अमेरिकी बलों के खिलाफ ऐसे समूहों द्वारा महीनों से जारी हमलों में पहली बार हुई अमेरिकी सैनिकों की मौत के लिए बाइडेन ने ईरान समर्थित मिलिशिया को जिम्मेदार ठहराया। दक्षिण कैरोलाइना की यात्रा के दौरान बाइडन ने बैपटिस्ट चर्च के बैंक्वेट हॉल में एक सभा में क्षणभर का मौन रखा।

बाइडेन ने कहा, ''पश्चिम एशिया में हमारे लिए पिछली रात मुश्किल थी। हमने अपने एक सैन्य अड्डे पर हुए हमले में तीन बहादुर सैनिकों को खो दिया। हम जवाब देंगे।' 'डेर एजोर 24 मीडिया' के प्रमुख और यूरोप के कार्यकर्ता उमर अबू लैला के अनुसार, पूर्वी सीरिया में ईरान समर्थित लड़ाकों ने अमेरिकी हवाई हमलों के डर से अपनी चौकी खाली करनी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि ये क्षेत्र मयादीन और बौकामल के गढ़ हैं। अमेरिका के मध्य कमान ने कहा कि एकतरफा ड्रोन हमले में से कम से कम 34 सैनिक घायल हो गए, जिनमें से आठ को उपचार के लिए जॉर्डन से बाहर भेजा गया। फिलहाल सभी आठ लोगों की हालत स्थिर है। एक बड़े आकार के ड्रोन ने जॉर्डन में 'टॉवर 22% के नाम से जाने जाने वाले 'लॉजिस्टिक सपोर्ट बेस पर हमला किया। मध्य कमान ने कहा कि लगभग 350 अमेरिकी सैनिकी और वायु सेना के कर्मियों को इस बेस पर तैनात किया गया था। कई अमेरिकी अधिकारियों ने नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर बताया कि तीन सैनिक मारे गए और घायलों में भी अधिकतर सेना के जवान है। इस छोटे प्रतिष्ठान में अमेरिका के इंजीनियरिंग, विमानन एवं रसद विभाग के कर्मियों के अलावा सुरक्षा सैनिक तैनात थे। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा, ''अमेरिका अपने सैनिकों और अमेरिकी हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करेगा। ऑस्टिन ने कहा कि सैनिकों को आतंकी संगठन आईएसआईएस को स्थायी रूप से हराने के लिए वहां तैनात किया गया था।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# दिल्ली पुलिस के वजीराबाद PTS के मालखाने में आधी रात को लगी भीषण आग, 250 वाहन जलकर खाक

**दिल्ली पुलिस के वजीराबाद स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के मालखाना (यार्ड) में रविवार देर रात भीषण आग लगने से 250 के करीब वाहन जलकर खाक हो गए। हालांकि, इतनी गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।**



**नई दिल्ली.** दिल्ली के वजीराबाद में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के मालखाना (यार्ड) में रविवार देर रात भीषण आग लगने से करीब 250 वाहन जलकर खाक हो गए। हालांकि, इतनी गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की 6 गाड़ियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार, सोनिया विहार थाना क्षेत्र के वजीराबाद इलाके में स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के मालखाना में रविवार देर रात करीब 12:35 बजे भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से करीब 200 दोपहिया और 45 चार पहिया वाहन जलकर खाक हो गए। अग्निशमन की छह गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर तड़के 02ः30 बजे तक आग बुझा दी। आग की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हुए सभी वाहन बाहरी जिले की केस प्रॉपर्टी का हिस्सा हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

सोनिया विहार थाना पुलिस उचित धाराओं में मामला दर्ज कर आग लगे के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। वजीराबाद में स्थित यह मालखाना 500 वर्ग गज में फैला हुआ है। मालखाना वह स्थान है जहां जब्त किए गए वाहन रखे जाते हैं।

# अजमल खां पार्क में आज दी जाएगी विमला रानी मल्होत्रा को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रमुख समाजसेवी एवं करोना योद्धा चरणजीव मल्होत्रा की पूज्यनीय माता का आकस्मिक निधन 18 जनवरी 2024 को दिन गुरूवार को हो गया था। पूज्यनीय माता की आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धांजलि




सभा 30 जनवरी 2024 सायं 3से 4 बजे तक स्थान अजमल खॉं पार्क, लॉन नम्बर 2, ग्रोवर टेन्ट, करोलबाग, दिल्ली में श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया है। श्रद्धांजलि सभा में सभा प्रमुख समाजसेवी एवं करोना योद्धा चरणजीव मल्होत्रा की पूज्यनीय माता स्व. विमला रानी मल्होत्रा को आत्मा की शान्ति के लिए उपस्थित होंगे। हिंदू धर्म के अनुसार उसकी आत्मा की शांति के लिए तेरह दिनों तक अलग–अलग विधि–विधान के अनुसार पालन करेंगे ताकि स्व. माता विमला रानी मल्होत्रा की आत्मा की शान्ति मिले।

# यमुना एक्सप्रेसवे का सफर होगा और महंगा, टोल टैक्स दरें 5% तक बढ़ाने की तैयारी

**यमुना एक्सप्रेसवे का सफर और महंगा होने जा रहा है। यहां एक बार फिर टोल की दरें बढ़ाने की तैयारी है। आज होने वाली यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में टोल दरें 5 फीसदी तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा जाएगा।**

**ग्रेटर नोएडा.** यमुना एक्सप्रेसवे पर टोल टैक्स की दरें फिर से बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। आज होने वाली यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में टोल दरें 5 फीसदी तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा जाएगा। अगर प्रस्ताव पास होता है तो एक्सप्रेसवे पर सफर करने वालों को और अधिक टोल टैक्स देना पड़ेगा।

प्राधिकरण के चेयरमैन अनिल सागर की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में करीब 30 प्रस्ताव रखे जाने की उम्मीद है। बैठक में आवंटियों और किसानों को कई रियायत मिल सकती हैं। यमुना प्राधिकरण के सभागार में सोमवार को दोपहर 12 बजे से बोर्ड बैठक होगी। चेयरमैन अनिल सागर, सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह और बोर्ड के सभी सदस्य शिरकत करेंगे। इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर मुहर लगेगी।

बिल्डर-बायर्स विवाद को लेकर अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इससे करीब नौ हजार फ्लैट खरीदारों को उनका घर मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे पर टोल दरें बढ़ाने की तैयारी है। टोल दरों में दो से पांच प्रतिशत तक वृद्धि संभव है। ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे पर रोजाना 30 हजार



वाहनों का आवागमन होता है।

एक्सप्रेसवे प्रबंधन ने रखरखाव के लिए किए जाने वाले कामों में खर्च बढ़ने पर वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव पर मुहर लगी तो सफर करने वालों की जेब पर और बोझ बढ़ेगा। इसमें कई नीतिगत प्रस्ताव भी रखे जाएंगे। प्रदेश सरकार की सेमी कंडक्टर नीति बोर्ड के समक्ष रखी जाएगी। प्राधिकरण इसको अपनाएगा, ताकि उसी के अनुरूप इस दिशा में आगे बढ़ा जा सके।

**आवंटियों को और समय मिलेगा**

यमुना प्राधिकरण निर्माण के लिए टाइम एक्सटेंशन का प्रस्ताव रखेगा। प्राधिकरण के तमाम आवंटियों का समय पूरा हो गया है, लेकिन वह अभी तक निर्माण नहीं कर पाए हैं। इसमें आवासीय, औद्योगिक, व्यावसायिक, संस्थागत के आवंटी शामिल हैं। अब ऐसे आवंटियों को दो साल का और समय मिलेगा। 2009 में 21 हजार प्लॉटों की योजना निकाली गई थी। इसमें से सेक्टर-18 के करीब 1200 आवंटियों को प्लॉट पर कब्जा नहीं मिल पाया है। किसानों ने जमीन पर कब्जा नहीं दिया।

**रोलओवर नियम लागू करने का प्रस्ताव**

यमुना प्राधिकरण नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की भांति अपने यहां रोलओवर नियम लागू करने जा रहा है। प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग योजना निकाली थी। योजना में दो आवेदन आए थे। कम से कम तीन आवेदन आने पर ही आवंटन हो सकता है।

अब प्राधिकरण ग्रुप हाउसिंग में रोलओवर योजना को लागू करेगा। योजना में अगर मानकों के अनुरूप आवेदन नहीं आए तो दो बार रोलओवर करके आवंटन किया जा सकता है। इसके अलावा कई और प्रस्ताव रखे जाने की उम्मीद है।

# VIP मंच पर बैठने की जिद, बी प्राक का क्रेज और पुलिस की लापरवाही; कालकाजी मंदिर हादसे के पीछे कारण

**नई दिल्ली.** दिल्ली के प्रसिद्ध माता कालकाजी मंदिर में शनिवार रात जागरण के दौरान हृदय विदारक घटना हो गई। आयोजकों ने जागरण में आने वाले वीआईपी लोगों के लिए अलग से मंच बनाया था। इस पर बैठने और खुद को वीआईपी दिखाने के चलते लोग मंच पर चढ़ते जा रहे थे और कोई उन्हें रोकने वाला नहीं था। इसके चलते वीआईपी मंच पर भारी भीड़ जमा हो गई और वह भरभरा कर गिर गया। इस पूरे मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जागरण के समय वहां पुख्ता सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। पुलिस अधिकारी की मानें तो यहां आयोजन की अनुमति नहीं थी। भीड़ पर काबू पाने के इंतजाम की समीक्षा क्यों नहीं को गई इस पर सभी चुप हैं। हालांकि, पुलिस ने हादसे के बाद मामला दर्ज किया है। पिछले 26 साल से यहां जागरण का आयोजन हो रहा है, अगर पुलिसकर्मी मौके पर थे तो उन्होंने वरिष्ठ अफसरों को इसकी सूचना क्यों नहीं दी, यह भी बड़ा सवाल है। मौके पर मौजूद आरती ने बताया कि रात करीब 9 बजे वह बहन सविता के साथ जागरण देखने गई थी। वहां पर इतनी भीड़ थी कि पैर रखने की जगह भी नहीं थी। भीड़ के कारण लोग एक दूसरे से झगड़ा भी कर रहे थे। कोई उन्हें रोकने वाला भी नहीं था। इतने बड़े कार्यक्रम में पुलिस के पुख्ता इंतजाम भी नहीं थे। इसकी वजह से परिसर भरता जा रहा था। अचानक हुए हादसे के बाद भगदड़ मच गई। लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। इस दौरान कई लोग एक दूसरे के ऊपर भी गिरे। करीब 20-25 मिनट तक भगदड़ मचती रही। लोगों को काबू करने के लिए परिसर में कोई भी इंतजाम नहीं किए गए थे।

**केवल 20 मेहमानों के लिए बनाया गया था मंच**

कालकाजी मंदिर की घटना को लेकर महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत ने कहा कि मंच आयोजकों के परिवार के सदस्यों के बैठने के लिए बनाया गया था। उस पर 20-25 लोगों के ही बैठने की व्यवस्था थी। मगर सिंगर बी प्राक को देखने के लिए वहां एकदम से भारी भीड़ पहुंच गई। इस कारण यह हादसा हो गया।

महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत ने कहा कि हादसे के वक्त मैं वहां पर मौजूद नहीं था, लेकिन मुझे बेकाबू भीड़ के चलते हुई घटना की जानकारी दी गई। पहली बार कार्यक्रम के लिए इस तरह का मंच तैयार किया गया था। उन्होंने बताया कि बीते कई वर्षों से जागरण का आयोजन होता आ रहा है। हर साल गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में यहां जागरण का आयोजन होता है।

# जमीन के बदले नौकरी घोटाला... लालू यादव पूछताछ के लिए पटना में ED कार्यालय में हुए पेश, पूछताछ जारी

**पटना.** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को पटना में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।राजद सुप्रीमो के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी मौजूद थीं और वे सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजकर 5 मिनट पर ईडी कार्यालय पहुंचे।

# दिल्ली के मैदानगढ़ी में कमरे के अंदर अंगीठी जलाकर सोए परिवार में मां-बेटे की मौत; 3 की हालत नाजुक

**नई दिल्ली.** सर्दियों में अंगीठी जलाकर सोने से होने वाली मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला दक्षिणी दिल्ली के मैदानगढ़ी इलाके का है। रविवार को सर्दी से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सोये मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मैदानगढ़ी थाना पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने संबंधित धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिनेश अपने परिवार के साथ परिवार में



पत्नी अंजलि, बेटा 6 वर्षीय दिव्यांश, 4 वर्षीय बेटी देवांशी, बेटा 2 वर्षीय शंभु हैं। दिनेश फार्महाउस में माली का काम करता था और अंजलि हाउसवाइफ थी। दिनेश का परिवार पिछले दो साल से मैदानगढ़ी में किराये के मकान में ही रह रहा था। शनिवार रात को दिनेश ने हाथ सेंकने के लिए अंगीठी जलाई थी। रात को जब वह सोने के लिए गया तो अंगीठी को भी अपने साथ कमरे में ले गया। परिवार अंगीठी को कमरे में रखकर ही सो गया।

कमरे में अंगीठी से निकलने वाली गैस के लिए वेंटीलेशन की व्यवस्था नहीं होने के चलते कमरे में गैस बन गई और पूरा परिवार उसकी चपेट में आ गया। रविवार सुबह जब उनका एक जानकार घर आया तो उसने देखा कि परिवार बेसुध अपने कमरे में पड़ा हुआ था और कमरे में ऑक्सीजन की कमी थी। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई और परिवार के सभी सदस्यों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया।


**NAME CHANGE**
I, hitherto known as SOMIYA alias SALMA SULTAN D/o ATIQ AHMED residing at F-8, Pushpanjali Farm House, Dwarka Link Road, Bijwasan, South West Delhi, Delhi-110061 have changed my name and shall hereafter be known as SALMA SULTAN. I have changed my name only not my religion.

**NAME CHANGE**
I, HEMLATA wife of No-14673784H Rank-NK Name-VIMAL KUMAR KOMARE R/O VILL-NARRALGUDA, PO-GUDUM, TEH-DONDI, DISTT-BALOD, CHHATTISGARH-491228 have changed my name from HEMLATA to HEMLATA KOMARE for all future purposes vide affidavit dated 29/01/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I MONA D/o RAJ SINGH, Residing H.No. 461/24, Near State Bank Colony, Jagdish Colony, Rohtak - 124001 have changed my name from MONA to MONA HOODA for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I KARAN S/o ADARSH MALHOTRA, Residing H.No. 517/11, Chota Panna, Kalanaur, Rohtak - 124113 have changed my name from KARAN to KARAN MALHOTRA for all future purposes.

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारे ग्राहक श्रीमती शाहिदा आवासीय कॉलोनी शमशाद गार्डन, ग्राम पसौंडा, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, यूपी में स्थित खसरा नंबर 1891 में से 107 वर्ग गज के फ्रीहोल्ड आवासीय प्लॉट क्षेत्र की मालिक हैं। उपहार विलेख के आधार पर दिनांक 14.12.2022 को उप-रजिस्ट्रार-IV-जीजेडबी के साथ दस्तावेज़ संख्या 13248 के रूप में पंजीकृत, पुस्तक संख्या I, खंड संख्या 41781 में, पृष्ठ 279-302 पर, 14.12.2022 को पंजीकृत, अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और इसका वित्तपोषण पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा नेताजी सुभाष प्लेस दिल्ली द्वारा किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकारञ्स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at-09958871432

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I ASGAR ABBAS S/O SHAMIM RAZA RO H.NO-G-421, STREET 13/5, FRIEND PUBLIC SCHOOL, BHAGIRATHI, VIHAR, GOKAL PUR, NORTH EAST DELHI-110094 declare that name of mine and my father has been wrongly written as ASGAR ABBAS and SAMIM RAZA in my 10th class educational documents and as ASGHAR ABBAS and SHAMEEM RAZA in my Passport No. G0478278. The actual name of mine and my father are ASGAR ABBAS and SHAMIM RAZA respectively which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information 1, NITIKA D/O KRISHAN SHARMA EX. WIFE OF PIYUSH KUMAR AGGARWAL R/O H-30, SHATABDI ENCLAVE, BAROLA, SECTOR-49, NOIDA, GAUTAM BUDDHA NAGAR, UTTAR PRADESH-201301 declare that I got divorce from my husband vide court decree HMA No. 1091/21 dated 23.09.2021 Further I remarried with SATISH CHAND DEVSHALI on 05.01.2024 vide Marriage Certificate Sl. No. 67 at SRO Office, Sadar Third, District- Ghaziabad. Henceforth I have changed the name of my minor daughter LINAYA ALIAS LINAYA AGGARWAL aged 05 years and she shall hereafter be known as LINAYA DEVSHALI further I declare that name of the father of my minor daughter may be known as SATISH CHAND DEVSHALI in future for all purposes.

**PUBLIC NOTICE**
**To Whom so ever it may concern**
Mrs. Asha w/o Mahendra r/o House No. 283, Kaliya Mohalla, Amroli, Palwal, Haryana hereby declare that she is absolute owner of Property area measuring 338 sqyds part of Khewat/Khata No. 564/615 Mustakil No. 21 Killa No. 21/2(6- 10), Mustakil No. 24 Killa No. 18(7-13), Mustakil No. 52 Killa No. 7/2(1-10), 8(8- 0), 9(8-0), 12/2(2-10), 13(8-0), 14(8-0) situated at Kushak Tehsil and District Palwal, Haryana and Hereby Declare that Initially, Mr. Layak Ram was owner of said property through Jamabandi year 2008-2009. Thereafter, Unfortunately, Mr. Layak Ram died leaving behind Mr. Mahendra, Mrs. Santra, Mrs. Memwati and Mrs. Bhagwati as his legal heirs in respect to said property and No Litigation and Dispute Pending in respect to said property. if anybody having any objection kindly contact on-9993838094
**(Advocate Suparna)**
Office At : 305, 3RD Floor Aggarwal building pocket 3 Sector 12 Dwarka New Delhi 110075.

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक श्रीमती बिमला देवी पत्नी श्री त्रिलोक सिंह फ्रीहोल्ड आवासीय प्लॉट नंबर 87 की मालिक हैं, क्षेत्रफल 60 वर्ग गज, खसरा नंबर 635, प्राइम सिटी - 3, गांव - अच्छेजा, परगना और तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर में स्थित है। सद्गुण द्वारा, विक्रय विलेख दिनांक 22/03/2022 को एसआर दादरी के कार्यालय में दस्तावेज़ संख्या 9876, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 20346, पृष्ठ संख्या 61-80, दिनांक 22/03/2022 के रूप में विधिवत पंजीकृत किया गया। आज तक और अपना मूल विक्रय विलेख दिनांक 04/10/2019 को खो दिया है/गुम कर दिया है, जो एसआर दादरी के कार्यालय में दस्तावेज़ संख्या 19424, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 14104, पृष्ठ संख्या 97-122 के रूप में पंजीकृत है, इसे पक्ष में निष्पादित किया गया था श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री रंजन प्रसाद, अब हमारे ग्राहक घोषणा कर रहे हैं कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और जनशा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड शाखा कमरा नंबर 1004, 10वीं मंजिल, अरुणाचल बिल्डिंग द्वारा उसी संपत्ति का वित्त पोषण किया जाता है। , बाराखंभा, रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के अधिकार स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at-09958871432

**NAME CHANGE**
I, SURESH SINGH CHAUHAN father of No-14687536X Rank-CHM Name-ARVIND SINGH CHAUHAN R/O VILL-DUMARI KHAS, PO-SARDAR NAGAR, DIST-GORAKHPUR, UTTAR PRADESH-273202, have changed my name from SURESH SINGH CHAUHAN to SURESH CHAND for all future purposes vide affidavit dated 29/01/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, JC-440572X Rank- SUB/MAJ Name-M ARUMUGAM is legal father of A. ABHIRAMI @ VAISHNAVI residing at H. NO-100/5, INDIRA NAGAR, UCHAPATTI, MADURAI, TAMIL NADU-625008, have changed my minor daughter's name from A. ABHIRAMI @ VAISHNAVI to A VAISHNAVI for all future purposes vide affidavit dated 29/01/2024 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I Sweta Kumari d/o Uma Shankar Singh w/o Rohan Rastogi r/o flat number 101 first floor, Garg cottage, house number 60a, road number 1, Bhawani Kunj behind Vasant Kunj D2, Vasant Kunj New Delhi 110070 have changed my name to Shweta Rastogi for all future purposes

**NAME CHANGE**
I, PRIYADARSHINI MAHAPATRA wife of JC-773412W Rank-SUB Name-BIBHUTI BHUSAN MAHAPATRA presently residing at AT-CHITALPUR, PO-JENAPUR, TEH-DELANGA, DIST-PURI, ODISHA-752016 have changed my name from PRIYADARSHINI MAHAPATRA to PRIYADARSHINI TRIPATHY for all future purposes vide Affidavit Dated 29/01/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Arshee D/O Shabbir Ahmad residing at J-20/1,Abul Fazal Enlcave,Okhla New Delhi-110025 have changed my name to Arshee Shabbir Ahmed for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, ABDULLA SIDDIQUE S/O MOHAMMAD MANZARUL HASAN residing at D-21/7 GALI NO-3 WAHID MASJID SHASTRI PARK DELHI-110053 have changed my name to MOHD ABDULLAH for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, RIDA W/O WAQAR YUNUS residing at G-85/4 THOKAR NO-4 ABUL FAZAL ENCLAVE PART-1 JAMIA NAGAR OKHLA DELHI-110025 have changed my name to RIDA KHAN for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, KEHKASHA W/O MOHD ABDULLAH residing at D-21/7 GALI NO-3 WAHID MASJID SHASTRI PARK DELHI-110053 have changed my name to KAHKASHAN BEGUM for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, MD ABDULLAH S/O MOHAMMAD MANZARUL HASAN residing at D-21/7 GALI NO-3 WAHID MASJID SHASTRI PARK DELHI-110053 have changed my name to MOHD ABDULLAH for all future purpose.

**PUBLIC NOTICE**
I, hitherto known as POONAM ALIAS POONAM GUPTA D/O SH. VINOD W/O SH. LALIT GOYAL R/O 345/22, GALI NO. 2, NEAR MILTON FACTORY, ROOP NAGAR, SONIPAT, HARYANA-131001 have changed my name and shall hereafter be known as POONAM GUPTA.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as SHIV CHARAN S/o RATAN LAL residing at House No. -149, VPO, Qutabagarh, North West Delhi, Delhi - 110039 have changed my name and shall hereafter be known as SHIV CHARAN BANSAL.

**NAME CHANGE**
I, No-14653708P Rank-HAV Name-PANKAJ RAMESH AHIRE R/O VILL-NAVE NIRPUR, PO-TILWAN, TEH-SATANA, DIST-NASHIK, MAHARASHTRA-423301 have changed my minor daughter's name from RIYA to RIYA PANKAJ AHIRE for all future purposes vide affidavit dated 29/01/2024 before Notary Public, Delhi.

**Lost & found**
It is notified for the information that my original qualifying Examination Certificate and Marksheet of Main Secondary Examination, Senior Secondary examination of Year 2006-2008, and Roll No. 5206778 , issued by C.B.S.E Board and Graduation Marksheet and Degree issued by U.P Lucknow of year 2012 and Roll No.0833310083 has been actually lost. Name of Candidate: Vandana Jain Address Vill. 1/5907-A, Gali No.5, Kabool Nagar, Shahdara, Delhi-110032, Mob No.9650027962.

**NAME CHANGE**
I, ANUJE CHALNA DAVI ANNASO Mother of JC-776821P Rank-SUB, Name-ANUJE RAVINDRA ANNASO R/O AT- NARSOBAWADI, TEH-SHIROL, DISTT- KOLHAPUR, MAHARASHTRA-416104 have changed my name from ANUJE CHALNA DAVI ANNASO to CHALANADEVI ANNASO ANUJE for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1955 instead of my correct date of birth as 01/01/1959 vide affidavit dated 27/01/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Subhash S/O Arjun Dass R/o 274A, Chawla Colony Sonipat Haryana-131001, have change my name to Subhash Chawla for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I,Wakil Ahmed S/o Abdul Salam R/o E-244/F, Street No-23, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, Okhla, Delhi-110025 have changed my name to Wakil Ahmad.

**NAME CHANGE**
I, DIGAMBER S/O JAY DALAL residing at H NO 718 NANGLA ENCLAVE PART 1 ANNADE ASHRAM SECTOR 22 FARIDABAD HARYANA-121005 have changed my name to DIGAMBAR for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, SANGEETA Wife of JC-572069H Rank-SUB, Name-SIVRAJ SINGH presently residing at VPO-TAINTURA, TEH-GAIRSAIN, DIST-CHAMOLI GARHWAL, UTTARAKHAND-246486 have changed my name from SANGEETA to SANGEETA DEVI for all future purposes and in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 02/05/1981 instead of my correct date of birth as 20/10/1981 vide affidavit dated 29/01/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, APRAJEETA Singh D/O SRI SURAJ SINGH W/O Ajay Kumar Singh R/O D-183 Green House Apartment, Flat No.102, Street No.4, Near Krishna Dairy, Patel Garden Extn. Sector-15, Kakrola, South West Delhi, Delhi-110078 declare that the name of mine has been wrongly written as KUMARI APRAJITA SINGH in my 10th class education document. The actual name of mine is APRAJEETA SINGH.Respectively which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, MUSHARRAF s/o FIROZ KHAN residing at H NO-B-55, SANGAM PARK, RANA PRATAP BAGH, NORTH WEST DELHI, DELHI-110007 have changed my name to MUSHARAAF KHAN for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**
MY CLIENT, MRS. ANITA KUMARI W/O MR. MANBEER SINGH, R/O HOUSE NO. 261, VILLAGE NAGLA GUSAI, DISTRICT MEERUT, U.P. IS A REGISTERED OWNER OF RESIDENTIAL PLOT NO 6, ADMEASURING 60 SQ. YARDS, OUT OF KHASRA NO 321 SITUATED AT VILLAGE ACHHEJA PRAGANA & TEHSIL DADRI DISTT. GAUTAM BUDDH NAGAR (U.P). VIDE REGISTERED SALE DEED DATED 20.10.2023 REGISTERED IN THE OFFICE OF SR-DADRI AT VIDE BOOK NO. 01, VOLUME NO. 25098 ON PAGE 333/352 AT SR. NO. 44025 EXECUTED BY MRS. GEETA DEVI W/O LATE MR. KANHIYA LAL. BACK CHAIN I.E. SALE DEED DATED 25.04.2014 EXECUTED BY MR. MR. VIDYA RAM S/O MR. RAMCHANDER ACTING GPA HOLDER OF MR. KALU RAM S/O MR. RAMCHANDER IN FAVOR OF MRS. RENU W/O MR. PIYUSH TIWARI DULY REGISTERED IN THE OFFICE OF SR-DADRI AT VIDE BOOK NO. 01 VOL NO 6780 PAGE NO 295/308 DOCUMENT NO 8036 DATED 25.04.2014 IN RESPECT OF SAID PROPERTY HAS BEEN LOST AND, IN THIS REGARD, LR NO. 20240000057229 HAS BEEN FILED. ABOVE-MENTIONED PROPERTY IS GOING TO BE MORTGAGE WITH VASTU HOUSING FINANCE CORPORATION LTD. ANY PERSON/BANK/FINANCIAL INSTITUTION HAVING ANY CLAIM/RIGHT, LIEN ANY OBJECTION WHATSOEVER IN REGARD TO ABOVE PROPERTY, SHOULD NOTIFIED TO THE UNDERSIGNED/ADV. ADITYA VERMA, AT DDA SCO NO. 17, C-2 MARKET, YAMUNA VIHAR, DELHI-110053 ALONG WITH DOCUMENTARY EVIDENCE UNDER ADDRESS THROUGH REGISTERED A/D WITHIN 7 DAYS FROM THE DATE OF PUBLICATION OF THIS NOTICE FAILING WHICH ANY CLAIM, LIEN OR OBJECTION SHALL BE DEEMED TO HAVE BEEN WAIVED.
**ADITYA VERMA, ADV.**
DDA SCO No. 17, C-2 Market, Yamuna Vihar, Delhi-110053
MOBILE NO. 9999042521.

**NOTICE**
General Public is hereby informed that Smt. Ranju Devi W/o Sh. Sanjay is GPA holder of Residential Plot No.M-15 and M-16(Now M-15 &M-16-A) area measuring 31.50 sq. yds.out of Khasra No.9/12, village Sainik Nagar, Uttam Nagar, New Delhi,110059 vide Notarized GPA, ATS, & Will dated 29/11/2021 executed by Sh. Dharam Pal Anand S/o Sh. Sh. Sujan Singh in favour Smt. Ranju Devi, Initially Darshan Lal Sachdeva, Sunita, Praveen & Smt Anita were the owner of said property as per tehsil records, who executed GPA, ATS dated 11/09/2000 in favour of Sh. Chander Mohan Sachdeva in respect of Plot No.14,15,16, area measuring 250 sq. yds, who executed GPA, ATS dated 19/09/2000 in favour of Sh. Darshan Lal Sachdeva in respect of Plot No.16 & Portion of Plot No.15 area measuring 125 sq. yds., who executed, Regd. GPA Notarized ATS & Regd. Will dated 13/11/2002 in favour of Smt. Surjeet Singh Kaur W/o Sh. Joginder Singh (Doc No.44576) in respect of said property who executed GPA, ATS & Will dated 13/09/2006 in favour of Smt. Jyoti Sharma W/o Sh. Rajesh Sharma (Doc No.21906) in respect of said property, who executed Notarized GPA, ATS & Will dated 03/11/2015 in favour of Sh. Dharam Pal Anand S/o Sh. Sh. Sujan Singh in respect of said property, who executed Notarized GPA, ATS, & Will dated 29/11/2021 in favour Smt. Ranju Devi in respect of said property, who now intends to sell the said property to Intended Borrower who intends to mortgage said property for his bonafide requirements with Centrum Housing Finance Limited Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.
NEW DELHI
DATE: 29/1/2024
**PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE**
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

# बागवानी महाविद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस




**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय में 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। महाविद्यालय डीन ओर एमएचयू के अनुसंधान निदेशक प्रो. रमेश गोयल ने अंजनथली में झंडा पहराया। प्रो. रमेश गोयल ने कहा कि हमारा देश स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा है। यह एक युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड है। हमें अपने देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का सुनहरा अवसर मिला है। हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान, महत्वपूर्ण होगा। इसके लिए मैं सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों व छात्रों से संविधान में निहित हमारे मूल कर्तव्यों का पालन करने का अनुरोध करुंगा। ये कर्तव्य, आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में, प्रत्येक नागरिक के आवश्यक दायित्व हैं। इस संदर्भ में मुझे महात्मा गांधी का स्मरण होता है। बापू ने ठीक ही कहा था, जिसने केवल अधिकारों को चाहा है, ऐसी कोई भी प्रजा उन्नति नहीं कर सकी है। केवल वही प्रजा उन्नति कर सकी है जिसने कर्तव्य का धार्मिक रूप से पालन किया है। छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता ने कहा कि हमें अपने महापुरुषों के बताएं मार्ग पर चल कर देश की उन्नति में पूरा योगदान देना चाहिए। मौके पर वैज्ञानिक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

# धारूहेड़ा बस स्टैंड पर बना फ्लाईओवर जल्द ही जगमगाएगा एलईडी लाइटों से

## एनएचएआई विभाग ने पूरी कर ली सभी ऑपचारिक्ताए

**धारूहेड़ा,।** दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसा औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा मे बने फलाईओवर के निर्माण को सात साल बीतने के बाद भी स्थिति बदहाल बनी हुई है इसी बदहाली को देखते हुए गाँव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने दिसम्बर 2023 में प्रधानमंत्री, केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव सहित सम्बन्धित अधिकारियों को पत्र भेज धारूहेड़ा फलाईओवर की बदहाल स्थिति से अवगत करा समाधान की अपील की गई है।

वही प्रकाश यादव की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए फलाईओवर के आसपास खड़े अवांछित पेड़ पौधों व झुंडों को एनएचएआई के द्वारा हटवा दिया गया है और एनएचएआई के अधिकारियों ने प्रकाश यादव को फ़ोन कर बताया कि जल्द ही धारूहेड़ा फलाईओवर पर लाइटे लगा दी जाएगी जिसको लेकर ऑथोरिटी द्वारा सभी औपचारिकता पूरी कर ली गई है। प्रकाश यादव ने बताया कि धारूहेड़ा फलाईओवर पर लाईटो के लिए वर्षो से केवल पोल ही खड़े है उनपर लाइटे नही लगने से बड़ी इस हाइवे से रात के समय गुजरने वाले वाहन चालकों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। एनएचएआई लगायेगा एलईडी लाईट-प्रकाश यादव ने बताया कि इस फ्लाईवेर पर पहले सोडियम की लाइटे लगाए जाने को लेकर मंजूरी दी गई थी, लेकिन ये सोडियम वाली लाइटे देर से जलने के साथ ही बहुत अधिक बिजली खपत करती है वही अब वर्तमान मे एलईडी लाइटो का चलन है जो बिजली की बचत के साथ ही रोशनी भी ज्यादा देती है। दिसम्बर महीने में लिखे अपने पत्र मे प्रकाश यादव ने लिख बताया था कि दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसा औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा एक उन्नत व विकसित कस्बे के रूप में अपनी पहचाना बना चुका है यह पर औद्योगिक इकाइयों के साथ ही रियल एस्टेट व शिक्षा को लेकर काफी संभावना बनी हुई है लेकिन धारूहेड़ा कस्बे मे आनेजाने वाले लोगो को राष्ट्रीय राजमार्ग से कनेक्टिविटी को लेकर कई परेशानियों से रूबरू होना पड़ता है, धारूहेडा क्षेत्र चारों तरफ से औद्योगिक ईकाईयों से घिरा हुआ है एंव भविष्य में धारूहेडा क्षेत्र में औद्योगिक ईकाईयों की बढोतरी होनी है किन्तु धारूहेड़ा कस्बा में प्रवेश व निकास के लिए




जो भी रास्ते छोड़े हुए हैं उनकी चौड़ाई काफी कम है, जिस कारण भारी वाहन इत्यादि जब भी शहर में प्रवेश करते है या शहर से बाहर निकलते है तो जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है,कई बार तो एम्बुलेंस एंव अन्य आवश्यक सेवाओं से सम्बन्धित वाहन भी जाम में फंस जाते है। जिस कारण काफी मरीजों की जाने भी जा चुकी है। इसके अलावा यह भी उल्लेखनीय है कि धारूहेडा क्षेत्र राजस्थान की सीमा के साथ लगता हुआ है, जिसमें भिवाडी व खुशखेडा औद्योगिक क्षेत्र साथ लगता है । जिसमें हजारों की संख्या में औद्योगिक ईकाईया स्थापित है । इन औद्योगिक क्षेत्र के ज्यादातर वाहन धारूहेडा शहरी क्षेत्र से होकर निकलते हैं । जिस कारण आमतौर पर प्रतिदिन धारूहेड़ा शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है । जिस कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 का जो फ्लाईऑवर है , उसके साथ लगते दोनों तरफ 150-150 मीटर जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण विभाग द्वारा लगभग वर्ष 2011 में अवार्ड हुआ था एंव वर्ष 2014 में अधिग्रहण की गई थी एंव विभाग द्वारा अधिग्रहण भूमि का मुआवजा भी दिया जा चुका हैं किन्तु अभी तक इस सम्बन्ध में कोई आगामी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। वही दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी की अनदेखी व लापरवाही वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का कारण बनी हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 जो दिल्ली से जयपुर व मुम्बई तक प्रतिदिन लाखो वाहनों के आवागमन हेतु इस्तेमाल किया जाता है लेकिन इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर बहुत ही असुविधाओं व बगैर रखरखाव के कारण इसकी बदहाली से वाहन चालकों को रूबरू होना पड़ता है, दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लाईओवर को बने लगभग 7 वर्ष पूरे हो चुके होने के बावजूद अभी तक केवल पोल ही खड़े दिखाई देते है उनपर वर्षो से लाइटे नही लगाई गई,जिसको देखते हुए नेशनल हाइवे ऑथोरिटी को कई बार बार पत्र भेज फ्लाईओवर पर लाइटे लगवाने का अनुरोध किया जाता रहा है,लेकिन आज तक फ्लाइओवर पर बगैर बल्ब व लाईट के लगे पोल अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रहे है,इस फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहनों को रात के समय बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है

# अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में बीमा महत्वपूर्ण : आनंद



**करनाल।** भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से विकसित हो रही है, लेकिन इसके साथ ही जोखिम और अनिश्चितताएं भी बढ़ रही हैं। आज की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में, अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में बीमा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह विचार बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस में, नेशनल हेड- जियो अमितेश आनंद ने लोगों को बीमा के प्रति जागरूक करते हुए रखें। इस दौरान बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने मुगल कैनाल करनाल में अपने नए ऑफिस के उद्घाटन की घोषणा की है। अपनी विशेषज्ञता के साथ, बजाज आलियांज़ का उद्देश्य है करनाल की जनता को अपने नए उत्पाद और समाधान प्रदान करना है। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस, अपने कुशल और विशाल डिस्ट्रीब्यूशन चैनलों के माध्यम से, अपने उत्पाद और संबंधित सेवाओं को देश के प्रत्येक हिस्से तक पहुंचने और समाज कल्याण के प्रति अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# महावीर भारद्वाज को मिला इंटरनेशनल एजुकेशन अवार्ड

**गुरुग्राम।** हरियाणा के जाने-माने शिक्षाविद एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री महावीर भारद्वाज को दिल्ली में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन में International education award से नवाजा गया है। यह प्रवासी भारतीयों की एक संस्था एनआरआई वेलफेयर सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय अवार्ड समारोह में विश्व के अनेक देशों में रह रहे उन भारतीयों को अवार्ड देकर सम्मानित किया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान दिया है। इस अवसर पर भारत में रहकर शिक्षा के क्षेत्र में अपने अभूतपूर्व योगदान के कारण श्री महावीर भारद्वाज को भी अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड के लिए चुना गया। शिक्षा के क्षेत्र में गुरुग्राम हरियाणा के रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार विवेक शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी संगठन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष महावीर भारद्वाज को इंटरनेशनल एजुकेशन अवार्ड दिया गया। श्री भारद्वाज को अवार्ड प्रदान करने वालों में उक्त संस्था के अध्यक्ष पदम श्री डॉ यूके




शाह,महासचिव श्री गुरिंदर सिंह तथा संयोजक डॉ दीपक सिंह के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ रघुराज सिंह तथा असम के पूर्व न्यायाधीश भी उपस्थित रहे। गौर तलब है कि इंटरनेशनल एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित होने वाले महेंद्रगढ़ के मूल निवासी श्री महावीर भारद्वाज को इससे पहले पांच बार अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड दिए जा चुके हैं। जिन में प्रमुख रूप से प्राइड ऑफ़ इंडिया अवार्ड, ज्वेल ऑफ़ इंडिया अवार्ड,जन सेवा सद्भावना अवार्ड, विद्या सरस्वती पुरस्कार तथा इंदिरा गांधी एक्सीलेंस अवार्ड शामिल है। पूर्व में दिए गए अवार्ड उच्च कोटि की पत्रकारिता एवं शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के कारण प्रदान किए गए थे।

# गुरुग्राम वार्ड 36 में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर

**गुरुग्राम** वार्ड 36 में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर दिनेश वशिष्ठ एक्स प्रेजिडेंट आरडब्ल्यूए सेक्टर 3,5×6 ने बताया की समाजसेवी भगत सिंह कटारिया द्वारा गुरुग्राम गांव ने वार्ड नम्बर 36 वासियों के लिए मेदांता गुरुग्राम एवं लायंस क्लब दिल्ली दर्पण के सहयोग से दिनांक 27 जनवरी 2024 को एक निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मेदांता हॉस्पिटल से आई विशेषज्ञों की टीम द्वारा कार्डियोलॉजी, रेस्पिरेटरी, आंखों एवं दांतों के मरीजों को मुफ्त सलाह प्रदान की गई तथा ईसीजी,बीपी, रैंडम ब्लड शुगर , बीएमडी की जांच भी निशुल्क की गई। इस स्वास्थ्य शिविर का वार्ड 36 के लोगों ने भरपूर स्वास्थ्य लाभ का फायदा उठाया तथा रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी कतार देखी गई तथा लगभग 170 लोगों ने अपनी अलग अलग जाँच करवाई जो की सभी फ्री थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान अजीत कटारिया पूर्व अध्यक्ष बाल एवं श्रम कल्याण विभाग हरियाणा ने भगत सिंह कटारिया को



इस शिविर के आयोजन के लिए धन्यवाद किया।श्री अजीत कटारिया जी का आज जन्मदिन भी था इस उपलक्ष में भगत सिंह कटारिया द्वारा केक मंगवा कर उनसे केक भी कटवाया गया।अजीत कटारिया ने भगत कटारिया के सामाजिक कार्यों की सराहना की और बताया की भगत कटारिया समय समय पर फ्री स्वास्थ्य कैम्प लगाते रहते हैं और उन्होंने आए सभी लोगों से अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहने की सलाह दी और धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी

# सनातन धर्म मंदिर रामनगर में मची राम नाम की धूम



**करनाल।** अयोध्या में रामलला के विराजे जाने की खुशी में सनातन धर्म मंदिर रामनगर में जश्न का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने धूमधाम से राम लला के आने का स्वागत किया और आतिशबाजी कर राम नाम के जयकारे लगाएं। आर्य समाज स्त्री विंग की ओर से भी हवन यज्ञ कर रामलला के आने का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। इसके बाद ओम नमः शिवाय परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरुआत हुई। कलाकारों ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई। राम नाम की माला से वीर बजरंगी को भी रिझाया। भजनों के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। शिव भक्त नरेश छाबडा, अनिल, सतीश शर्मा, शंटी सचदेवा, रोहित ग्रोवर, कपिल ढल, अशोक दुआ व इंद्रजीत शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

# बेह्तर सुविधा युक्त अनाजमंडी व आटो मार्केट बनवाने के करूंगा प्रयासः नवीन गोयल

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने रविवार को शिवजी पार्क गली नंबर-18 में जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों की तरफ से सुविधाओं के लिए रखी गई मांगों को पूरा कराने के लिए भरसक प्रयास करने की बात कही।

इस अवसर पर उदित भारद्वाज, नवीन यादव, देवप्रकाश यादव, दिनेश प्रधान, बबली यादव, महेश यादव, संजय यादव, प्रताप सिंह, गोल्डी, रामरति देवी, नाला देवी, मुन्नी देवी, जयपाल चौहान, अशोक, श्रीभगवान व अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे। नवीन गोयल ने कहा कि शिवजी पार्क क्षेत्र में एक तरफ तो खांडसा मंडी है, दूसरी तरफ बसई रोड लगता है। इन स्थानों पर आमजन को काफी काम रहता है। उन्होंने कहा कि शहर में मंडी और ऑटो मार्केट बेहतर होना बहुत जरूरी होती है। यहां दिनभर हजारों लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में लोगों के लिए वहां सुविधाएं भी होनी चाहिए। नवीन गोयल ने कहा कि ऑटो मार्केट एक स्थान पर होना इसलिए जरूरी है कि पूरे शहर में अलग-अलग स्थानों पर मैकेनिक बैठे हैं। वे कई



तरह की परेशानियां झेलते हुए अपना काम करते हैं। एक ही जगह पर पूरी मार्केट होगी तो दुकानदारों व ग्राहकों दोनों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि चाइना मॉडल हम यहां पर लागू करके भव्य सुविधाएं दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। कुछ माह पूर्व बसई रोड ऑटो मार्केट पर पड़ी रहने वाली गंदगी को साफ करवाकर नवीन गोयल ने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छता का तोहफा दिया।

नवीन गोयल ने अनाजमंडी को लेकर कहा कि यहां पर सुविधाओं को बढ़ाने के लिए उन्होंने पहले भी प्रयास किए हैं। मुख्य प्रशासन से मुकेश कुमार आहुजा से मुलाकात करके उन्होंने अनाजमंडी में गेट लगवाने का काम किया। यहां पर शरारती तत्वों का जमावड़ा रहता था, उन्हें यहां से पुलिस की मदद से हटाया गया। नवीन गोयल ने कहा कि भविष्य में यहां पर और भी सुविधाएं बढ़ें, इस पर भी वे काम कर रहे हैं। अधिकारियों तक यहां की कमियों को पहुंचारया जा रहा है। पर्यावरण विषय पर नवीन गोयल ने कहा कि वायु प्रदूषण, गरीब कचरे का प्रबंधन, बढ़ रही पानी की कमी, गिरते भूजल टेबल, जल प्रदूषण, संरक्षण पर्यावरण मुद्दों में हमारे देश की प्रमुख समस्या है। पर्यावरण वह प्राकृतिक संसार है, जिसमें हम रहते हैं। यह जीवन के लिए संसाधन और जीविका प्रदान करता है। इसमें वायु, जल, भूमि और सभी जीवित प्राणी शामिल हैं उन्होंने यहां पर्यावरण संरक्षण व साफ-सफाई रखने के प्रति जागरुक किया। गुरुग्राम की तरक्की के लिए अपना विजन सांझा किया। नवीन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान की परिकल्पना को साकार करने में हम प्रयासरत हैं। हमारा गुरुग्राम स्वच्छता में टॉप 10 शहरों में आए, इस लक्ष्य को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं।

# जेसी अनुज बंसल बने जेसीआई करनाल के प्रधान

**करनाल, आशुतोष गौतम।** जेसीआई करनाल द्वारा नूर महल में विश्वास 45 वां शपथ ग्रहण समारोह का आयोजित किया गया। जिसमे जेसी अनुज बंसल को वर्ष 2024 के लिए प्रधान पद के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन जेसी प्रतिमा जिंदल एवं जेसी संदीप अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास अहलावत एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर दिल्ली राज्य सिविल सप्लाई, करनाल की महापौर श्रीमती रेनू बाला गुप्ता, गेस्ट ऑफ़ ऑनर डॉ संजय वर्मा ब्लड अफसर, इंस्टालेशन ऑफिसर जोन प्रेजिडेंट जेसी जतिन सिंगला, इंडक्शन ऑफिसर जेसी मनीष सिंगला रहे। मुख्य अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। वर्ष 2023 के प्रधान कमल गर्ग ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट पेश की एवं नयी टीम को बधाई दी। अनुज बंसल ने अपनी पत्नी रुचि बंसल के साथ शपथ ली एवं नए पद की जिम्मेदारी ग्रहण की।अनुज



बंसल ने बताया की संस्था हमेशा से समाज में अच्छे एवं सामाजिक कार्य के लिए पहचानी जाती है। आज अपनी नयी कार्यकारिणी में जेसी सीए रोहित गर्ग सचिव, गौरव गुप्ता कैशियर पद की जिम्मेदारी दी गयी। सरस्वती विद्या सदन के बच्चों द्वारा मनमोहक गणेश वंदना प्रस्तुत की गयी। विकास अहलावत , रेनू बाला गुप्ता एवं डॉ संजय वर्मा ने जे सी आई करनाल की नये प्रधान बनने पर अनुज बंसल एवं उनकी टीम को बधाई दी। इस मौके पर अधिवक्ता नरेश गुप्ता, राजीव गोयल, जय प्रकाश गोयल ,बॉबी गोयल, रोमी सिंगला, प्रधान निसिंग नगर पालिका, समीर जिंदल, विशाल जिंदल , रोबिन गर्ग,अमीश गोयल ,राज कुमार तायल, कुलभूषण गोयल, टोनी वीरेन गर्ग, मुनीश बंसल , दिनेश गुप्ता एवं एल सी चौहान आदि उपस्थिति थे।

# कांग्रेस ने शुरू की लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने बताया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों का चयन शीघ्र किया जाना है। इसलिए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा इन लोकसभा चुनाव के लिए आवेदन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। आवेदन फॉर्म पार्टी कार्यालय में 30 जनवरी 2024 से उपलब्ध रहेंगे। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2024 सुनिश्चित की गई है। चौधरी उदयभान ने कहा कि प्रदेश के समस्त 10 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के इच्छुक पार्टीजन 7 फरवरी



2024 को सायं 5ः00 बजे तक अपना आवेदन पत्र प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जमा करवा सकते हैं ताकि प्रत्याशियों का चयन अविलंब किया जा सके। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया का कहना है कि पिछले 10 वर्षों के भाजपा सरकार के कुशासन में एक तरफ़ जहाँ कमरतोड़ महंगाई व बेतहाशा बेरोजगारी का मंजर है, वहीं दूसरी ओर दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और गरीबों के साथ निरंतर भेदभाव व अत्याचार किया जा रहा है। इसके साथ किसानों से धोखा, महिलाओं के खिलाफ अपराध तथा कामगारों का शोषण चरम पर है।चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं का विश्वास बनाऐ रखना तभी संभव है, जब पूरे देश में मतदान के समय मतदाताओं के हाथ में अनिवार्य रूप से वीवीपैट की मतदान पर्ची दी जाए। जिसे वो मतदान पेटी में डालें। उनकी गणना के आधार पर ही नतीजे घोषित किए जाएं।

# पेंशन के रुपए देने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाली चार महिला सहित आठ आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की थाना साइबर की टीम के हाथों एसपी शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में बढ़ी कामयाबी लगी है। थाना साइबर की टीम द्वारा प्रबंधक थाना निरीक्षक श्री राजीव मिगलानी के नेतृत्व में और एएसआई मुकेश कुमार की अध्यक्षता में 22 जनवरी को ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन आरोपी हेमंत पुत्र राजपाल वासी सेक्टर 87, नोएडा उत्तरप्रदेश, प्रवीण कुमार पुत्र यशपाल वासी छोटी उकावली अलीगढ़ उत्तरप्रदेश और शशिभूषण तिवारी पुत्र हेमंत तिवारी वासी हाजीपुर सेक्टर 104, गौतमबुद्ध नगर उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया था। जोकि आरोपी शशिभूषण को न्यायालय मे पेश कर ज्यूडिशियल भेजा गया और आरोपी हेमंत और प्रवीण को रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी हेमंत की निशानदेही पर उससे पांच हजार नगद रुपए और सिम सहित एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी हेमंत और प्रवीण ने बताया कि वे अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर पिछले दो साल से




ऑनलाइन ठगी का यह काम कर रहे है। जिसमें वे अब तक देश के अलग-अलग हिस्सों से करीब 80 व्यक्तियों को अपना शिकार बना चुके है। सभी आरोपी एक टीम के तौर पर मिलकर यह काम करते है। दोनों आरोपियों को न्यायालय मे पेश कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया था। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर ही उनके अन्य पांच सह आरोपी मिनाक्षी पुत्री नितीश, स्वाती पत्नी नितीश, प्रिया पुत्री मनोज, तरुण पुत्र उदयवीर और ज्योति पुत्री विनोद वासियान खिचड़ीपुर एरिया थाना कल्याणपुरी दिल्ली को खिचड़ीपुर से इनके ऑफिस से गिरफ्तार किया गया। सभी पांच आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया कि वे पिछले कुछ समय से प्रतिदिन अलग-अलग व्यक्तियों पर कॉल करके उनको अपना शिकार बनाते है। सभी आरोपियों को पेश न्यायालय कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

इस मामले में शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार वासी वजीर चंद कॉलोनी करनाल ने शिकायत दी थी कि वह सन 2010 में सिविल सर्जन के पद से रिटायर हुआ था और तक्क्न के पैसे उसे मिल गए थे लेकिन उसे उसके नौकरी के दौरान त्द्धक्क ग्रुप बीमा स्कीम के तहत कटे हुए रुपए नहीं मिले थे। जोकि 30 दिसंबर 2023 को उसके पास नई दिल्ली श्वक्क्न ऑफिस के नाम से फोन आया और बोले की आपका त्द्धक्क स्कीम का पैसा आपके खाते में भेजा जाएगा जिसके लिए आपको रिफंडेबल सिक्योरिटी के रूप में कुछ पैसे जमा कराने पड़ेंगे जोकि बाद में रिफंड हो जाएंगे। इसके बाद शिकायतकर्ता ने आरोपियों के बिछाए हुए जाल में फसते हुए उनके कहने पर अलग-

**PUBLIC NOTICE**

I hitherto known as ARYAN S/o KIRTI KUMAR, R/o Seka(192), Mahendragarh, Haryana-123001, have changed my name and shall hereafter be known as ARYAN KUMAR.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, PARDEEP S/o LABH SINGH R/o 442, Halalpur(235), Sonipat, Haryana - 131103 declare that name of my wife has been wrongly written as LATA DEVI in my minor Son namely MAYANK aged 17 years in his 10th Class Educational Documents. The actual name of my wife is LATA respectively, which may be amended accordingly.

# सोने-चांदी की कीमतों में तेजी, चेक करें आज के रेट्स

**बिजनेस डेस्क.** सप्ताह के पहले दिन सोमवार को (29 जनवरी) सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। दोनों के वायदा भाव आज तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 62 हजार रुपए के ऊपर, जबकि चांदी के वायदा भाव 72 हजार रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में भी तेजी देखी जा रही है।

**सोने के भाव**

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट आज 157 रुपए की तेजी के साथ 62,263 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 158 रुपए की तेजी के साथ 62,264 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था।

इस समय इसने 62,309 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 62,255 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल दिसंबर महीने में सोने के वायदा भाव ने 64,063 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था।

**चांदी भी चमकी**

MCX पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट आज 81 रुपए की तेजी के साथ 71,854 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 227 रुपए की तेजी के साथ 72,000 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 72,010 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 71,853 रुपए प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल दिसंबर महीने में चांदी के वायदा भाव 78,549 रुपए किलो के भाव पर पहुंच गए थे।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के भाव**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। Comex पर सोना 2,040.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,017.30 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 5.90 डॉलर की तेजी के साथ 2,023.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

Comex पर चांदी के वायदा भाव 22.92 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 22.87 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.12 डॉलर की तेजी के साथ 22.99 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# राज्यों का राजस्व नवंबर तक 5% बढ़ा, पिछले साल की तुलना में लिया 37% अधिक कर्ज




**मुंबई.** देश के 16 सबसे बड़े राज्यों की कुल राजस्व प्राप्तियां अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान पांच प्रतिशत की दर से बढ़ीं। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि 17.4 प्रतिशत रहने का बजट अनुमान है। इक्रा रेटिंग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान राजस्व वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 80 प्रतिशत घट गई। राज्यों ने चालू वित्त वर्ष में नवंबर, 2023 तक सालाना आधार पर 37 प्रतिशत अधिक कर्ज लिया है।

राजस्व प्राप्ति उम्मीद से कम रहने के चलते उन्हें अपने ऋण, वेतन तथा पेंशन का भुगतान करने के लिए चालू वित्त वर्ष में भारी उधार लेना होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि राजस्व में कमी बिक्री कर में गिरावट, राज्य माल एवं सेवा कर संग्रह (एसजीएसटी), उत्पाद शुल्क और स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क से कम प्राप्तियों के चलते हुई। रिपोर्ट में कहा गया कि केंद्रीय अनुदानों में कमी के चलते भी राज्यों की स्थिति तंग हुई है। इक्रा ने कहा कि चौथी तिमाही में राजस्व संग्रह बेहतर होने का अनुमान है लेकिन यह वृद्धि कमी को पूरी तरह से दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी।

# फरवरी में होने वाले हैं बड़े बदलाव, एनपीएस, IMPS, फास्टैग से संबंधित नई खबर क्या है

**नई दिल्ली.** अगले माह यानी एक फरवरी, 2024 को केंद्र सरकार का बजट पेश होगा। इसके साथ ही वित्तीय लेनदेन से जुड़े कई नियमों में कुछ बदलाव होने जा रहे हैं। इसमें एनपीएस खाते से निकासी, आईएमपीएस के नए नियम, फास्टैग के अलावा कई नियमों में बदलाव होंगे।

**सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की चौथी किस्त में निवेश कर सकेंगे:**

भारतीय रिजर्व बैंक फरवरी माह में वित्त वर्ष 2023-24 सीरीज के तहत स्वर्ण बॉन्ड (एसजीबी) की अंतिम किस्त जारी करेगा। इसकी बिक्री 12 से 16 फरवरी के बीच की जाएगी। इसका खरीद मूल्य बिक्री वाले दिन तय होगा। स्वर्ण बॉन्ड में ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से निवेश की सुविधा है। अगर कोई व्यक्ति ऑफलाइन निवेश करना चाहता है तो उसे नामित बैंक शाखाओं में जाकर फार्म भरना होगा और सभी औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। इससे पहले आरबीआई ने तीसरी किस्त 18 से 22 दिसंबर के बीच जारी की थी।




फरवरी में कई नियमों में कुछ बदलाव होने जा रहे हैं। इसमें एनपीएस (हक्क) खाते से निकासी, आईएमपीएस के नए नियम, फास्टैग के अलावा कई नियमों में बदलाव होंगे।

**एनपीएस खाते से 25 फीसदी ही रकम निकाल सकेंगे**

पेंशन नियामक पीएफआरडीए ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से निकासी के नियम में बदलाव की घोषणा की गई है। नया नियम एक फरवरी से लागू होगा। इसके अनुसार, एनपीएस सदस्यों को पेंशन खाते से 25 फीसदी से अधिक राशि निकालने की अनुमति नहीं होगी। खाताधारक अपने व्यक्तिगत पेंशन खाते में से ही राशि निकाल सकेगा। नियोक्ता के योगदान से निकासी की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही खाते से अधिकतम तीन बार ही पैसा निकाला जा सकेगा। पैसा प्राप्त करने के लिए सदस्यों को अपने बैंक खाते का तत्काल सत्यापन करना होगा।

**पांच लाख रुपये तक भेजने की अनुमति:** एक फरवरी से तत्काल भुगतान सेवा (IMPS) के जरिए बिना किसी लाभार्थी को जोड़े बैंक खाते में पांच लाख रुपये तक भेजने की अनुमति होगी। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI ने बैंक खाते से लेनदेन को तेज और अधिक सटीक बनाने के लिए IMPS को सुव्यवस्थित किया है। एनपीसीआई के अनुसार, केवल प्राप्तकर्ता या लाभार्थी का सेलफोन नंबर और बैंक खाता नाम दर्ज करके पैसे भेजे जा सकते हैं

**बिना केवाईसी वाले फास्टैग निष्क्रिय हो जाएंगे:** केंद्र सरकार ने निजी व व्यवसायिक वाहनों में लगे समस्त फास्टैग का 31 जनवरी तक केवाईसी (अपने ग्राहक को जानिए) कराने का निर्णय लिया है। इसकी अनदेखी करने पर वाहनों में लगे फास्टैग एक फरवरी से निष्क्रिय (ब्लैक लिस्ट) कर दिए जाएंगे, भले ही इनमें पर्याप्त बैलेंस हो। ऐसी स्थिति में नियमत~ वाहन चालक को जुर्माने के तौर पर टोल प्लाजा पर दो गुना टोल टैक्स का नगद भुगतान अदा करना होगा। क्योंकि, बिना फास्टैग के वाहन से दो गुना टोल वसूलने का नियम है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक वाहन, एक फास्टैग फार्मुले के तहत वाहनों में लगे सभी फास्टैग का केवाईसी कराने का फैसला किया है।

**टाटा मोटर्स एक फरवरी से वाहनों के दाम बढ़ाएगी:** टाटा मोटर्स ने अगले महीने से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सहित अपने सभी यात्री वाहनों की कीमतों में औसतन 0.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह मूल्यवृद्धि एक फरवरी, 2024 से प्रभावी होगी। उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की आंशिक भरपाई के लिए कंपनी यह कदम उठा रही है। कंपनी पंच, नेक्सॉन और हैरियर सहित कई यात्री वाहन बेचती है।

# खुलते ही IPO पर टूट पड़े निवेशक, पहले दिन होगा पैसा डबल! दांव लगाने का है अभी मौका

**नई दिल्ली.** Fonebox Retail का आईपीओ ओपन हो चुका है। पहले दिन ही निवेशकों की तरफ से आईपीओ को तगड़ा रिस्पॉस मिला है। अच्छी बात यह है कि यह आईपीओ अभी आज और कल भी ओपन रहेगा। कंपनी ग्रे मार्केट में शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसी वजह से कंपनी निवेशकों का ध्यान अपनी ओर लाने में सफल रही है। बता दें, आईपीओ का प्राइस बैंड 60 रुपये प्रति शेयर से 70 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

**एक लॉट में 2000 शेयर**

इस आईपीओ के एक लॉट में 2000 शेयर रखे गए हैं। जिस वजह से निवेशकों को कम से कम 1,40,000 रुपये का दांव लगाना पड़ेगा। एक रिटेल निवेशक अधिक से अधिक 1 ही लॉट पर दांव लगा सकता है। बता दें, Fonebox Retail आईपीओ 25 जनवरी को ओपन हुआ था। यह 30 जनवरी तक खुला रहेगा। वहीं, शेयरों का अलॉटमेंट कंपनी की तरफ से 31 जनवरी को किया जा सकता है।




Fonebox Retail ltd का आईपीओ (IPO News Updates) ओपन हो चुका है। पहले दिन ही निवेशकों की तरफ से आईपीओ को तगड़ा रिस्पॉस मिला है। अच्छी बात यह है कि यह आईपीओ अभी आज और कल भी ओपन रहेगा।

**ग्रे मार्केट में जलवा (Fonebox Retail GMP Today)**

इन्वेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी 120 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रही है। जोकि इश्यू प्राइस से भी अधिक है। अगर यही हाल लिस्टिंग तक रहा तो कंपनी शेयर बाजार में 190 रुपये पर लिस्ट हो सकती है। और जिससे निवेशकों को पहले दिन ही 171.43 प्रतिशत का फायदा हो सकता है।

Fonebox Retail के आईपीओ का साइज 20.37 करोड़ रुपये का है। जिस वजह से निवेशकों को 29.1 लाख फ्रेश शेयर जारी किए जाएंगे। यह शेयर पूरी तरफ से फ्रेश इश्यू पर आधारित होंगे।

**पहले दिन 14 गुना सब्सक्रिप्शन**

आईपीओ के ओपनिंग डे पर यानी 25 जनवरी को 14.88 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। रिटेल कैटगरी में यह आईपीओ 59.60 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटगरी में 0.01 गुना और नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में 4.27 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था।

# शेयर मार्केट में रौनक, सेंसेक्स ने लगाई 731 अंकों की छलांग, निफ्टी का दोहरा शतक




**नई दिल्ली.** सेंसेक्स अब 731 अंकों की छलांग लगाकर 71432 के स्तर पहुंच गया है। जबकि, निफ्टी 224 अंकों की उड़ान के साथ 21576 के स्तर पर है। बता दें गिफ्ट निफ्टी के ट्रेंड्स भी सेंसेक्स-निफ्टी के लिए सकारात्मक शुरुआत का संकेत दे रहा था।

गिफ्ट निफ्टी निफ्टी फ्यूचर्स पिछले बंद 21,510 की तुलना में 21,649 के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा था। इस महीने के आखिरी सप्ताह के पहले दिन यानी सोमवार को अडानी पावर, टाटा टेक्नॉलजीज, एसबीआई कार्ड, वेदांता जैसे स्टॉक्स फोकस में हैं।

अडानी ग्रुप के शेयरों में अडान पोर्टस और अडानी एंटरप्राइजेज निफ्टी टॉप गेनर में हैं। आज कमाल करने वाले छोटे शेयरों की बात करें तो इंफीबीम एवेन्यूज करीब 19 फीसद की छलांग लगाकर 52 हफ्ते के हाई पर है। आईआबी इंफ्रा करीब 14 फीसद ऊपर ट्रेड कर रहा है।

शेयर मार्केट की शुरुआत आज अच्छी रही। सेंसेक्स 267 अंक ऊपर 70968 के लेवल पर खुला तो निफ्टी 80 अंकों की बढ़त के साथ 21433 के स्तर पर। निफ्टी टॉप गेनर में ओएनजीसी 2.52 फीसद ऊपर 239.95 रुपये पर है। एसबीआई लाइफ में 1.81 फीसद की तेजी है। अडानी एंटरप्राइजेज, एचडीएफसी बैंक और सनफार्मा भी इस लिस्ट में हैं। दूसरी ओर टॉप लूजर में सिप्ला, डॉक्टर रेड्डी, बजाज ऑटो, बीपीसीएल और आईटीसी के शेयर हैं।

**कैसी रहेगा इस सप्ताह मार्केट का मूड**

व्यापक आर्थिक मोर्चे पर पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) का आंकड़ा बृहस्पतिवार को आएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक 30 और 31 जनवरी को होगी।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले बाजार एक दायरे में रहेगा। माना जा रहा है कि इस बैठक में अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दर को यथावत रखेगा और आगे नीतिगत दर में कटौती की समयसीमा के बारे में संकेत देगा। इसके अलावा बीओई (बैंक ऑफ इंग्लैंड) की मौद्रिक नीति भी आने वाली है।

# Zee और Sony डील टूटने पर नाराज हुए सुभाष चंद्रा, बताया आगे का पूरा प्लान

**नई दिल्ली. Zee Share Price.** जी का मर्जर अब सोनी (zee sony merger) के साथ नहीं होगा। 10 बिलियन डॉलर की इस डील के ना होने से जी के मानद अध्यक्ष (Chairman Emeritus) सुभाष चंद्रा काफी नाराज दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने इकोनॉमिक्स टाइम्स से बातचीत करते हुए कहा कि फर्म (सोनी) के खिलाफ क्रिमिनल केस करने का विचार कर रहा हूं। उन्होंने इस बातचीत में सोनी की मंशा पर भी सवाल खड़े किए हैं।

**क्या कुछ बोले सुभाष चंद्रा**

सुभाष चंद्रा ने कि पुनीत गोयनका सीईओ का पद छोड़ने के लिए तैयार थे। इसके बाद भी सोनी जानबूझकर इस डील से पीछे हट गया। उन्होंने कहा है कि वो फर्म के खिलाफ क्रिमिनल केस दायर कर सकते हैं। बता दें, जिस दिन सोनी ने कहा कि मर्जर अब नहीं होगा उस दिन बाजार में जी के शेयर 30 प्रतिशत तक लुढ़क गए थे।

**कब शुरू हुआ झगड़ा**

जी के मानद अध्यक्ष ने बताया कि वो सोनी की सभी शर्तों को मानने के लिए तैयार थे। लेकिन उनका मकसद पहले जी को इस पूरी डील में व्यस्त रखना और फिर जी को ही दोषी बताकर खुद को अलग कर लेना था। बता दें, इस पूरी डील में तब खटास पड़ी जब पिछले साल जून में सेबी का एक बयान आया।

मार्केट रेगुलेटर ने कहा था कि गोयनका और उनके पिता चंद्रा ने अपने पदों का दुरुपयोग किया है। और अपने फायदे के लिए धन का दुरुपयोग किया है।

**आगे का क्या है प्लान?**

आने वाले समय में जी की प्रमोटर फैमिली कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकती है। मौजूदा समय में कंपनी में फैमिली की कुल हिस्सेदारी 26 प्रतिशत की है। जोकि आगे बढ़ाकर 31 प्रतिशत करने की है। यानी फैमिली आने वाले महीनों में शेयर खरीद सकती है।

**शेयर बाजार में कंपनी की हालात खराब**

पिछले 5 कारोबारी दिन में जी एंटरटेनमेंट के शेयरों में 33 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। गुरुवार को कंपनी के एक शेयर का भाव 164.75 रुपये था।

# बजट से उम्मीद: बचत खाते के 50000 रुपये तक के ब्याज को टैक्स फ्री कर सकती है मोदी सरकार



**नई दिल्ली.** आगामी एक तारीख को पेश होने वाले अंतरिम बजट में वित्तमंत्री आम लोगों के लिए बैंक के बचत खाते में रखे पैसे पर मिलने वाले ब्याज पर एक वित्तीय वर्ष में मिलने वाली टैक्स फ्री ब्याज की सीमा 10 हजार रुपये से बढ़ा सकती हैं। इस नियम के तहत साल भर में 10 हजार रुपये तक अर्जित ब्याज को करमुक्त माना जाता है। अनुमान है कि सरकार लोगों को राहत देने के उद्देश्य से इस सीमा को बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर सकती है।

**अंतरिम बजट में वित्तमंत्री आम लोगों के लिए बैंक के बचत खाते में रखे पैसे पर मिलने वाले ब्याज पर एक वित्तीय वर्ष में मिलने वाली टैक्स फ्री ब्याज की सीमा 10 हजार रुपये से बढ़ा सकती है।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहली फरवरी 2024 को छठी बार बजट पेश करेंगी। निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट पेश करने वाली है क्योंकि उसके बाद देशभर में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। वर्ष 2019 के आम चुनाव से पहले पेश किए गए अंतरिम बजट में भी सरकार ने आम आदमी को टैक्स और मानक कटौती में राहत की सौगात दी थी। माना जा रहा है कि इस बार में भी सरकार इस दिशा में घोषणाएं कर सकती है।

**क्या है नियम**

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80टीटीए के अनुसार यदि किसी व्यक्ति (60 वर्ष से कम उम्र) या हिंदू अविभाजित परिवार को बैंकों, डाकघर या सहकारी समितियों में रखे गए ब्याज खाते से ब्याज आय होती है तो कुल आय से 10,000 रुपये तक की कटौती का दावा किया जा सकता है। यहां ये बताना जरूरी है कि करदाता एफडी, रेकरिंग डिपॉजिट, पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट जमा आदि पर मिलने वाले ब्याज ब्याज के लिए इस कटौती का फायदा नहीं उठा सकते हैं। वहीं 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए धारा 80टीटीबी के तहत 50,000 रुपये तक की अलग कटौती मिलती है, जो बचत खाते, एफडी और अन्य ब्याज आय पर लागू होती है।

**कटौती 2012 से शुरू की गई थी**

सरकार ने छोटी बचत को बढ़ावा देने के लिए बजट 2012 में धारा 80टीटीए के तहत कटौती शुरू की थी। हालांकि, तब से कटौती की सीमा बरकरार है। माना जा रहा है कि सरकार इस कटौती को मौजूदा 10,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर सकती है। सरकार इस पर विचार कर सकती है , क्योंकि इसमें लंबे समय से कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**अभी बचत खाते पर ब्याज बहुत कम**

अभी एक बचत खाते में सालाना 3-4त्न का ब्याज मिलता है। एफडी पर 7 फीसदी से 8.60 फीसदी का ब्याज मिल रहा है। हालांकि, कुछ निजी बैंक बचत खाते पर सात फीसदी तक ब्याज दे रहे हैं लेकिन उसके लिए खाते में एक तय सीमा से अधिक पैसा होना चाहिए।

# बजट उम्मीदें : रियल एस्टेट सेक्टर को बजट से उद्योग का दर्जा मिलने की उम्मीद

**बिजनेस डेस्क.** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को साल 2024 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। रियल एस्टेट सेक्टर को इस अंतरिम बजट से आर्थिक सुधार और विकास के साथ ढेर सारी उम्मीदें हैं। इस क्षेत्र के स्टेकहोल्र्ड्स यह मान कर चल रहे हैं कि वित्तमंत्री रियल एस्टेट में निवेश को बढ़ावा देने वाली नीतियों को लेकर आएंगीं। इसके साथ ही प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को भी प्रोत्साहित किया जाता है तो इससे सेक्?टर को राहत मिलेगी। आइए जानते हैं कि इस बजट से रियल एस्टेट सेक्टर को क्या हैं उम्मीदें...

**उद्योग का दर्जा मिले**

देश के रियल एस्टेट डेवलपर्स की सबसे बड़ी संस्था क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष और गौड़ ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ को भी इस आगामी अंतरिम बजट से कई सारी उम्मीदें हैं। उन्हें इस बार के बजट में होम लोन के टैक्स दायरे को बढ़ाने के साथ-साथ इस सेक्टर को उद्योग का भी दर्जा मिलने की उम्मीद है। गौड़ के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था में रियल एस्टेट का हमेशा से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे इस बजट से होम बॉयर्स और डेवलपर्स के लिए मांग को प्रोत्साहित करने, तरलता संबंधी चिंताओं को दूर करने और नियमों को सरल बनाने के लिए रणनीतिक राजकोषीय उपाय की उम्मीद कर रहे हैं। इस बजट से कई उम्मीदें हैं जो भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर को मजबूत करेंगे।

गौड़ के अनुसार, देश की आर्थिक वृद्धि में रियल एस्टेट की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए हमारी सबसे बड़ी उम्मीद रियल एस्टेट क्षेत्र को लंबे समय से प्रतीक्षित उद्योग का दर्जा देना है। यह मान्यता न केवल निवेश को और बढ़ावा देगी बल्कि नियमों को सुव्यवस्थित करेगी, जिससे सस्टेनेबल ग्रोथ के लिए अधिक अनुकूल वातावरण को बढ़ावा मिलेगा।



**अंतरिम बजट में वित्तमंत्री आम लोगों के लिए बैंक के बचत खाते में रखे पैसे पर मिलने वाले ब्याज पर एक वित्तीय वर्ष में मिलने वाली टैक्स फ्री ब्याज की सीमा 10 हजार रुपये से बढ़ा सकती है।**

**ब्याज दर की छूट को बढ़ाना जरूरी**

काउंटी ग्रुप के डायरेक्टर अमित मोदी ने कहा कि इनकम टैक्स एक्ट की धारा 24 के तहत होम लोन की ब्याज दरों पर 2 लाख रुपए की टैक्स छूट को बढ़ाकर कम से कम 5 लाख रुपए करना जरूरी है। ऐसा करने से आवास के लिए और अधिक मजबूत बाजार को बढ़ावा मिल सकता है, खासकर बजट होम सेगमेंट में,जो कि कोविड के बाद से डिमांड में गिरावट देखी गई है।

**अफोर्डेबल सेगमेंट को मिले राहत**

ग्रुप 108 के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर अमिष भूटानी का कहना है कि आगामी बजट में अफफोर्डेबले सेगमेंट के लिए सरकार को राहत देनी चाहिए, जिससे खरीददारों को प्रोत्साहन मिल सके।

आयकर छूट जैसे उपाय खरीदारों के उत्साह को बढ़ाएंगे। उनका यह भी कहना है कि सरकार को कॉमर्शियल रियल एस्टेट को भी प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर नीति पर काम करना चाहिए।

सिंगल विंडो सिस्टम, एक समान ब्याज दरें और इनकम टैक्स में छूट जैसे उपाय रियल एस्टेट क्षेत्र को बेहतर बनाएंगे।

# पाना चाहते हैं निखरी बेदाग त्वचा, तो खान-पान में करें ये जरूरी बदलाव



हमारी लाइफस्टाइल की वजह से हमारी स्किन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दिनभर की भाग-दौड़, उल्टा-सीधा खाना, धूल-मिट्टी, नींद की कमी, ये सभी हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। इन कारणों से प्रीमेच्योर एजिंग, एक्ने, डार्क स्पॉट्स जैसी कई परेशानियां होनी शुरू हो जाती हैं।

वैसे तो ये सभी कारण, स्किन के लिए हानिकारक होते हैं, लेकिन खराब डाइट का सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है। इसलिए स्किन को हेल्दी रखने के लिए सिर्फ स्किन केयर प्रोडक्ट्स ही नहीं बल्कि हमारी डाइट का हेल्दी होना भी जरूरी होता है, ताकि स्किन अंदर से हेल्दी रहे और बाहर के हानिकारक फैक्टर्स से अपनी रक्षा कर सके। हम जो भी खाते-पीते हैं वह हमारी स्किन पर रिफ्लेक्ट होती है। इसलिए डाइट में ऐसे पोषक तत्वों को शामिल करना चाहिए, जिनसे त्वचा हेल्दी और खूबसूरत रहे। आइए जानते हैं अपने खान-पान में किन बदलावों की मदद से अपनी त्वचा को हेल्दी रख सकते हैं।

**प्रोटीन**

खाने में प्रोटीन से भरपूर फूड आइटम्स को शामिल करने से आपकी स्किन जल्दी लूज नहीं होगी और फाइन लाइन्स की समस्या भी जल्दी नहीं होगी। दरअसल, प्रोटीन में एमिनो एसिड पाए जाते हैं, जो कोलाजेन बनाने के लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं। कोलाजेन त्वचा की बैरियर बनाने में मदद करता है, जिस कारण स्किन फर्म रहती है। इसलिए अपनी डाइट में लीन प्रोटीन वाले फूड आइटम्स, जैसे- बीन्स, लेग्यूम्स, अंडा, चिकन, फिश आदि को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड**

ओमेगा-3 फैटी एसिड हेल्दी फैट होता है, जो एंटी-इंफ्लेमेटरी होता है, जो सोरोसिस, एक्जिमा जैसी समस्या के खिलाफ फायदेमंद होता है। साथ ही, यह स्किन को हाइड्रेट करने, ऑयल प्रोडक्शन, सन डैमेज से बचाव और एक्ने की समस्या कम करने में मददगार होता है। इसलिए अपनी डाइट में फैटी फिश, बादाम, अखरोट, फ्लैक्स सीड आदि को शामिल करें।

**विटामिन-ई**

विटामिन-ई त्वचा से मॉइस्चर कम होने से बचाव करने में मदद करता है। सेल डैमेज और कोलाजेन प्रोडक्शन के लिए भी विटामिन-ई काफी आवश्यक होता है। इसकी एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा को हेल्दी रखने के लिए जरूरी होता है। इसलिए बादाम, सनफ्लावर सीड्स, सालमन को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

**विटामिन-सी**

सन प्रोटेक्शन, डार्क स्पॉट्स से छुटकारा, फाइन लाइन्स और झुर्रियों को कम करने और कोलेजन प्रोडक्शन के लिए विटामिन-सी काफी आवश्यक होता है। इसलिए अपनी डाइट में खट्टे फल, जैसे- संतरा, नींबू, आदि, बेरीज, स्ट्रॉबेरी, बेल पेपर आदि को अपनी डाइट में शामिल करें।

**शुगर और प्रोसेस्ड फूड न खाएं**

प्रोसेस्ड फूड आइटम्स एजिंग की प्रक्रिया को तेज करते हैं। इस कारण से झुर्रियां, एज स्पॉट्स आदि की समस्या उम्र से पहले ही शुरू हो जाते हैं। इसलिए अपनी डाइट में प्रोसेस्ड फूड आइटम्स और अधिक शुगर वाले फूड आइटम्स को डाइट से बाहर कर दें।

# पूरी दुनिया ने देखी भारत की बढ़ती सैन्य ताकत



26 जनवरी को भारत ने 'विकसित भारत' और 'भारत-लोकतंत्र की मातृका' थीम के साथ 75वां गणतंत्र दिवस मनाया और इस अवसर पर पहली बार 100 महिला कलाकारों द्वारा भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों के साथ परेड का शुभारंभ किया गया, जिसकी शुरुआत महिला कलाकारों द्वारा बजाए जाने वाले शंख, नादस्वरम, नगाड़ा इत्यादि के संगीत के साथ हुई। राष्ट्रीय गौरव के इस अवसर पर कर्त्तव्य पथ पर हुई गणतंत्र दिवस परेड में पूरी दुनिया ने भारत की लगातार बढ़ती स्वदेशी सैन्य ताकत को भी देखा। परेड के दौरान देश की संस्कृति और परम्पराओं को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न राज्यों, मंत्रालयों और संगठनों की आकर्षक झांकियां निकाली गई, साथ ही तीनों सेनाओं के जवानों ने भी पूरे विश्व को भारत की ताकत दिखाने के लिए अनोखे करतब प्रदर्शित किए।

कर्त्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में सेना की मार्चिंग टुकड़ियों से लेकर टैंक, तोप और बैंड ने भी हिस्सा लिया तथा वायुसेना का फ्लाईपास्ट भी हुआ। कई विमानों के फ्लाईपास्ट के दौरान भारत के लड़ाकू विमानों का शौर्य भी देखने को मिला। फ्लाईपास्ट में भारतीय वायुसेना के विमानों के साथ-साथ फ्रांसीसी वायुसेना के एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट (एमआरटीटी) विमान तथा दो राफेल विमानों ने भी भारतीय विमानों के साथ अपने करतब दिखाए। हथियार प्रणालियों में टैंक, बीएमपी-2 पैदल सेना, लड़ाकू वाहन, ड्रोन जैमर, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल लांचर और मल्टी-फंक्शन रडार भी शामिल हुए। फ्लाईपास्ट में 29 लड़ाकू जेट सहित कुल 56 सैन्य विमान शामिल थे, जिनमें से कुछ को महिला पायलटों ने ऑपरेट किया। 6 लड़ाकू पायलटों सहित 15 महिला पायलटों ने फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। परेड में फ्रांसीसी सेना के 95 सदस्यीय मार्चिंग दस्ते और 33 सदस्यीय बैंड ने भी भाग लिया।

गणतंत्र दिवस परेड में आमतौर पर विदेशी हथियार ही शामिल होते थे लेकिन इस बार दुनिया ने बड़ी संख्या में भारत निर्मित टैंक, मिसाइलों, अटैक हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी हथियारों का जलवा देखा। आसमान में एलसीएच (लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर) प्रचंड हेलीकॉप्टर, जमीन पर टी-90 भीष्म टैंक, मिसाइल लांचिंग के लिए पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लांचर, नाग एंटी-टैंक मिसाइल जैसे तमाम हथियार परेड का हिस्सा बने। एलसीएच प्रचंड शक्तिशाली जमीनी हमले और हवाई युद्ध क्षमता से लैस एचएएल द्वारा डिजाइन और निर्मित पहला स्वदेशी मल्टी-रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है, जिसमें आधुनिक स्टील्थ विशेषताएं, मजबूत कवच सुरक्षा और रात में जबरदस्त हमला करने की क्षमता है। एलसीएच प्रचंड पर उन्नत नेविगेशन प्रणाली, नजदीकी लड़ाई के लिए तैयार बंदूकें और हवा से हवा में मार करने वाली शक्तिशाली मिसाइलें इसे आधुनिक युद्धक्षेत्र के लिए विशेष रूप से अनुकूल बनाती हैं। लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल वहां किया जाता है, जहां पर फाइटर जेट की जरूरत नहीं होती। भारत में बना एलसीएच अपनी श्रेणी का दुनिया का एकमात्र सर्वश्रेष्ठ हेलीकॉप्टर है, जो अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों से लैंडिंग और टेकऑफ कर सकता है। दुनिया में अभी तक इस तरह का कोई हेलीकॉप्टर नहीं है, जो इतनी ऊंचाई पर उड़ सके। एलसीएच के साथ भारतीय सेना ने एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर के हथियारयुक्त संस्करण का भी प्रदर्शन किया, जिसे रुद्र के नाम से भी जाना जाता है।

परेड में प्रदर्शित की गई हथियार प्रणालियों में डीआरडीओ द्वारा विकसित पिनाका और स्वाति रडार भी शामिल थी, जिन्हें भारतीय संस्थाओं द्वारा विदेशी ग्राहकों को भी निर्यात किया गया है। पिनाका रॉकेट सिस्टम का उन्नत रेंज संस्करण 45 किलोमीटर तक की दूरी पर लक्ष्य को नष्ट कर सकता है। इस रॉकेट प्रणाली को पुणे स्थित आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान तथा उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। पिनाका रॉकेट की गति इसे सबसे ज्यादा खतरनाक बनाती है, जो 5757.7 किलोमीटर प्रतिघंटा है। इसका नाम भगवान शिव के धनुष 'पिनाक' के नाम पर रखा गया है। पिनाका रॉकेट सिस्टम 44 सैकेंड में 12 रॉकेट दागता है। इसके अभी दो प्रमुख वैरिएंट मौजूद हैं और तीसरा निर्माणधीन है। पहले वैरिएंट की रेंज 45 किलोमीटर और दूसरे की 90 किलोमीटर है जबकि तीसरे निर्माणाधीन वैरिएंट की रेंज 120 किलोमीटर होगी। 'स्वाति' वेपन लोकेटिंग रडार स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया एक डब्ल्यूएलआर है, जो अपने सैनिकों पर फायरिंग करने वाली बंदूकों, मोर्टारों और रॉकेटों का पता लगाने में सक्षम है। यह सैनिकों को दुश्मन के हस्तक्षेप के बिना अपने परिचालन कार्यों को पूरा करने में सक्षम बनाता है और उन्हें दुश्मन की गोलीबारी से सुरक्षा भी प्रदान करता है।

परेड का अहम हिस्सा बनी 'नाग' मिसाइल को डीआरडीओ द्वारा दिन और रात की स्थितियों में अत्यधिक मजबूत दुश्मन टैंकों से निपटने के लिए विकसित किया गया है। भारत में निर्मित 'ध्रुवास्त्र' एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल को 'हेलिना' भी कहा जाता है, जिसका नाम इससे पहले 'नाग' मिसाइल था। यह तीसरी पीढ़ी की 'दागो और भूल जाओ' टैंक रोधी मिसाइल है, जिसे हेलीकॉप्टर, टैंक, बीएमपी या किसी भी आर्मड् व्हीकल पर तैनात किया जा सकता है और इसमें 8 किलोग्राम विस्फोटक लगाकर इसे बेहतरीन मारक मिसाइल बनाया जा सकता है। टी-90 टैंक रूस का मुख्य युद्धक टैंक है, जिसे भारत ने अपनी जरूरत के हिसाब से बदलकर उसका नाम 'भीष्म' रखा है। 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलने में सक्षम इस टैंक में 125 मिलिमीटर स्मूथबोर गन है और टैंक पर 43 गोले स्टोर किए जा सकते हैं। इसकी ऑपरेशनल रेंज 550 किलोमीटर है। कई देशों में इस टैंक के रूसी वर्जन का उपयोग किया जा रहा है। फिलहाल 2078 टी-90 टैंक सेवा में हैं और भारत की रूस के साथ डील के तहत रूस 2025 तक 1657 भीष्म को ड्यूटी पर तैनात कर देगा। गणतंत्र दिवस परेड में क्विक फाइटिंग रिएक्शन व्हीकल, ऑल टेरेन व्हीकल और स्पेशलिस्ट मोबिलिटी व्हीकल भी शामिल हुए, जिनका इस्तेमाल रेगिस्तानी, पहाड़ी और बर्फीले क्षेत्रों में सैनिकों के ट्रांसपोर्टेशन के लिए किया जाता है। इसके अलावा इन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से एयरलिफ्ट भी किया जा सकता है। इनका सस्पेंशन इनकी विशेषता है, जो इन्हें 60 डिग्री एलिवेशन और 45 डिग्री डिप्रैशन पर काम करने के योग्य बनाती है।

20 साल बाद गणतंत्र दिवस परेड में कर्त्तव्य पथ पर दुश्मन के लिए बारूदी सुरंग बिछाने और अपने सैनिकों के लिए इसे हटाकर सुरक्षित मार्ग प्रशस्त करने के काम में माहिर 'बम्बई सैपर्स' की 149 सदस्यीय टुकड़ी ने भी हिस्सा लिया। परेड में महिलाओं की रक्षा बलों में बढ़ती भूमिका को भी प्रदर्शित किया गया।

60 महिला सैनिक ट्राई सर्विस की सभी महिला मार्चिंग टुकड़ी का हिस्सा बनी, जिसमें वायुसेना और नौसेना की महिलाएं भी शामिल रही। दो महीने पहले ही कर्नाटक के एयरमैन ट्रेनिंग स्कूल बेलगावी से उत्तीर्ण हुई वायु अग्निवीर भी परेड का हिस्सा बनी। अग्निवीरों की त्रि-सेवा मार्चिंग टुकड़ी में 144 महिलाएं शामिल थी। कुल मिलाकर, गणतंत्र दिवस समारोह में परेड के दौरान कर्त्तव्य पथ पर भारत की सैन्य ताकत के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक झलक भी दिखाई दी।

## संपादकीय

### स्वास्थ्य सेवाओं का नियमन

हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से सरकारी अस्पतालों के कतिपय चिकित्सकों के व्यवहार के नियमन की पहल निस्संदेह रोगियों व उनके परिजनों के लिए राहतकारी साबित होगी। स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के महानिदेशक की ओर से जारी लिखित हिदायतों में सरकारी अस्पतालों में कार्यरत सिविल सर्जनों को आगाह किया गया है कि वे मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार के लिये बाध्य करने की प्रवृत्ति से बचें। दरअसल, इस तरह के मामलों में साठ से अधिक शिकायतें आई थीं कि डॉक्टर निजी लाभ के लिये मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार करने को बाध्य कर रहे हैं। संस्तुति किये गए अस्पतालों में चिकित्सकों के निहित स्वार्थ भी शामिल हैं। आरोप लगाया गया है कि चिकित्सकों के परिजनों द्वारा निजी अस्पताल चलाए जा रहे हैं, जिनमें इलाज करवाने के लिये मरीजों को बाध्य किया जाता रहा है। विभाग ने राज्य के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को ऐसे मामलों में जांच करने के निर्देश भी दिये हैं। साथ ही कहा गया कि उन चिकित्सकों की सूची तैयार की जाए जो मरीजों को निजी चिकित्सालयों में उपचार के लिये बाध्य करते हैं। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग की आंतरिक जांच रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि कई सरकारी चिकित्सा निजी प्रैक्टिस भी करते हैं। कतिपय चिकित्सकों पर मरीजों के साथ अनुचित व्यवहार करने के भी आरोप लगे हैं। निश्चिय ही यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व आम लोग ही उपचार के लिये बड़ी उम्मीद से सरकारी अस्पतालों में जाते हैं। यदि उन्हें यहां भी उचित उपचार व सम्मानजनक व्यवहार न मिले तो फिर वे कहां जाएंगे। हालांकि, यह भी हकीकत है कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक भी भारी दबाव में काम करते हैं क्योंकि सरकारी अस्पतालों में मरीजों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन उस अनुपात में चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता नहीं है। कमोबेश यही स्थिति अन्य चिकित्सा सुविधाओं की भी है।लेकिन यहां यह महत्वपूर्ण है कि लोग बड़े विश्वास से सरकारी अस्पतालों में जाते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग उनमें ज्यादा होते हैं। भारतीय समाज में डॉक्टरों को दूसरा भगवान कहा जाता है। मरीजों का उनमें गहरा विश्वास होता है। दरअसल, मरीज एक तो बीमारी की त्रासदी से जूझ रहा होता है, जिसमें अच्छे व्यवहार और उपचार की उम्मीद होती है। यदि ऐसे में उसे महसूस हो कि उसके साथ न्याय नहीं हो रहा है तो यह दुखद ही है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के महानिदेशक के निर्देश सकारात्मक पहल ही है। जिससे चिकित्सकों की जवाबदेही तय की जा सकेगी। इतना ही नहीं सरकार की पहल से चिकित्सातंत्र पर मरीजों का भरोसा बढ़ेगा कि सरकार उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर है। विश्वास किया जाना चाहिए कि चिकित्सकों द्वारा व्यवस्था में सुधार की दिशा में बेहतर सहयोग मिलेगा। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी उन कारणों की पड़ताल करनी चाहिए जिसमें कतिपय चिकित्सक अनुचित व्यवहार करते हैं। उनकी समस्याओं को भी सुना जाना चाहिए।

# नीतीश कुमार की चालों से विपक्ष के इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा है

अब लगभग यह तय हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विपक्षी दलों एवं उनके नेताओं के द्वारा हल्के में लेने की स्थितियां उनके लिये कितनी भारी हो सकती है। दूसरा भारत की राजनीति में भाजपा अगर कुछ करने की ठान लेती है तो वह उसे पूरा करती ही है। बिहार में सत्ता का समीकरण बदलना इसी बात का द्योतक है। बिहार में जारी सियासी उथलपुलथ के बीच आरजेडी के राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक ने बड़ा ऐलान करते हुए आखिर कह ही दिया है कि अब जेडीयू और आरजेडी का रिश्ता टूट गया है। इस बात के प्रबल संकेत मिल रहे हैं कि मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर लिया है। अगर ऐसा हुआ तो बिहार में न केवल महागठबंधन की सरकार गिर जाएगी बल्कि इंडिया महागठबंधन में भी दरारे पड़ जायेगी। यह भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही है कि इसके बाद नीतीश एक बार फिर भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार बना सकते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा की रणनीति का यह एक बड़ा दांव सफल होता हुआ दिख रहा है। वैसे भाजपा एवं जेडीयू नेता नीतीश कुमार के बीच भीतर-ही-भीतर यह कीचड़ी विगत कुछ समय से पक रही थी। इसका पहला ठोस संकेत जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा पर उनके द्वारा पहले भाजपा सरकार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिये धन्यवाद से सामने आया। दूसरा बड़ा संकेत कर्पूरी ठाकुर की सौवीं जयंती के मौके पर आयोजित समारोह में नीतीश कुमार ने तंज कस कर कि आजकल बहुत से लोग अपने परिवार के सदस्यों को ही आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं, इस रूप में सामने आया। इसे सीधे तौर पर लालू प्रसाद यादव पर हमला माना गया, जिनकी पार्टी के साथ वह बिहार में सरकार चला रहे हैं।इस पूरे घटनाक्रम के बाद से राजद और जदयू के बीच गहरी खाई बन गई है। लालू-तेजस्वी से नीतीश की बातचीत बंद चल रही है। वहीं महगठबंधन के सहयोगी दल भी सकते में आ गये हैं। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट करने की कवायद करने वाले नीतीश कुमार ही रहे हैं। नीतीश कुमार ने ही पिछले साल जून में पटना में विपक्षी दलों की महाजुटान की थी। उनकी पहल पर ही विपक्ष के तमाम दल मतभेदों के बावजूद एक प्लेटफॉर्म पर आने को तैयार हुए ताकि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा सीटों पर विपक्ष की तरफ से साझा उम्मीदवार उतारा जा सके। लेकिन जब चुनाव एकदम सिर पर आ गया तो नीतीश कुमार ही पाला बदलने जा रहे हैं। तिनका-तिनका जोड़कर विपक्षी एकजुटता का ताना-बाना तैयार करने वाले जेडीयू चीफ ऐन वक्त पर खुद ही गठबंधन से दूर होने जा रहे हैं। ये विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए बहुत बड़ा आघात है।

लोकसभा चुनाव में अब दो-ढाई महीने का समय ही शेष हैं। भाजपा हर हालात में नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार सत्ता के सिंहासन पर बैठाना चाहती है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर से पैदा हुई हिंदुत्व लहर पर सवार भाजपा जाति को साधने में भी पीछे नहीं है। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का ऐलान हो चुका है। दलितों को लुभाने के लिए बड़ा अभियान शुरू करने का प्लान भी तैयार हो चुका है। दूसरी तरफ विपक्ष खासकर उसके सबसे बड़ा गठबंधन इंडिया की नजर हर हाल में मोदी के विजय रथ को रोकने पर है। लेकिन लगभग टूट एवं बिखर चुके इंडिया किस तरह मोदी रथ को रोक पायेंगी? क्योंकि लोकसभा चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन हांफने लगा है। नीतीश कुमार का पाला पाला बदलना वैसे ही है जैसे युद्ध शुरू होने से ऐन पहले सारथी ही पाला बदल ले। गठबंधन के नीतीश ही नहीं, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल भी कांग्रेस को आंख दिखा रहे हैं, जिससे गठबंधन की गाड़ी आगे सरकती नजर नहीं आ रही है। गठबंधन के भविष्य पर सवालिया निशान ही नहीं, ग्रहण लग गया है। बिहार की उठापटक एवं बदलते राजनीतिक समीकरणों का सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा। बिहार में 40 लोकसभा सीटें हैं। अगर नीतीश कुमार भाजपा से मिलकर एनडीए गठबंधन का हिस्सा बनते हैं तो इनमें से अधिकाधिक लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत की संभावना अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगी। बिहार में नीतिश की इसी भूमिका के कारण ही इंडिया गठबंधन में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही थी। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन करके ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एनडीए के खिलाफ साझा प्रत्याशी खड़ा करने का यह पूरा प्रयास नीतीश कुमार की ही पहल पर शुरू हुआ था। ऐसे में उनके जाने के बाद यह प्रक्रिया किस तरह से और कितनी आगे बढ़ेगी, इस पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं।



राजनीति में जब नीति गायब होने लगती है तो बेमेल गठबंधनों के बनते एवं बिखरते के दृश्य देखने को मिलते हैं और, इस बुराई के लिए कमोबेश सभी राजनीतिक दल समान रूप से जिम्मेदार हैं। देखा जाए तो सबकी नजर में 2024 का लोकसभा चुनाव है जहां 40 सीटों वाले बिहार की भूमिका को अहम मानते हुए अभी सारे दांव-पेंच वहीं चल रहे हैं। बिहार में नया सियासी समीकरण कितना बदलाव लाएगा, यह भविष्य ही बताएगा। ऐसे में लंबे समय से कयास लगाए जा रहे थे कि नीतीश कुमार कभी भी भाजपा का हाथ थाम सकते हैं। वैसे भी अब नीतिश की छवि अवसरवादी नेता की हो गयी है। दरअसल यह अवसरवादिता और मौकापरस्ती की हद है जिसका राजनीति में प्रतिकार होना चाहिए। वास्तव में बिहार का ही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि इस राज्य में जातिवादी और परिवारवादी राजनीति ने इस प्रदेश की जनता के मौलिक अधिकारों से उनको वंचित किये हुए हैं और इस प्रांत के लोगों को भारत का सबसे गरीब आदमी बनाया हुआ है। जबकि बिहारियों का भारत के सर्वांगीण विकास में योगदान कम नहीं हैं, सबसे अधिक मेहनती एवं बुद्धिजीवी लोग यही से आते हैं। लेकिन दूषित राजनीति की कालिमाएं यहां के धवलित इतिहास को धुंधलाती रही है। यहां की राजनीति की सत्तालोलुपता एवं भ्रष्टता लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्वस्त करती रही है। जबकि प्रामाणिकता एवं सिद्धान्तवादिता राजनीतिक क्षेत्र में सिर का तिलक है और अप्रामाणिकता एवं अवसरवादिता मृत्यु का पर्याय होती है। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। नीतीश बाबू ने जिस महागठबन्धन को बनाया, बनने के साथ ही उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गयी थी। अब तो खुद सारथि ही अपना पाला बदल रहा है।

आजादी के अमृतकाल के पहले लोकसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे हैं। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर इंडिया गठबंधन की छतरी के नीचे आये जरूर, लेकिन सीटों के बंटवारे एवं अन्य मुद्दों पर अब बिखर चुके हैं। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षक व आवश्यकता बता रहे थे, तो कुछ प्रमुख दलों के नेता स्वयं को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देख रहे थे, लेकिन सबके सपनों पर ग्रहण लग गया।

विपक्षी दल येन-केन-प्रकारेण भाजपा को सत्ता से बाहर करने में जुटे भले ही हो, लेकिन भाजपा ने चुनाव से पहले ही उनको उनकी जमीन दिखा दी है। भाजपा पूर्ण आत्मविश्वास एवं प्रखरता के साथ आगे बढ़ रही है, जिन राज्यों में उसके लिये चुनौतियां अधिक प्रखर है, उन्हीं राज्यों में वह समग्रता एवं एकाग्रता से अपनी रणनीतियों को अंजाम दे रही है, बिहार भी उन्हीं में एक था। भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हर चुनौती के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं चुनौतियों को संभावनाओं में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है।




# ऑक्सीजन देने वाले वृक्ष के आध्यात्मिक रहस्य

हर धर्म में पेड़, पौधे और वृक्षों का बहुत महत्व है, परंतु इसको कोई महत्व नहीं देता है। जिस देजी से वृक्ष कटते जा रहे हैं उससे धरती का पर्यावरण ही नहीं बदल रहा है बल्कि जीवन में संकट में हो चला है। धरती पर ऑक्सीजन का निर्माण करने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वृक्ष नहीं होंगे तो एक दिन वायु भी नहीं होगी और वायु नहीं होगी तो फिर मानव भी नहीं होगा। आओ जानते हैं वृक्ष के 20 रहस्य।



- शास्त्रों के अनुसार जो व्यक्ति एक पीपल, एक नीम, दस इमली, तीन कैथ, तीन बेल, तीन आंवला और पांच आम के वृक्ष लगाता है, वह पुण्यात्मा होता है और कभी नरक के दर्शन नहीं करता। इसी तरह धर्म शास्त्रों में सभी तरह से वृक्ष सहित प्रकृति के सभी तत्वों के महत्व की विवेचना की गई है।
- भारतीय धर्म मानता हैं कि प्रकृति ही ईश्वर की पहली प्रतिनिधि है। प्रकृति के सारे तत्व ईश्वर के होने की सूचना देते हैं। इसीलिए प्रकृति को देवता, भगवान और पितृ माना गया है। यहां प्रत्येक देवी और देवता से एक वृक्ष, एक पशु या एक पक्षी जुड़ा हुआ है। यहां तक की ग्रह और नक्षत्र भी जुड़े हुए हैं। धर्म मानता है कि दूरस्थ स्थिति ध्रुव तारा भी हमारे जीवन को संचालित कर रहा है। फिर हिमालय के ग्लेशियर और चंद्रमा के तो कहने ही क्या। संपूर्ण ब्रह्मांड एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। एक कड़ी टूटी तो सबकुछ बिखर जाएगा। यह ब्रह्मांड उल्टे वृक्ष की भांति है।
- धर्मानुसार पांच तरह के यज्ञ होते हैं जिनमें से दो यज्ञ– देवयज्ञ और वैश्वदेवयज्ञ प्रकृति को समर्पित है। दोनों ही तरह के यज्ञों का वैज्ञानिक और धार्मिक महत्व है। देवयज्ञ से जलवायु और पर्यावरण में सुधार होता है तो वैश्वदेवयज्ञ प्रकृति और प्राणियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का तरीका है। सभी प्राणियों तथा वृक्षों के प्रति करुणा और कर्त्तव्य समझना उन्हें अन्न–जल देना ही भूतयज्ञ या वैश्वदेव यज्ञ कहलाता है।
- हिन्दू धर्मानुसार वृक्ष में भी आत्मा होती है। वृक्ष संवेदनशील होते हैं और उनके शक्तिशाली भावों के माध्यम से आपका जीवन बदल सकता है। प्रत्येक वृक्ष का गहराई से विश्लेषण करके हमारे ऋषियों ने यह जाना की पीपल और वट वृक्ष सभी वृक्षों में कुछ खास और अलग है। इनके धरती पर होने से ही धरती के पर्यावरण की रक्षा होती है। यही सब जानकर ही उन्होंने उक्त वृक्षों के संवरक्षण और इससे मनुष्य के द्वारा लाभ प्राप्ति के हेतु कुछ विधान बनाए गए उन्ही में से दो है पूजा और परिक्रमा।
- स्कन्द पुराण में वर्णित पीपल के वृक्ष में सभी देवताओं का वास है। पीपल की छाया में ऑक्सीजन से भरपूर आरोग्यवर्धक वातावरण निर्मित होता है। इस वातावरण से वात, पित्त और कफ का शमन–नियमन होता है तथा तीनों स्थितियों का संतुलन भी बना रहता है। इससे मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। पीपल की पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से ही रहा है। इससे मानसिक शांति भी प्राप्त होती है।
- अथर्ववेद के उपवेद आयुर्वेद में पीपल के औषधीय गुणों का अनेक असाध्य रोगों में उपयोग वर्णित है। औषधीय गुणों के कारण पीपल के वृक्ष को 'कल्पवृक्ष' की संज्ञा दी गई है। पीपल के वृक्ष में जड़ से लेकर पत्तियों तक तैंतीस कोटि देवताओं का वास होता है और इसलिए पीपल का वृक्ष प्रात: पूजनीय माना गया है। उक्त वृक्ष में जल अर्पण करने से रोग और शोक मिट जाते हैं। पीपल की पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से ही रहा है। इसके कई पुरातात्विक प्रमाण भी है। गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं, 'हे पार्थ वृक्षों में मैं पीपल हूं।' अश्वत्थोपनयन व्रत के संदर्भ में महर्षि शौनक कहते हैं कि मंगल मुहूर्त में पीपल वृक्ष की नित्य तीन बार परिक्रमा करने और जल चढ़ाने पर दरिद्रता, दु:ख और दुर्भाग्य का विनाश होता है। पीपल के दर्शन–पूजन से दीर्घायु तथा समृद्धि प्राप्त होती है। अश्वत्थ व्रत अनुष्ठान से कन्या अखण्ड सौभाग्य पाती है। सड़क के किनारे पीपल का वृक्ष लगाने, तथा उसका पालन करने वाला देवलोक प्राप्त करता है। पीपल के वृक्षों का रोपण करने वाला इस लोक में तो कीर्तिं प्राप्त करता है, मृत्युपरांत भी मोक्ष को प्राप्त होता है। इसमें संदेह नहीं है।
- बरगद को वटवृक्ष कहा जाता है। हिंदू धर्म में वट सावत्री नामक एक त्योहार पूरी तरह से वट को ही समर्पित है। हिंदू धर्मानुसार चार वटवृक्षों का महत्व अधिक है। अक्षयवट, पंचवट, वंशीवट, गयावट और सिद्धवट के बारे में कहा जाता है कि इनकी प्राचीनता के बारे में कोई नहीं जानता। संसार में उक्त चार वटों को पवित्र वट की श्रेणी में रखा गया है। प्रयाग में अक्षयवट, नासिक में पंचवट, वृंदावन में वंशीवट, गया में गयावट और उज्जैन में पवित्र सिद्धवट है।
- **आम है खास :** हिंदू धर्म में जब भी कोई माँगलिक कार्य होते हैं तो घर या पूजा स्थल के द्वार व दीवारों पर आम के पत्तों की लड़ लगाकर मांगलिक उत्सव के माहौल को धार्मिक और वातावरण को शुद्ध किया जाता है। अक्सर धार्मिक पांडाल और मंडपों में सजावट के लिए आम के पत्तों का इस्तेमाल किया जाता है। 5 या अधिक आम के वृक्षों का रोपण पालन करने वाला अनेक दुर्लभ यज्ञों के फल को प्राप्त कर सकता है।
- **भविष्यवक्ता शमी :** विक्रमादित्य के समय में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य वराहमिहिर ने अपने बृहतसंहिता' नामक ग्रंथ के 'कुसुमलता' नाम के अध्याय में वनस्पति शास्त्र और कृषि उपज के संदर्भ में जो जानकारी प्रदान की है उसमें शमीवृक्ष अर्थात खिजड़े का उल्लेख मिलता है। वराहमिहिर के अनुसार जिस साल शमीवृक्ष ज्यादा फूलता–फलता है उस साल सूखे की स्थिति का निर्माण होता है। विजयादशमी के दिन इसकी पूजा करने का एक तात्पर्य यह भी है कि यह वृक्ष आने वाली कृषि विपत्ती का पहले से संकेत दे देता है जिससे किसान पहले से भी ज्यादा पुरुषार्थ करके आनेवाली विपत्ती से निजात पा सकता है।
- जो मनुष्य अपने घर में फलदार पेड़, पौधे आदि लगाता है और उसकी भली भांति देखभाल करता है, उसे आरोग्य की प्राप्ति होती है।
- जो मनुष्य 5 वट वृक्षों का रोपण और उसका पालन किसी चौराहे या मार्ग में करता है तो, उसकी सात पीढ़ियां तर जाती है। जो मनुष्य नीम के वृक्ष जितने अधिक लगाता है उतनी अधिक उसकी पीढ़ियां तर जाती है.
- वृक्षों के बाग या वाटिका लगाने वाला प्रसिद्धि प्राप्त करता है।
- जो भी व्यक्ति बिल्व वृक्ष का रोपण शिव मंदिर में करता है वह अकाल मृत्यु से मुक्त हो जाता है।
- घर में तुलसी, आंवला, निर्गुण्डी, अशोक, आदि के वृक्ष शुभ फलदायी होते हैं। शीशम के 11 वृक्ष को सड़क पर लगाने से यह लोक और परलोक दोनों ही संवर जाते हैं।
- कनक चम्पा के 2 वृक्ष लगाने वाले का सर्वार्थ कल्याण हो जाता है।
- 5 या अधिक महुआ के वृक्षों का रोपण और पालन करने वाला धन प्राप्त करता है। तथा उसे अनुरूप यज्ञों का फल भी प्राप्त होने लगता है।
- जो भी मनुष्य सड़क के किनारे 2 या 2 से अधिक मौलश्री के वृक्षों का रोपण एवं पालन करता है। वह एक सौ यज्ञों को करने का पुण्य प्राप्त करता है।
- जो भी मनुष्य 5 या अधिक अशोक वृक्ष का रोपण और पालन करता है, उसके घर परिवार में कभी भी अकाल मृत्यु नहीं होती है। उसके यहां अचानक कोई बड़ी मुसीबत खड़ी नहीं होती तथा उसे आगामी जन्म में पुण्यात्मा होने का सौभाग्य प्राप्त होता है।
- जो मनुष्य 5 पलास के वृक्षों का रोपण और पालन करते हैं। उसे 10 गौवों के दान के समतुल्य पुण्य लाभ मिलता है। पलास के वृक्षों को सड़क के किनारे अथवा किसी बड़े क्षेत्र में रोपना चाहिए। इसका रोपण घर में नहीं करना चाहिए।
- जो भी मनुष्य 2 या अधिक हारसिंगार (पारिजात) के पौधों का रोपण श्री हनुमानजी के मंदिर में अथवा नदी के किनारे या किसी भी सामाजिक स्थल पर करता है तो उसे एक लक्ष्य तोला स्वर्णदान के समतुल्य पुण्य प्राप्त होता है तथा उसे जीवन भर श्री हनुमानजी की कृपा मिलती रहती है।
- जो भी व्यक्ति सोमवार के दिन, प्रदोष वाले दिन, शिवरात्री को, श्रावणमास में किसी भी दिन अथवा शिवयोग वाले दिन 5 या अधिक बिल्व वृक्षों का रोपण और उसका नियमित पालन भी करता है तो उसे शिवलोक प्राप्त होता है। यदि इन वृक्षों को कोई भी मनुष्य शिव मंदिर में या मंदिर के समीप रोपण करता है तो निश्चय ही वह कोटि कोटि पुण्य का भागीदार तो होता ही है और उसे व उसके परिवार पर भगवान शिव की असीम अनुकम्पा भी प्राप्त होती है।



# परिक्रमा या प्रदक्षिणा के 10 प्रकार

**सभी ग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे हैं और सभी ग्रहों को साथ लेकर यह सूर्य महासूर्य की परिक्रमा कर रहा है। संपूर्ण ब्रह्माण में चक्र और परिक्रमा का बड़ा महत्व है। भारतीय धर्मों (हिन्दू, जैन, बौद्ध आदि) में पवित्र स्थलों के चारो ओर श्रद्धाभाव से चलना 'परिक्रमा' या 'प्रदक्षिणा' कहलाता है। आओ जानते हैं कि किन किन की परिक्रमा की जाती है या कितने प्रकार की परिक्रमा की जाती है। ये हैं प्रमुख 10 परिक्रमाएं -**

## देवमंदिर परिक्रमा

जैसे देव मंदिर में जगन्नाथ पुरी परिक्रमा, रामेश्वरम, तिरुवन्नमल, तिरुवनन्तपुरम, शक्तिपीठ, ज्योतिर्लिंग आदि।

## देव मूर्ति परिक्रमा

देवमूर्ति में शिव, दुर्गा, गणेश, विष्णु, हनुमान, कार्तिकेय आदि देवमूर्तियों की परिक्रमा करना।

## नदी परिक्रमा

जैसे नर्मदा, सिंधु, सरस्वती, गंगा, यमुना, सरयु, क्षिप्रा, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी परिक्रमा आदि।

## पर्वत परिक्रमा

जैसे गोवर्धन परिक्रमा, गिरनार, कामदगिरि, मेरू पर्वत, हिमालय, नीलगिरी, तिरुमलै परिक्रमा आदि।

## वृक्ष परिक्रमा

जैसे पीपल और बरगद की परिक्रमा करना।

## तीर्थ परिक्रमा

जैसे चौरासी कोस परिक्रमा, अयोध्या, उज्जैन या प्रयाग पंचकोशी यात्रा, राजिम परिक्रमा, सप्तपुरी आदि।

## चार धाम परिक्रमा

जैसे छोटा चार धाम (केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री) परिक्रमा या बड़ा चार धाम (बद्रीनाथ, द्वारिका, जगन्नाथ और रामेश्वरम) यात्रा।

## भरत खण्ड परिक्रमा

अर्थात संपूर्ण भारत की परिक्रमा करना। परिवाज्रक संत और साधु ये यात्राएं करते हैं। इस यात्रा के पहले क्रम में सिंधु की यात्रा, दूसरे में गंगा की यात्रा, तीसरे में ब्रह्मपुत्र की यात्रा, चौथे में नर्मदा, पांचवें में महानदी, छठे में गोदावरी, सातवें में कावेरी, आठवें में कृष्णा और अंत में कन्याकुमारी में इस यात्रा का अंत होता है। हालांकि प्रत्येक साधु समाज में इस यात्रा का अलग–अलग विधान और नियम है।

## विवाह परिक्रमा

मनु स्मृति में विवाह के समक्ष वधू को अग्नि के चारों ओर तीन बार प्रदक्षिणा करने का विधान बतलाया गया है जबकि दोनों मिलकर 7 बार प्रदक्षिणा करते हैं तो विवाह संपन्न माना जाता है।

## माता पिता की परिक्रमा

भगवान गणेशजी ने अपने माता पिता की परिक्रमा की थी जिससे पता चलता है कि इस परिक्रमा का क्या महत्व है।

## शव परिक्रमा

जब कोई किसी का अपना देह छोड़ देता है कि उसकी देह की परिक्रमा की जाती है। दाह संस्कार करते वक्त और करने के बाद मटकी से जल अर्पित करते वक्त भी परिक्रमा की जाती है।

## धरती की परिक्रमा


एक बार देवताओं के बीच में धरती परिक्रमा की प्रतियोगिता हुई थी, जिसमें जीते तो भगवान कार्तिकेय थे परंतु गणेशजी ने माता पिता की परिक्रमा करके यह प्रतियोगिता जीत ली थी।

## ब्रह्मांड की परिक्रमा

यह परिक्रमा नारद जी करते रहते हैं।

## किस देव की कितनी बार परिक्रमा?

- भगवान शिव की आधी परिक्रमा की जाती है।
- माता दुर्गा की एक परिक्रमा की जाती है।
- हनुमानजी और गणेशजी की तीन परिक्रमा की जाती है।
- भगवान विष्णु की चार परिक्रमा की जाती है।
- सूर्यदेव की चार परिक्रमा की जाती है।
- पीपल वृक्ष की 108 परिक्रमाएं करना चाहिए।
- जिन देवताओं की प्रदक्षिणा का विधान नहीं प्राप्त होता है, उनकी तीन प्रदक्षिणा की जा सकती है।



# ब्रह्मा के पुत्र क्रतु ऋषि के थे 60 हजार पुत्र

**पुराणों अनुसार ब्रह्मा जी के मानस पुत्र- मन से मारिचि, नेत्र से अत्रि, मुख से अंगिरस, कान से पुलस्त्य, नाभि से पुलह, हाथ से कृतु, त्वचा से भृगु, प्राण से वशिष्ठ, अंगुष्ठ से दक्ष, छाया से कंदर्भ, गोद से नारद, इच्छा से सनक, सनन्दन, सनातन, सनतकुमार, शरीर से स्वायंभुव मनु, ध्यान से चित्रगुप्त आदि। आओ जानते हैं ऋषि अंगिरा के बारे मं संक्षिप्त में जानकारी।**

## ब्रह्मा के पुत्र कृतु ऋषि :

- कृतु या क्रतु का जन्म ब्रह्माजी के हाथ से हुआ था। क्रतु 16 प्रजापतियों में से एक हैं। इनकी गणना सप्तर्षियों में की जाती है।
- ब्रह्मा की आज्ञा से उन्होंने दक्ष प्रजापति और क्रिया की पुत्री सन्नति से विवाह किया था। कहते हैं कि क्रतु और सन्नति से 'बालिखिल्य' नाम के 60 हजार पुत्र हुए। इन बालखिल्यों का आकार अंगूठे के बराबर माना जाता है। यह सभी पुत्र भगवान सूर्य के उपासक थे। सूर्य के रथ के आगे अपना मुख सूर्य की ओर किये हुए बालखिल्य चलते हैं और उनकी स्तुति करते हैं। इन ब्रह्मर्षियों की तपस्या शक्ति सूर्यदेव को प्राप्त होती रहती है।
- पुराणों अनुसार एक बार महर्षि मरीचि के पुत्र महर्षि कश्यप एक यज्ञ कर रहे थे। उन्होंने अपने तात महर्षि क्रतु से निवेदन किया कि वे उस यज्ञ के लिए ब्रह्मा का स्थान ग्रहण करें। अपने भतीजे के निवेदन पर महर्षि क्रतु अपने 60 हजार पुत्रों के साथ महर्षि कश्यप के यज्ञ में पधारे। उसी यज्ञ में देवराज इंद्र और महर्षि क्रतु के पुत्र बालखिल्यों में विवाद हो चला तब अपने पिता और महर्षि कश्यप द्वारा बीच–बचाव करने पर बालखिल्यों ने ही पक्षीराज गरुड़ को महर्षि कश्यप को पुत्र रूप में प्रदान किया था।
- पुराणों में महर्षि क्रतु की दो बहनों– पुण्य एवं सत्यवती का भी वर्णन मिलता है। महर्षि क्रतु और सन्नति की एक पुत्री का नाम भी पुण्य था। इसके साथ ही पर्वासा नाम की एक पुत्रवधु का भी वर्णन मिलता है।
- सर्वप्रथम वेद एक रूप में ही ब्रह्मा द्वारा उत्पन्न किए गए थे। बाद में महर्षि क्रतु ने ही वेदों के चार भाग करने में उनकी सहायता की थी। आगे चलकर वराहकल्प में क्रतु ऋषि ही महाभारत काल में वेद व्यास ऋषि हुए।
- मनु के पुत्र उत्तानपाद और उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव से महर्षि क्रतु अत्यंत प्रेम करते थे। जब अपने पिता से उपेक्षित होकर ध्रुव ने परमलोक की प्राप्ति करने की सोची तो सबसे पहे वो महर्षि क्रतु के पास गया। क्रतु ने ध्रुव को भगवान विष्णु की तपस्या करने की सलाह दी। बाद में देवर्षि नारद द्वारा अनुमोदन करने पर ध्रुव ने विष्णुजी की घोर तपस्या की और उनकी कृपा से परमलोक को प्राप्त हुआ। क्रतु ऋषि नाम का एक तारा है जो ध्रुव की परिक्रमा करने में आज भी लीन है। ध्रुव के प्रति अपने प्रेम के कारण ही महर्षि क्रतु उसके समीप चले गए।
- पुराणों में महर्षि क्रतु को महर्षि अगस्त्य के वातापि भक्षण और समुद्र को पी जाने के कारण उनकी प्रशंसा करते हुए भी बताया गया है। कुछ ग्रंथों में इस बात का वर्णन है कि महर्षि क्रतु ने महर्षि अगस्त्य के पुत्र ईधवाहा को भी गोद लिया था। इसके अलावा महाराज भरत ने महर्षि क्रतु से देवताओं के चरित्र के विषय में प्रशन किया था। तब महर्षि क्रतु ने उनकी इस शंका का समाधान किया था।
- क्रतु नाम से एक अग्नि का नाम भी है और श्रीकृष्ण और जाम्बवती के कई पुत्रों में से एक का नाम क्रतु था। प्लक्षद्वीप की एक नदी का नाम भी क्रतु है। क्रतु का एक अर्थ 'आषाढ़' भी होता है और वर्ष के इसी मास में अधिकांश यज्ञ करने का प्रावधान शास्त्रों में बताया गया है।
- मैत्रेय संहिता के अनुसार एक बार यज्ञ से प्राप्त पशुओं का देवाताओं ने विभाजन कर दिया और उन्होंने रुद्र को उस विभाजन के हिस्से में शामिल नहीं किया तब रुद्रदेव क्रोधित हो गए और उन्होंने देवताओं पर आक्रमण कर दिया। इस आक्रमण में पूषणा के दन्त, भग के नेत्र और क्रतु के अंडकोषों को नष्ट हो गए। बाद में ब्रह्माजी ने उनकी स्तुति करके उन्हें शांत किया और उन्हें 'पशुपति' की उपाधि दी। फिर रुद्रदेव ने सभी को पहले जैसा कर दिया।

# झुर्रियों के लिए करें एक्स्ट्रा केयर



**प्रदूषण** धूल-मिट्टी, तनाव, धूप और दौडभाग न जाने कितनी चीजों का सामना करना पडता है हमारी त्वचा को। ऐसे में समय रहते उचित देखभाल न करने से उम्र से पहले ही चेहरे पर झुर्रियां पड जाती हैं। यदि चेहरे व शरीर की त्वचा की सही देखभाल की जाए तो वर्षों तक चेहरा स्निग्ध व कमनीय बना रहेगा।

**झुर्रियां क्यों पडती हैं**

- समय के साथ त्वचा का प्राकृतिक तेल नष्ट होने लगता है और त्वचा में सूखापन आने लगता है। रूखी त्वचा पर पपडी वाले चकत्ते पड जाते हैं। त्वचा में नमी व चिकनाई का अभाव हो जाता है। जिसके कारण त्वचा और आंखों के आसपास भी लकीरें उभरने लगती हैं। गर्दन व गालों पर झुर्रियां पडने लगती हैं।
- सूर्य की तेज किरणें भी त्वचा की शत्रु हैं। वैसे तो शरीर के स्वास्थ्य के लिए सूर्य की किरणों से मिलने वाला विटमिन डी अति आवश्यक है, परंतु चेहरे की मुलायम त्वचा को सूरज की तेज किरणों से बचाना आवश्यक होता है। अन्यथा चेहरा झुलस सकता है। तेज यूवीए और यूवीबी किरणों से त्वचा का कैंसर तक होने का खतरा होता है।
- त्वचा हर क्षण, हर मौसम में बदलती है। उदाहरण स्वरूप खुशी के माहौल में, ठहाके लगाते समय हमारी त्वचा में अतिरिक्त निखार और चमक आ जाती है। जब हम दुखी और गमगीन माहौल या मूड में होते हैं तो हमारी त्वचा कुम्हला जाती है।
- तेल ग्रंथियों के कम सक्रिय होने की वजह से त्वचा में रूखापन आ जाता है। रूखी त्वचा खुश्की का शिकार होती है, जिसकी वजह से जल्दी झुर्रियां पडती हैं।

**झुर्रियां कैसे दूर करें**

असमय झुर्रियों के लिए आप क्या करें और क्या न करें, जानें-

**क्या करें**

- त्वचा को हमेशा साफ रखें, तेज डिटरजेंट के इस्तेमाल से बचें। चेहरे के लिए हमेशा ग्लिसरीनयुक्त साबुन का प्रयोग करें। मौसम परिवर्तन होने पर तेज गर्म पानी से नहाने के बजाय ठंडे या गुनगुने पानी से ही नहाएं। मुंह में पानी भर कर ठंडे पानी से छींटे मारें। झुर्रियां कम होंगी।
- सिबेशियस ग्रंथि से निकलने वाला सीबम त्वचा को नर्म और लचीला बनाता है। इसीलिए त्वचा को रूखा न रहने दें। रूखी त्वचा पर झुर्रियां जल्दी पडती हैं। ऐसे में अतिरिक्त नमी प्रदान करने के लिए मॉयस्चराइजिंग लोशन का प्रयोग करें।
- त्वचा की कोशिकाएं नमी के अभाव में निष्क्रिय होने लगती हैं। अत: रूखी त्वचा वालों को नमीयुक्त सौंदर्य प्रसाधन ही इस्तेमाल करने चाहिए।
- नियमित व्यायाम करें। योग अभ्यास से भी त्वचा कसावदार व कांतिपूर्ण होती है।

**क्या न करें**

- अधिक समय तक तेज धूप से अपनी त्वचा को बचाएं। यदि धूप में जाना ही पडे तो छाते या लेडीज हैट का प्रयोग करें।
- भोजन पर नियंत्रण रखें। पौष्टिक आहार त्वचा के लिए महत्वपूर्ण है। भोजन में प्रोटीन, वसा, फल, हरी सब्जियां, विटमिंस तथा खनिजों की कमी न होने दें। माडयुक्त भोजन अधिक न लें।
- अनावश्यक या जबर्दस्ती न मुसकराएं और न ही बनावटी भाव भंगिमाएं प्रदर्शित करें। स्वाभाविक तरीके से हंसे और मुसकराएं।
- धूम्रपान न करें। धूम्रपान से भी असमय त्वचा पर लकीरें उभर आती हैं।

**त्वचा पर कसाव लाने वाले पैक**

- एक अंडे में एक चम्मच संतरे का पाउडर और नीबू की चार बूंदें, चार चम्मच थर्मो पैक, दो चम्मच मुलतानी मिट्टी और दो चम्मच चंदन पाउडर मिलाकर गाढा सा क्रीम जैसा पैक बनाएं। इसे 20-25 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें। ऐसा सप्ताह में एक बार नियमित रूप से करें। पैक लगाने से पहले अरोमा ऑयल या बादाम के तेल से 15-20 मिनट तक हलके हाथों से चेहरे की त्वचा पर नीचे से ऊपर की तरफ मालिश करें।
- इसके अलावा केले को मसल कर उसमें थोडा सा शहद मिलाएं। उसके बाद सूखी त्वचा पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड दें।
- अंडे का पीला भाग, आधा चम्मच शहद, दो बूंद नीबू का रस, बादाम के तेल की 4-6 बूंदें और दो बूंद ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाने से मेकअप के पहले की तैयारी में त्वचा पर अच्छा प्रभाव पडेगा।
- कच्चे दूध से चेहरा साफ करने व फेस पैक में शहद और संतरे का रस मिलाकर लगाने से त्वचा में निखार आता है।
- नीम, पुदीना, तुलसी की पत्ती का पाउडर और मेथी पाउडर एंटीसेप्टिक का काम करता है। लाल चंदन शीतलता और चिकनाहट प्रदान करता है।
- मूली कस कर रस निकालें व समान मात्रा में मक्खन मिलाकर चेहरे व गर्दन पर लगाएं। एक घंटे बाद हलके गरम पानी से धो दें।
- गरम पानी में संतरे के छिलके डाल दें। रात भर पडे रहने दें। सुबह इसी पानी से चेहरा धोएं। ऐसा करने से त्वचा में गजब का कसाव आ जाएगा।

# मावा काजू गोटा



**सामग्री :** 100 ग्राम मावा, 2 आलू (उबले व मैश किए हुए), 1/4 कप हरी धनिया, 3-4 ब्रेड स्लाइस (मिक्सर में क्रश कर लें), 1 टीस्पून अदरक-मिर्ची का पेस्ट, 1 टीस्पून गरम मसाला, 1/4 टीस्पून कालीमिर्च पाउडर, 1 नींबू का रस, नमक स्वादानुसार, तलने के लिए तेल।

**भरने के लिए :** थोड़े से काजू व डिब्बाबंद पाइनेप्पल।

**विधि :** गोटे की सभी सामग्रियों को मिला लें। इसके छोटे-छोटे गोले बनाकर काजू और पाइनेप्पल को स्टफ करके गोल गोटे बना लें। सुनहरा होने तक तलें।

# करें कपड़ों की देखभाल

**कपड़े** पहनने का शौक हर इंसान को होता है। ऐसे तो सभी कपड़ो की देखभाल जरूरी है पर कीमती कपड़ों को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। बिना सही देखभाल के कपड़ों की चमक खत्म हो जाती है, कुछ बातों का जरा ध्यान देने पर कपड़ों की सही देख-भाल की जा सकती है



- डिटरजेंट हमेशा अच्छी क्वालिटी का ही लें। सूती, ऊनी, रेशमी कपड़ों के लिए अलग-अलग डिटरजेंट का इस्तेमाल करें।
- शीशे या मोती जड़े कपड़े मशीन में न धोएं। मशीन के तेज घूमने से ये टूट सकते हैं या निकलकर चक्के में फंस सकते हैं।
- कई बार ज्यादा साबुन के प्रयोग से कपड़े पीले और रंगहीन हो जाते हैं। डिटरजेंट का इस्तेमाल जरूरत से न कम न ज्यादा करें। कई महिलाएं मानती हैं कि जितना साबुन रगड़ा जाएगा कपड़े उतने ही साफ धुलेंगे। यह धारणा सही नहीं है।
- कपड़े खरीदते समय मैन्युफेक्चरर कंपनी द्वारा कुछ सावधानियां दी जाती हैं, उनका पालन अवश्य करें।
- कंपनी द्वारा दी गई सावधानी पर निर्भर रहते हुए, कपड़ों को गर्म या ठंडे पानी में धोएं और छाया में सुखाएं।
- चमड़े का जैकेट, कंबल आदि कभी न घर में धोएं। महंगे कपड़े जो धोने में खराब हो सकते हैं, इन्हें ड्राइक्लीन करवाएं।
- रंग छोड़ने वाले कपड़ों ज्यादा देर तक पानी में न भिगोएं। उनका रंग निकल जाता है।
- बाजार में कलर फिक्सर मिलते हैं। इनमें निर्देशानुसार कपड़ों को भिगोएं, इससे कपड़ों का रंग नहीं निकलेगा।
- सिल्क की साड़ी यदि घर में धोनी है तो साबुन में दो चम्मच मिट्टी का तेल डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। साड़ी की चमक बनी रहेगी।
- रेशमी कपड़ों को नहाने के साबुन या रीठे के घोल से धो सकती हैं।
- रेशमी कपड़ों को गुनगुने पानी से हल्के हाथ से रगड़कर धोएं। इन्हे कभी कस कर नहीं निचोड़े। हल्का सा दबाकर पानी निकालें और उल्टा करके छाया में सुखने दें। ऐसे कपड़ों को कभी भी धूप में ना सुखाएं।
- रेशमी कपड़ों को धोने के बाद बिना सुखाए न छोड़े वरना कपड़ों में सिकुड़न पड़ सकती है।

# सौंदर्य टिप्स



- पुदीने की चटनी बनाते समय पुदीने की पत्तियों को पीस कर एक चम्मच अलग रख लें। फिर उसमें चंदन का तेल, घिसी हुई जायफल और कच्चा दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। दो घंटे बाद धो लें। मुंहासों के उपचार के लिए यह उपाय सबसे बेहतरीन है।
- एक चम्मच चने की दाल को दूध में रात भर के लिए भिगो दें। सुबह पीस कर इसमें हल्दी, मलाई और दो-चार बूंद गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं। सूखने पर हलके हाथों से मलकर छुडाएं। आधे घंटे बाद धो लें। यह तैलीय त्वचा के लिए प्रभावी उबटन है।
- चेहरे के दाग-धब्बे, त्वचा का सूखापन और झुर्रियां दूर करने के लिए मेथी के पत्तों को पीस कर चेहरे पर पांच मिनट तक लगाएं। फिर साफ पानी से धो लें।
- बढती आयु या अधिक मेकअप की वजह से यदि रोमछिद्र बडे हो गए हों तो नीबू का रस कच्चे दूध में मिलाकर चेहरे पर लगाएं।
- कील मुंहासे, दाग या चेहरे पर निशान लंबे समय तक नारियल पानी लगाने से मिट जाते हैं। यदि नारियल पानी उपलब्ध न हो तो दूध में बताशा भिगोकर या पानी में मिश्री भिगोकर चेहरे पर लगाएं। धीरे-धीरे दाग धब्बे दूर होंगे।
- चेहरे की रंगत निखारने के लिए आंवले के चूर्ण को दाल या सब्जी में अमचूर के स्थान पर डाल कर खाएं। भोजन के बाद आंवले के चूर्ण को फांक लें। इससे खून साफ होता है, त्वचा में निखार आता है।
- बालों की सफेदी हटाने के लिए मेहंदी में आंवला, मेथी दाना, चुकंदर का रस मिलाकर लगाने से वे कुदरती तौर पर काले और चमकदार दिखते हैं।

# कारपेट व फर्श की सफाई

- लिनोलियम का फर्श डिटर्जेंट से साफ करें। ब्लीच या सोडा का इस्तेमाल न करें।
- लिनोलियम पर केरोसिन का पोंछा लगाएं। गंदगी आसानी से साफ हो जाएगी।
- ग्रेनाइट का फर्श साबुन व पानी से धोएं।
- संगमरमर के फर्श को किसी भी क्लीनिंग पाउडर व पानी से ब्रश की सहायता से रगड़ कर साफ करें। फिर केरोसिन मिले पानी से पोंछा लगाएं।
- मैट या कारपेट पर चिपकी चुइंगम को साफ करने के लिए बर्फ के टुकड़े का इस्तेमाल करें।
- नए वूलेन कारपेट को ब्रश के बजाय झाड़ू से साफ करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै:-शनै: बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

## काकुरो पहेली - 1972




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 1971 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक साहब अपने दोस्त से कहने लगे- ''मेरी घरवाली बहुत झुठी है. वह कल दो घण्टे घर से गायब रही और वापसी पर मुझे बताया कि वह अपनी सहेली गीता के साथ फिल्म देखने गई थी !''

''मगर तुम्हें इस बात का पता कैसे चला कि वह झूठ बोल रही है.''

''उस समय मैं गीता के साथ फिल्म देख रहा था.'' साहब ने जवाब दिया.

इस पर दोस्त खामोश हो गया.


एक महिला एक निमन्त्रण में गई.

वहां उसने हर व्यक्ति को अपनी उम्र अलग-अलग बताई. किसी को बीस, किसी को पच्चीस तो किसी को तीस. यह देख उसकी एकमात्र बेटी उसे खींचकर कोने में ले गई और बोली- ''मम्मी ! तुम किसी को कुछ भी आयु बताओ ! मगर इतना ध्यान अवश्य रखना कि मेरी और तुम्हारी उम्र में कम-से-कम नौ महीने का अन्तर रहे.''

एक आदमी ने जज से अपनी घरवाली को तलाक देने का कारण बताते हुए कहा- ''मेरी घरवाली ने शादी के बाद से अब तक केवल एक बेटी को जन्म दिया है. मगर मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं एक बेटे का बाप बनूं.''

इस पर पत्नी तमककर बोली- ''जज साहब ! अगर मैं इनके भरोसे रहती तो यह बेटी भी नहीं होती !''

## फिल्म वर्ग पहेली- 1972




**बायें से दायें:-**

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंन्द्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी ?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1971



## सूडोकु -1972


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1971 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 1972



**बाएँ से दाएँ**

1.पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5.मजार-4
8.बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9.तहजीब,तमीज-3
10.सत्य,तेज-2
11.पतंगा-4
12.ईसाई साध्वी-2
14.इंकार करना-4
16.उत्तम,आदर्शवादी-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
20.पागलपन,सनक-5
23.पालन-पोषण-5
26.आनंद लेना-2,2
27.बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29.अप्रधान,गौण-4
30.ठाठ-बाट-2
32.अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33.रहस्य-2
35.गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36.कमरा,रूम-2
37.जल में रहने वाला-4
38.धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1.पलायन करने वाला-6
2.जंगल-2
3.दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4.जिव्हा,जीभ-3
5.घर,भवन-3
6.यात्री गाड़ी-2
7.चौबीस घंटे का समय-4
11.परीक्षण करना-4
13.भीगा हुआ-2
15.खीजना-4
17.उपस्थिती-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
19.संपत्ति-2
21.उचित,सही-3
22.पंख,पराया-2
24.देश निर्वासन-4
25.अंगरक्षक-3,3
27.हाथी-4
28.मद,सरूर-2
29.अनुसार,समान-4
31.निगाह,दृष्टि-3
32.हथियार-3
34.पानी,नीर-2
36.सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

शब्द पहेली - 1971 का हल



## पत्नी ने दांत से काट डाला पति का प्राइवेट पार्ट, अप्राकृतिक संबंध बनाने से थी नाराज

**हमीरपुर.** यूपी के हमीरपुर में एक पत्नी ने अपने पति का प्राइवेट पार्ट दांत से काट डाला। वह पति द्वारा अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने से नाराज थी। उसने आरोप लगाया कि बार-बार विरोध के बावजूद शनिवार की रात भी पति ने ऐसी ही हरकत की जिसे वह बर्दाश्त नहीं कर सकी और गुस्से में ये खौफनाक कदम उठा लिया। डॉक्टरों ने घायल पति को हमीरपुर से कानपुर रेफर कर दिया है। पति की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पत्नी को फिलहाल वन स्टॉप सेंटर में पुलिस कस्टडी में रखा गया है।


यह घटना हमीरपुर की सदर कोतवाली के एक गांव की है। पति की उम्र 27 वर्ष है। इस दंपती के तीन बच्चे हैं। पत्नी का आरोप है कि पति उसके साथ आप्राकृतिक संबंध बनाता है। कई बार वह इसका विरोध कर चुकी थी, लेकिन पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। शनिवार की रात भी यही सब कुछ होने लगा। इस बार उससे रहा नहीं गया और उसने दांतों से पति का प्राइवेट पार्ट बुरी तरह से काट खाया, जिससे उसका अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर लहूलुहान हो गया। पत्नी की इस खौफनाक हरकत से पति बिलबिला उठा। उसे रात में ही जिला अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। रविवार की सुबह पत्नी तीनों बच्चों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गई। उसे डर था कि पति उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएगा। कलेक्ट्रेट चौकी में बैठी पत्नी को कुछ देर बाद कोतवाली पुलिस वन स्टॉप सेंटर ले गई। जहां उसे पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

इस संबंध में सदर कोतवाल अनूप सिंह का कहना है कि पति-पत्नी के बीच पहले भी कई बार मारपीट हो चुकी थी। पति की हरकतों से महिला तंग थी। जिसके चलते उक्त घटना हुई है। पति की तहरीर के आधार पर पत्नी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 324 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सोमवार को कोर्ट में इसका बयान कराया जाएगा।

**क्या बोले डॉक्टर**

शनिवार की देर रात पत्नी द्वारा प्राइवेट पार्ट काटे जाने से घायल पति को परिवारीजन गंभीर हालत में लेकर सदर अस्पालत पहुंचे थे। उस वक्त ड्यूटी पर मौजूद रहे डॉ.एके सिंह ने बताया कि प्राइवेट पार्ट बुरी तरह से क्षतिग्रस्त था। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को कानपुर रेफर किया गया था। दूसरे दिन रविवार की शाम को उसकी पत्नी को पुलिस मेडिकल के लिए लेकर आई थी, तब उसने पति द्वारा आप्राकृतिक रूप से संबंध बनाने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि आप्राकृतिक रूप से सेक्स करना भी एक प्रकार की बीमारी है। ऐसे मरीजों को सेक्सोलॉजिस्ट से परामर्श लेने की जरूरत होती है।

## सॉरी मम्मी पापा मैं छ्नश्वश्व नहीं कर सकती...घर के कमरे में फांसी लगा 18 साल की छात्रा ने किया सुसाइड




**नेशनल डेस्क.** राजस्थान के कोटा में छात्रों के सुसाइड का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। IIT JEE Mains की तैयारी कर रही एक और छात्रा ने खुदकुशी कर ली है। जिसने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। मृतक छात्रा ने का 2 दिनों बाद ही JEE Mains का एग्जाम था इससे पहले उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

आत्महत्या से पहले छात्रा ने एक सुसाइड नोट छोड़ा जिसमें लिखा, मम्मी-पापा मैं छ्नश्वश्व नहीं कर सकती इसलिए सुसाइड कर रही हूं, मैं कारण हूं, मैं सबसे खराब बेटी हूं, सॉरी मम्मी पापा यही आखिरी विकल्प है। सुसाइड नोट लिखने के बाद कोटा में JEE Mains की तैयारी कर रही 18 साल की छात्रा ने अपने ही घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड किया है। जानकारी के मुताबिक कोचिंग का कोर्स खत्म होने के बाद वो घर से ही परीक्षा की तैयारी कर रही थी। इससे पहले कोटा में नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। छात्र की उम्र 17 से 18 साल थी।

## डूबता बिहार, उड़ता परिवार; सत्ता बदलते ही लालू फैमिली पर वार, पटना में चस्पा हुए पोस्टर

राजधानी पटना में लगे पोस्टर चर्चा का विषय बन गए हैं। जिसमें लालू यादव के परिवार को दिखाया गया है और पोस्टर में लिखा है कि फर्श से अर्श तक। डूबता बिहार, उड़ता परिवार। और चिंता बिहार का नहीं परिवार का।




**पटना.** बिहार में सत्ता परिवर्तन के साथ ही राजद सुप्रीमो लालू यादव पर पोस्टर के जरिए निशाना साधा गया है। जिसमें लालू और राबड़ी के पुरानी फोटो दिखाई गई है। जो उस वक्त की है। जब लालू परिवार संग छोटे से घर में रहते थे। तस्वीरों में राबड़ी देवी काम करती दिख रही है वहीं लालू यादव बच्चों को गोद में लिए है। वहीं दूसरी तस्वीर में लालू यादव के छोटे लाल तेजस्वी यादव पिता संग बड़े आलीशान घर में केक काटते दिख रहे हैं।

पटना के डाक बंगले में चौराहे पर लगे इस बड़े पोस्टर में ऊपर लिखा है कि चिंता बिहार का नहीं परिवार का, डूबता बिहार उड़ता परिवार। वहीं नीचे लिखा है फर्श से अर्श तक। हालांकि ये पोस्टर किसने लगाए हैं। इसका अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

हालांकि इससे पहले कल पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर बड़ा हमला बोला था। और कहा था कि नीतीश कुमार थके हुए मुख्यमंत्री हैं, वो हम लोगों ने उनसे इतना काम करना लिया। 17 साल बनाम 17 महीने के काम की उपलब्धियां तेजस्वी ने गिनाई थी।

इससे पहले नीतीश कुमार ने 24 जनवरी को कर्पूरी ठाकुर जयंती के मौके पर परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग परिवार को बढ़ाने में ही लगे रहते हैं। लेकिन उन्हीं के आदर्शों पर वो चल रहे हैं। और इसीलिए उन्होंने भी अपने परिवार को नहीं बढ़ाया है।

नीतीश का इशारों-इशारों में लालू यादव पर निशाना था। जिसके बाद लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने भी ट्वीट के जरिए निशाना साधा था। जिस पर काफी बवाल मचा था। और फिर उन्हें तीनों ट्वीट डिलीट करने पड़े थे।

## मंदिर में शराब पीने से रोका तो महंत समेत डबल मर्डर, 1200 लोगों से पूछताछ के बाद 2 सगे भाई और हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**खटीमा.** भारामल मंदिर के महंत हरिगिरी महाराज और सेवादार रूप सिंह की हत्या की साजिश दो सगे भाइयों ने पीलीभीत के गैंगस्टर पवन के साथ मिलकर रची थी। आरोपियों ने डंडों से पीटकर निर्मम तरीके से दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था। पुलिस ने पूरे मामले की गुत्थी को सुलझाते हुए 23वें दिन हत्याकांड का खुलासा किया।

पुलिस के मुताबिक रामपाल अक्सर श्मशान घाट में रहता है और आने-जाने वाले लोगों से पैसे मांग कर अपना गुजारा करता था। महंत हरिगिरी के डांटने पर उसने बदला लेने का मन बना लिया था। इस काम में उसने अपने सगे भाई कालीचरण की मदद ली। कालीचरण भारामल मंदिर में ही 5 साल पूर्व सेवादार के रूप में काम कर चुका था और आसपास के क्षेत्र से पूरी तरह वाकिफ था।

आरोपियों ने इसी का फायदा उठाकर घटनाक्रम को बड़ी आसानी से अंजाम दिया। चार जनवरी की रात आरोपी मंदिर पहुंचे। तभी महंत हरिगिरी जाग गए। तीनों ने डंडों और दरांती से महंत पर हमला कर दिया। शोर सुनकर सेवादार नन्हे पहुंचा तो उस पर भी हमला कर दिया। उसे मरा समझकर दान पात्र से रुपये निकालने लगे।

दूसरे सेवादार रूप सिंह बिष्ट को आता देख उस पर भी हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद रात में पैदल सूखी नदी के पुल को पार कर जंगल में छिपे रहे। अगले दिन पीलीभीत लौट गए। कोर्ट में पेशी के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है।

23 दिन, 12 सौ लोगों से पूछताछ पर मिला सुराग

भारामल बाबा मंदिर में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने के लिए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। तीन जिलों की पुलिस 23 दिनों तक दो राज्यों की खाक छानने के बाद आरोपियों तक पहुंची। इसके लिए यूपी व उत्तराखंड के कई जनपदों के 1500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

1200 लोगों से पूछताछ की और 1000 लोगों का सत्यापन हुआ। डीआईजी और एसएसपी ने मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को नगद ईनाम देने की घोषणा की है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस को शुरू से ही लूट के चलते हत्याकांड का शक था। इसलिए तकनीकी सर्विलांस, फॉरेंसिक टीम, डाग स्क्वायड टीम को जांच में लगाया। पुलिस ने घटना से पूर्व हुए भंडारे में आए दुकानदारों, संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया।

ऊधमसिंह नगर के अलावा बरेली, पीलीभीत, हल्द्वानी सहित आसपास आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के बारे में जानकारी जुटाई गई।

सर्विलांस टीम के जरिये पुलिस को घटना के दिन मंदिर के आसपास कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबर एक्टिव मिले थे।

## पूर्व सीएम हरीश रावत का ऐलान, सीएम पुष्कर सिंह सरकार के खिलाफ धरना देने का प्लान

**देहरादून.** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत टिहरी विस्थापितों की मांग को लेकर 01 फरवरी को गाँधी पार्क में धरने पर बैठेंगे। रावत ने सरकार पर आरोप लगाया कि हरिद्वार के पथरी में विस्थापित टिहरी बाँध प्रभावितों को 45 साल बाद भूमिधरी का अधिकार लटकाया जा रहा है। रावत ने कहा कि टिहरी बाँध हमारा अभिमान है। लोगों ने राष्ट्र और राजनेताओं के अभिमान पर अपना सबकुछ कुर्बान कर दिये।



उनसे किए गए वायदे राष्ट्र के बादे थे। हर परिवार को नौकरी का वायदा किया था कल्याण सिंह सरकार ने दुर्भाग्य से इसे विड्रा कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने क्षति पूर्ति के लिए कमेटी बनाने के लिए कहा था। गांव भूधसाव कर रहे हैं। समीक्षा रोक दी गई। प्रतिकर के मामले रुके पड़े हैं।

हरिद्वार पथरी में बसे लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। 45 साल बाद भी मालिकाना हक नहीं दे पा रहे हैं। घर के नाम पर बैंक से कर्ज नहीं ले पा रहे हैं। पिछली बार बाढ़ आई, आज भी स्थिति चिंताजनक है। भूमिधरी अधिकार नहीं दिया जा रहा। भराड़ीसैण विधानसभा में आश्वासन दिया गया। मुख्यमंत्री की हरिद्वार के विधायक के साथ बैठक होती है, अधिकारीयों को आदेश दिए, अधिकारी गड़े मुर्दे उखाड़ रहे हैं। वन विभाग सर्वेक्षण करवाता है कि जो जमीन है आवंटित हुई वो 23 हेक्टेयर ज्यादा है।

## कोहरे से कई ट्रेनें रद्द, वंदे भारत एक्सप्रेस-हावड़ा समेत कई ट्रेन 1 से 16 घंटे की देरी से चलीं

**लक्सर.** खराब मौसम और घने कोहरे की वजह से रेल यात्रियों की मुसीबत बढ़ गई है। लंबी दूरी पर यात्रा करने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूपी, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम बंगाल, बिहार आदि राज्यों से होकर गुजरने वाली ट्रेनों एक से 16 घंटे देरी से चल रहीं हैं। कोहरे की वजह से कई घंटे तक देरी से चलने की वजह से ट्रेनों को रद्द भी किया जा रहा है।

उत्तराखंड के हरिद्वार के समीप लक्सर से होकर गुजरने वाली लक्ष्मीबाई नगर से योगनगरी ऋषिकेश 14317 योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, जयनगर से अमृतसर 14673 शहीद एक्सप्रेस, कुचुवेली से योगनगरी ऋषिकेश 22659 योगनगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस और अमृतसर बनमंखी के बीच चलने वाली 14617 अप

खराब मौसम और घने कोहरे की वजह से रेल यात्रियों की मुसीबत बढ़ गई है। लंबी दूरी पर यात्रा करने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैयात्रियों की मुसीबत बढ़ी है।

व 14618 डाउन जनसेवा एक्सप्रेस दोनों तरफ से रद्द रही।

कुछ गाड़ियां काफी लेट भी हुई। हावड़ा से योगनगरी ऋषिकेश । 13009 दून एक्सप्रेस सबसे ज्यादा 16 घंटे देरी से चली। योगनगरी ऋषिकेश से पुरी 18478 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस व हावड़ा से देहरादून 12369 कुंभ एक्सप्रेस 4-4 घंटे, बांद्रा (मुंबई) से हरिद्वार 19019 हरिद्वार एक्सप्रेस 3 घंटे लेटी थीं।

बाड़मेर से ऋषिकेश 14888 ऋषिकेश एक्सप्रेस 2:30 घंटे, सूबेदारगंज से देहरादून 14113 देहरादून एक्सप्रेस व अमृतसर से देहरादून 14632 देहरादून एक्सप्रेस डेढ़-डेढ़ घंटे, हरिद्वार से पुरानी दिल्ली 14306 हरिद्वार दिल्ली एक्सप्रेस व जम्मूतवी से गोरखपुर 12588 अमरनाथ एक्सप्रेस 1-1 घंटे देरी से चली।

काठगोदाम से देहरादून 12092 दून जनशताब्दी एक्सप्रेस, उदयपुर से योगनगरी ऋषिकेश 19609 योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, लखनऊ से चंडीगढ़ 15011 चंडीगढ़ एक्सप्रेस, देहरादून से आनंद विहार टर्मिनस दिल्ली 22458 वंदे भारत एक्सप्रेस, देहरादून से ओखा 19566 उत्तरांचल एक्सप्रेस भी लेट रही।

अहमदाबाद से योगनगरी ऋषिकेश 19031 योगा एक्सप्रेस व नई दिल्ली से देहरादून 12017 शताब्दी एक्सप्रेस मामूली 20 से 40 मिनट लेट हुई। उधर, देहरादून से सहारनपुर 04374 सहारनपुर स्पेशल एक्सप्रेस, चंदौसी से ऋषिकेश 04359 इंटरसिटी एक्सप्रेस, हरिद्वार से पुरानी दिल्ली 14306 हरिद्वार दिल्ली एक्सप्रेस से देरी से रवाना हुई।

## केरल: कन्नूर अर्बन निधि 'धोखाधड़ी' मामले में ईडी की छापेमारी


श्वष्ठ ने कन्नूर अर्बन निधि लिमिटेड द्वारा करोड़ों रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत सोमवार को केरल में कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

**नेशनल डेस्क.** ED ने कन्नूर अर्बन निधि लिमिटेड द्वारा करोड़ों रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत सोमवार को केरल में कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी त्रिशूर और मलप्पुरम में लगभग चार-पांच परिसरों की तलाशी ले रही है। जांच धोखाधड़ी के एक कथित मामले से संबंधित है जिसमें 12-13 प्रतिशत तक के उच्च रिटर्न का वादा करके जमा राशि एकत्र करके लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई थी। सूत्रों ने कहा कि कन्नूर अर्बन निधि लिमिटेड के प्रवर्तकों पर जमा राशि को निकालने और इस धनराशि को निजी संपत्ति में निवेश करने का आरोप है।

गफूर केएम, शौकत अली, एंथनी एस. और जशीना नामक महिला (वर्तमान में जेल में बंद) सहित प्रवर्तकों एवं निदेशकों के खिलाफ केरल पुलिस और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की 150 से अधिक प्राथमिकी पर ईडी के संज्ञान लेने के बाद जांच एजेंसी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत यह मामला दर्ज किया था।

## राम, कृष्ण और शिव की पूजा ना करने की कसम खाओ, शपथ दिलाने वाला हेड मास्टर अरेस्ट

**बिलासपुर.** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में लोगों को हिंदू देवताओं में विश्वास न करने और बौद्ध धर्म अपनाने की कथित तौर पर शपथ दिलाकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोपी एक सरकारी स्कूल के 60 वर्षीय प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना 22 जनवरी को हुई जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने रतनलाल सरोवर को निलंबित कर दिया, जो भरारी गांव में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक थे। एक दक्षिणपंथी संगठन के पदाधिकारी रूपेश शुक्ला की शिकायत के हवाले से एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने कथित तौर पर उन्हें भगवान शिव, राम और कृष्ण सहित हिंदू देवताओं की पूजा नहीं करने और बौद्ध धर्म का पालन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि यह घटना सरोवर के कथित कृत्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सामने आई। अधिकारी ने बताया कि शिकायत में दावा किया गया है कि उनके इस कृत्य से सनातन धर्म के अनुयायियों की भावनाएं आहत हुई हैं।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने कथित तौर पर उन्हें भगवान शिव, राम और कृष्ण सहित हिंदू देवताओं की पूजा नहीं करने और बौद्ध धर्म का पालन करने की शपथ दिलाई। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

शिकायत के आधार पर रविवार को सरोवर को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि प्रधानाध्यापक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए (धर्म, नस्ल आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव बनाए रखने के प्रतिकूल कार्य करना) और 295ए (किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## 103 साल के बुजुर्ग ने 54 साल छोटी महिला से रचाई तीसरी शादी; जानें दुल्हन किस वजह से हुई तैयार

**भोपाल.** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जिंदगी के आखिरी पड़ाव में चल रहे 103 साल के बुजुर्ग द्वारा खुद से आधी से भी कम उम्र की महिला के साथ शादी करने का अनोखा मामला सामने आया है। बुजुर्ग की यह तीसरी शादी है, जिसकी इलाके में काफी चर्चा हो रही है। दूल्हा और दुल्हन की उम्र में पांच या दस साल नहीं, बल्कि 54 साल का बड़ा अंतर है। 103 साल के सबसे उम्रदराज दूल्हा और 49 साल की दुल्हन का वीडियो सोशल मीडिया में भी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो राजधानी भोपाल के इतवारा में रहने वाले स्वंतत्रता संग्राम सेनी हबीब नजर का है। बुजुर्ग और महिला फिरोज जहां ने पिछले साल शादी की थी, लेकिन अब हाल ही में दोनों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। हबीब ने इस उम्र में शादी करने की वजह बताते हुए कहा कि दूसरी पत्नी की मौत के बाद अकेला महसूस कर रहा था। मेरी सेवा और देखभाल करने वाला कोई नहीं था, इसलिए मैंने फिर से शादी के बारे में सोचा।

## झारखंड के पारा टीचर्स को सोरेन सरकार की सौगात, मानदेय में 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी का आदेश

**रांची.** झारखंड के पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापक) के मानदेय में चार फीसदी की बढ़ोतरी होगी। जनवरी के मानदेय से बढ़ोतरी का लाभ उन्हें मिल सकेगा। राज्य के 61 हजार पारा शिक्षकों को चार फीसदी मानदेय बढ़ोतरी का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने सभी जिलों को दिशानिर्देश दे दिया है।

जिलों के डीईओ-डीएसई को निर्देश दिया गया है कि एक जनवरी से वार्षिक चार फीसदी मानदेय में बढ़ोतरी होनी है। इसमें वैसे पारा शिक्षक जिनके शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच हो चुकी है और जिनका अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा संतोषप्रद सेवा प्रदान की संपुष्टि करा ली गई है, उनके मानदेय



में चार फीसदी की बढ़ोतरी होगी। जनवरी महीने के मानदेय में चार फीसदी बढ़ोतरी के साथ यह राशि उन्हें दी जाएगी। ऐसे पारा शिक्षकों की सूची अविलंब झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को उपलब्ध करायी जाए।ताकि ससमय मानदेय भुगतान की कार्रवाई की जा सके।

जनवरी 2023 से चार फीसदी मानदेय में बढ़ोतरी की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसमें करीब पांच हजार पारा शिक्षक को इसका अब तक लाभ नहीं मिल सका है। नगर निगम में पारा शिक्षकों के अनुशासनिक प्राधिकार नहीं होने की वजह से यह समस्या आयी है। ऐसे पारा शिक्षकों का मामला सुलझने के बाद 2023 के चार फीसदी बढ़ोतरी के अनुसार पूरी लंबित राशि का भुगतान किया जाएगा। ऐसे पारा शिक्षकों के लिए इस साल भी यह समस्या आएगी और फिलहाल भुगतान नहीं हो सकेगा।

## कथा रोक नहीं सकते; धीरेंद्र शास्त्री को HC ने दी झारखंड में दरबार लगाने की इजाजत

**रांची.** पलामू के रजवाडीह में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री( बागेश्वर धाम) के कथा आयोजन की हाईकोर्ट से सशर्त अनुमति मिली है। हाईकोर्ट ने कहा कि धार्मिक आयोजन और कथा को रोका नहीं जा सकता है। सरकार सुगमता से आयोजन के लिए कुछ शर्त लगा सकती है। इसके साथ ही अदालत ने यह याचिका निष्पादित कर दी।

पलामू डीसी ने कथा के आयोजन की अनुमति नहीं दी थी। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। कथा का आयोजन 10 से 15 फरवरी तक होना है। पलामू के डीसी शशि रंजन ने धीरेंद्र कृष्ण



शास्त्री की कथा के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि जहां आयोजन प्रस्तावित है वह नदी तट है और इससे इको सिस्टम प्रभावित होगा। इसके बाद आयोजकों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।



एक ऐसा देश जहां आधुनिक यूरोपीय संस्कृति के साथ-साथ लोग अभी भी अपने पारंपरिक मूल्य और संस्कार भी सहेजे हुए हैं। बादलों में उड़कर बुल्गारिया पहुंच जाना एक सपने जैसा था। चलते हैं यहां

# सपनों की उड़ान जैसी बुल्गारिया की सैर, खूबसूरती ही नहीं यहां का आर्किटेक्चर भी है लाजवाब

तीन दशक पहले मुझे बचपन में बुल्गारिया जाने का मौका मिला था। एक चिल्ड्रेंस कैंप में। उसी की याद को ताजा करने जब मैं दोबारा बुल्गारिया गई, तो महसूस हुआ कि यह स्थान आपको अपनी ओर खींचता है। मुझे अपनी बुल्गारिया यात्रा के दौरान कभी भी सैलानी जैसा एहसास नहीं हुआ, बल्कि ऐसा लगा जैसे मैं कुछ दिनों के लिए वहां बस गई थी। मुझे बुल्गारिया की राजधानी सोफिया और शहर वारना घूमने और रहने का अवसर मिला। बुल्गारिया पहुंचने के लिए हमने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से तुर्की में इस्तांबुल के लिए फ्लाइट पकड़ी। इस्तांबुल से हमें कनेक्टिंग फ्लाइट से बुल्गारियाई शहर वारना पहुंचना था। किन्हीं वजहों से हमारी वह फ्लाइट मिस हो गई और कुछ समय हमें इस्तांबुल एयरपोर्ट की एक लांउज में बिताना पड़ा। देर रात हमें वारना की फ्लाइट मिली और कुछ घंटों में हम वारना शहर में थे।

### विहंगम है वारना का नजारा

मैदान, पहाड़, घाटी, संकरे रास्तों व नदियों का देश है बुल्गारिया। यहां की सबसे बड़ी नदी है इस्कर और सबसे बडी लेक बुर्गस है। आपको जानकर हैरानी भी होगी कि इस देश में करीब 540 नदियां बहती हैं। एक टैक्सी से हम वारना में होटल पैनोरमा पहुंचे। सुनने में अजीब लगता है, लेकिन सच में वहां तक की ड्राइव मन मोह लेने वाली थी। हरे-भरे खेतों, साफ-सुथरी सड़कों और सुरजमूखी के हजारों फूलों के बीच स्टोन फॉरेस्ट तक जाने का रास्ता बेहद मनमोहक था। साथ ही, मन में उतावलापन था कि पत्थरों का जंगल कैसा होगा? स्टोन फॉरेस्ट पहुंचकर सदियों पुराने पत्थर और प्राकृतिक जमीनी सुंदरता और कलात्मकता को देखकर हैरान थे। पेड़, मिट्टी, जंगली पौधे और पत्थरों का यह जंगल पहले एक समुद्र था। पत्थर के खंभों से पटा हुआ यह जंगल बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां का वातावरण बहुत ही साफ और सुंदर है। खूबसूरत फूल-पौधे चारों तरह हरियाली बिखेरते बड़े मनोरम लगते हैं। वारना शहर में घूमते हुए हमारी नजर यहां बने घरों पर पड़ी। बहुत ही सुंदर अपार्टमेंट बने हैं। बुल्गारियाई आर्किटेक्चर बहुत सुंदर, आकर्षक और प्रभावी हैं। बातों-बातों में हम कब वारना पार्क पहुंच गए पता ही नहीं चला। इस पार्क की खासियत है कि आप गार्डन के साथ-साथ बाजार भी घूम लेते हैं। यहां रेस्टोरेंट्स में तुर्की व बुल्गारियाई व्यंजन काफी पसंद किए जाते हैं। अगली सुबह हमें बल्चिक-कलियाकारा जाना है, जो वारना के पास ही बसा एक कस्बा है। यह ब्लैक सी के पास ही स्थित है।

### कलियाकारा केप

कलियाकारा केप पहुंचने पर हमें यहां एक आर्कियोलॉजिकल साइट भी देखने को मिली, जो एक म्यूजियम की तरह है। यह एक तरह से यहां की सभ्यता का प्रतीक है। इस म्यूजियम में हजारों साल पुरानी सभ्यता की निशानियां रखी हैं। इनमें बर्तन, हथियार जैसी बहुत सारी चीजें देखने को मिलती हैं। ये सामान खुदाई के दौरान मिले थे। अब इस साइट को टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित किया गया है। यहां एक लंबी वॉक के बाद महसूस होता है कि जरूर जीवन यहां कई हजार साल पहले भी रहा होगा। इस तरह के चिन्ह इस वॉक के दौरान देखने को मिलते हैं।

### बल्चिक बॉटेनिकल गार्डन

यह एक खूबसूरत बॉटेनिकल गार्डन है। इसे टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया गया है। फूलों से लदे पेड़ आपका स्वागत करते हैं। ढेरों फूल, पौधों, पेड़ों और जड़ी-बूटियों से हरे-भरे इस गार्डन में घूमने का एक अलग ही आनंद है। यहां बुल्गारियाई, जापानी गुलाब के साथ एक से बढ़कर एक कैक्ट्स भी देखने को मिलेंगे।



# सस्ते में लेना है घुमक्कड़ी का मज़ा, तो इन टिप्स एंड ट्रिक्स के साथ करें प्लानिंग

**बहुत से लोग यह सोचकर घूमने से रह जाते हैं कि पैसे कम हैं कैसे घूमेंगे? लेकिन आपको हम बता दें कि अगर आप ढंग से प्लान बनाएं तो कम पैसों में भी आराम से घूम सकते हैं।**



आजकल की भागदौड़ वाली जिंदगी में घुमक्कड़ी संजीवनी जैसी है, जो आपको तरोताजा कर देती है। बड़े शहरों की व्यस्त जिंदगी की जरूरत भी है ट्रैवल ताकि आप प्रदूषण और शोर-शराबे से दूर अपनों के साथ सुकून के कुछ पल बिता पाएं। सोशल मीडिया के इस दौर में घूमना एक ट्रेंड भी बनता जा रहा है। ऐसे बजट फिट ट्रैवल और भी प्रासंगिक हो जाता है।

### घुमक्कड़ों की तरह घूमने में है असली मजा

यह बात तो सही है कि घूमने और नई जगहों को एक्स्प्लोर करने से हम तरोताजा होते हैं। बहुत कुछ सीखते भी हैं। मगर आज की महंगाई वाले दौर में बहुत से लोगों के लिए घूमना बजट पर भारी पड़ता है। जो लोग यह सोचते हैं कि घूमना सिर्फ पैसे वालों का शौक है, तो उनको बता दूं कि ऐसा है नहीं। अगर हम थोड़ी मेहनत और थोड़ा रिसर्च करें। इंटरनेट और सोशल मीडिया की मदद लें, तो घूमने का प्लान बजट में बना सकते हैं। बजट फिट ट्रैवल एक भ्रम नहीं है। घूमने का ट्रेंड, जो पहले केवल बड़ों शहरों में ही देखा जाता था, आजकल छोटे-छोटे शहरों में भी इंटरनेट और स्मार्टफोन की वजह से बढ़ रहा है। घूमने का असली आनंद तो घुमक्कड़ों की तरह घूमने में है न की पर्यटकों की तरह पर्यटन करने में।

### करनी होगी एडवांस प्लानिंग

ट्रैवल प्लान करने में सबसे बड़ी चुनौती होती है डेस्टिनेशन तक कैसे जाया जाए? कहीं भी जाने से पहले उस जगह की अपने शहर से कनेक्टिविटी देखते हैं, इंटरनेट से समय और दूरी को चेक करने के बाद फिर पब्लिक ट्रांसपोर्ट, जैसे- ट्रेन या बस की बुकिंग कराते हैं। एडवांस बुकिंग से जहां अंतिम समय की भागदौड़ से बच जाते हैं, वहीं तत्काल या अन्य चार्जेज की भी बचत हो जाती है।

### होटल की बजाय होमस्टे बेहतर

किसी भी यात्रा की दूसरी समस्या यह होती है कि हम रूकें कहां? जगह सुरक्षित है या नहीं? शहर या घूमने की जगह से बहुत दूर तो नहीं है? सस्ती जगह है तो अच्छी है या नहीं? आजकल ये समस्याएं भी आसानी से हल हो जाती हैं। कई बड़े स्टेशंस पर भारतीय रेलवे के गेस्ट रूम्स भी उपलब्ध होते हैं, जिनकी बुकिंग ट्रेन टिकट के साथ ही एडवांस में की जा सकती है। बहुत से लोकप्रिय ट्रैवल डेस्टिनेशंस में होमस्टे आसानी से मिल जाते हैं वह भी बजट में। यहां रहने पर स्थानीय लोगों का रहन-सहन, खान-पान और उनकी संस्कृति को नजदीक से जानने का मौका मिल जाता है। साथ ही उस जगह से जुड़ी कई ऐसी जानकारियां भी मिलती हैं जो गूगल के पास भी नहीं होंगी। वैसे, अकेले घूमने वाले लोगों के लिए जॉस्टल और होस्टल जैसे कई विकल्प मौजूद हैं, जो बहुत कम पैसे में आपको डोर्मिटरीज और रूम मुहैया कराते हैं। साथ ही, साथ अपने जैसे और भी लोगों से मिलने-जुलने, उनके अनुभवों को साझा करने का मौका भी मिलता है। यकीन मानिए यात्रा और यात्री दोनों ही बेहतरीन गुरु हैं।

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट या बाइक ले लें

आप इंटरनेट पर थोड़ा-सा रिसर्च कर कर लें, तो अपने बजट में रहने की जगह खोज सकते हैं। कई वेबसाइट्स हैं, जो उनके रिव्यू भी उपलब्ध कराती हैं। जरूरत है बस थोड़ा-सा समय देने की। घूमने वाली जगहों पर कई बार लोकल ट्रांसपोर्टेशन बहुत महंगे होते हैं, ऐसी स्थिति में ज्यादातर हम लोकल पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसे लोकल बस, ट्रेन या शेयर ऑटो से काम चलाते हैं। युवाओं में दुपहिया वाहनों का क्रेज देखते हुए कई जगहों पर 200-500 रोज के हिसाब से बाइक या स्कूटी किराए पर आसानी से मिल जाते हैं। अगर आप बाइक लेना चाहें, तो आपको बस अपना कोई पहचान पत्र उनके पास जमा करना होता है। यह सस्ता, सुविधाजनक और ट्रेंडी रास्ता भी है।

# देश की इन 5 खूबसूरत जगहों की दुनिया भी है दीवानी

## वक्त निकाल कर जरूर जाएं घूमने

**आमतौर पर भी जब खूबसूरत जगहों क जिक्र होता है तो लोग विदेश की अलग-अलग लोकेशंस को गिनाना शुरू कर देते हैं जबकि देश में भी बेहद शानदार जगहें हैं।**



आमतौर पर भी जब खूबसूरत जगहों क जिक्र होता है तो लोग विदेश की अलग-अलग लोकेशंस को गिनाना शुरू कर देते हैं, जबकि देश में इतनी शानदार जगहें हैं, जिन पर किसी का भी दिल आ जाएगा। खास बात ये है कि इन जगहों की देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के लोग भी दीवाने हैं। ऐसे में आज यानी कि नेशनल टूरिज्म डे (National Tourism Day) के मौके पर आइए जानते हैं कौन-कौन सी हैं वे जगहें...

**गुलमर्ग**

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है कश्मीर का। कहते हैं कि कुदरत ने इस जगह को नायाब खूबसूरती से बख्शा है। यूं तो यहां का कोना-कोना बहुत सुंदर और मनमोहक है लेकिन अगर बात गुलमर्ग की करें तो ये

जम्मू कश्मीर का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। इसकी सुंदरता के कारण इसे धरती का स्वर्ग भी कहा जाता है। यह देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक हैं। फूलों के प्रदेश के नाम से मशहूर यह स्थान उत्तरी कश्मीर के बारामुला में स्थित है। एडवेंचर स्पोर्ट्स और स्कीइंग के शौकीन लोगों के लिए गुलमर्ग एक बेहद खास जगह मानी जाती है।

**गोवा:**

गोवा तो घूमने वाले लोगों की लिस्ट में टॉप पर होता है। खासतौर पर यंगस्टर्स के लिए। युवा यहां जाना खूब पसंद करते हैं। उन्हें यहां के बीच ही नहीं बल्कि यहां की नाइट लाइफ को एंज्वॉय करने जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी बीच पर सुकून के पल और फिर एक हसीन शाम गुजारना चाहते हैं तो ये जगह देखनी चाहिए।

**लेह-लद्दाख:**

देश की और खूबसूरत जगह है लेह-लद्दाख। यहां प्राकृतिक खूबसूरती के साथ-साथ लोग ट्रैकिंग और बाइक राइडिंग के लिए भी आते हैं। इसके अलावा हाइकिंग, क्लाइम्बिंग और कैंपिंग का मजा लेने भी आते हैं। इसके अलावा यहां की जंस्कार वैली, खरदुंग-ला पास, हेमिस नेशनल पार्क और स्पीतुक गोम्पा जैसी जगहें घूमना एक बेस्ट ऑप्शन होता है।

**मुंबई**

यूं तो मुंबई को 'फिल्म नगरी' के नाम से भी जाना जाता है। इस शहर को सपनों को शहर भी कहते हैं। यहां हर रोज लाखों लोग अपनी आंखों में बेपनाह सपने लेकर आते हैं। मगर इस



शहर में भी कई टूरिस्ट प्लेस हैं, जिन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। यहां घूमने के लिए जुहू चौपाटी, हाजी अली दरगाह, महालक्ष्मी मंदिर, गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव समेत कई जगहें हैं।

**केरल:**

देश में घूमने के लिए सबसे सुंदर केरल भी एक अच्छा ऑप्शन है। यहां मुन्नार की प्राकृतिक खूबसूरती आपका मान मोह लेगी। इसके अलावा थेककडी, कोवलम, कुमारकोम जैसी जगहें भी घूमना एक बेहतर ऑप्शन है।

# मैंगौंग ओवल में बल्लेबाजों का होगा राज या गेंदबाज लूटेंगे महफिल, आंकड़ों के जरिए समझिए पिच का हाल

**अंडर 19 विश्व कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहम मुकाबला ब्लोमफोंटेन के मैंगौंग ओवल में खेला जाएगा। इस मैदान की पिच से बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों को मदद मिलती है। यानी बैट और बॉल के बीच में इस ग्राउंड पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिलता है। शुरुआती ओवरों में नमी होने के कारण तेज गेंदबाज खासा प्रभाव डालते हैं।**

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका की धरती पर खेले जा रहे अंडर 19 विश्व कप के सुपर सिक्स मुकाबले में मंगलवार को टीम इंडिया की भिड़ंत न्यूजीलैंड के साथ होगी। भारतीय टीम का प्रदर्शन अब तक खेले तीन ही मैचों में लाजवाब रहा है। वहीं, कीवी टीम को अपने आखिरी मुकाबले में पाकिस्तान के हाथों 10 विकेट से करारी हार का मुंह देखना पड़ा था।

**कैसी खेलती है मैंगौंग ओवल की पिच?**

अंडर 19 विश्व कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहम मुकाबला ब्लोमफोंटेन के मैंगौंग ओवल में खेला जाएगा। इस मैदान की पिच से बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों को मदद मिलती है। यानी बैट और बॉल के बीच में इस ग्राउंड पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिलता है।

शुरुआती ओवरों में नमी होने के कारण तेज गेंदबाज खासा प्रभाव डालते हैं। वहीं, क्रीज पर सेट होने के बाद बल्लेबाज भी जमकर धमाल मचाते हैं। स्पिन गेंदबाजों को भी पिच से मदद मिलती है।

**क्या कहते हैं आंकड़े?**

मैंगौंग ओवल ने अब तक कुल 35 वनडे मैचों की मेजबानी की है। इसमें से 15 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के हाथ लगी है। वहीं, 18 मैचों में मैदान रनों का पीछा करने वाली टीम ने मारा है। फर्स्ट इनिंग में एवरेज स्कोर 248 का रहा है, जबकि दूसरी पारी में औसतन स्कोर 205 का है। टॉस इस मैच में भी अहम किरदार निभा सकता है।

**शानदार फॉर्म में टीम इंडिया**

उदय सहारन की कप्तानी में भारतीय टीम का प्रदर्शन अब तक टूर्नामेंट में जोरदार रहा है। टीम ने टूर्नामेंट का



आगाज बांग्लादेश को 84 रन से पीटकर किया था। इसके बाद अगले मैच में भारतीय टीम ने आयरलैंड को 201 से पटखनी दी थी। वहीं, आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया ने अमेरिका को भी 201 रन के बड़े अंतर से मात दी थी।

बल्लेबाजी में भारत की ओर से मुशीर खान का प्रदर्शन जानदार रहा है और वह 3 मैचों में 194 रन ठोक चुके हैं, जबकि कप्तान उदय ने 174 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में सौम्य पांडे 3 मैचों में 8 विकेट चटका चुके हैं।

## रन आउट होने के बावजूद मार्टिन गप्टिल को भेजा वापस, कॉलिन मुनरो ने पाकिस्तानी प्लेयर के मंसूबों पर फेरा पानी



**शारजाह.** क्रिकेट को यूंही नहीं जेंटलमेंस गेम कहा जाता है। यूएई में जारी ILT20 लीग में कॉलिन मुनरो ने इसकी नजीर पेश की। भले ही डेजर्ट वाइपर्स की टीम मैच हार गई, लेकिन उसके कप्तान कॉलिन मुनरो ने दिल जीत लिया। दरअसल, रविवार रात खेले गए इस मुकाबले में डेजर्ट वाइपर्स और शारजाह वारियर्स की टक्कर थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए शारजाह वॉरियर्स ने स्कोरबोर्ड पर निर्धारित 20 ओवर्स में सात विकेट खोरप 174 रन बनाए। कप्तान टॉम कोहलर कैडमोर ने 68 रन की पारी खेली जबकि कीवी ओपनर मार्टिन गप्टिल 39 रन बनाकर आउट हुए।

जो डेनली के साथ 26 रन की साझेदारी के दौरान उस वक्त मैदान पर अफरा-तफरी मच गई, जब मार्टिन गप्टिल बदकिस्मती से रनआउट हो गए। इंग्लिश बैटर जो डेनली ने एक जोरदार स्ट्रेट ड्राइव मारी, जो सीधा नॉन स्ट्राइक एंड पर खड़े मार्टिन गप्टिल को जा लगी। मार्टिन को गेंद लगने के बाद छिटककर बॉलर शादाब खान के पास चली गई। पाकिस्तानी प्लेयर ने फौरन ही गिल्लियां बिखेर दी, इस वक्त गप्टिल क्रीज से बाहर थे। इस दौरान पीछे से आजम खान की आवाज भी आ रही थी- आउट कर दे- आउट कर दे।इस बीच, दर्द से कराहते हुए मार्टिल गप्टिल आउट होकर डगआउट की ओर बढ़ चुके थे कि तभी विरोधी कप्तान कॉलिन मुनरो ने बड़ा दिल दिखाया। उन्होंने शानदार फैसला लेते हुए अपील वापस ले ली और महान खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस दौरान कमेंटेटर एलन विल्किंस ने पूरे लम्हे की तारीफ की।

## Sunrisers Hyderabad के खूंखार बैटर ने बल्ले से मचाई तबाही, जड़ी सबसे तेज फिफ्टी, प्लेऑफ में पहुंची डरबन सुपरजाइंट्स

**नई दिल्ली.** SA20 लीग के 22वें मैच में डरबन सुपर जाइंट्स (डीएसजी) ने पार्ल रॉयल्स को हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मैच में डरबन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 207 रन बनाए।

**क्लासेन ने जड़ा सबसे तेज अर्धशतक**

इस मैच में डरबन ने अपने प्रदर्शन से एक बार फिर साबित किया कि वह कैसे प्वाइंट्स टेबल में नंबर 1 पर है। डरबन की ओर से 17वें ओवर में बल्लेबाजी करने आए हेनरिक क्लासेन ने 16 गेंदों में अर्धशतक जड़ा। हेनरिक का यह अर्धशतक एस20 के इतिहास का



सबसे तेज अर्धशतक था।

**क्लासेन की तूफानी पारी**

क्लासेन ने अपनी पारी में 17 गेंदों पर 294.11 की स्ट्राइक रेट से 2 चौकों और 6 छक्कों के साथ अर्धशतक जड़ा। क्लासेन ने 19वें ओवर में फैबियन एलन की तीन गेंदों पर तीन छक्के मारे और अपना अर्धशतक पूरा करके डोनोवन फरेरा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। डोनोवन ने एस20 लीग 2024 में ही 18 गेंदों में सबसे तेज अर्धशतक अपने नाम किया था।

## बेटे का फर्ज निभाने के लिए गंवाया Team India से मिला मौका! SA दौरे से नाम वापस लेने पर भारतीय तेज गेंदबाज ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली.** भारत के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ Ind vs SA वनडे और टी20 दौरे से अपना नाम वापस लेने के फैसले का समर्थन किया है।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से वापस लिया नाम**

दीपक Deepak Chahar ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए कहा कि मेरे पिता मेरे लिए सबसे पहले आते हैं। चाहर के पिता को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था, जिसके कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में टीम इंडिया में शामिल नहीं हो सके।

**क्या बोले चाहर**

चाहर ने कहा कि मेरे लिए मेरे पिता सबसे पहले हैं। मैं यहां सिर्फ उनकी वजह से हूं। मैंने जो कुछ भी हासिल किया है वह मेरे पिता



की वजह से किया है। अगर मैं इन हालातों में उनके साथ नहीं हूं, तो मैं किस तरह का बेटा हूं?

**भारत में सीरीज होती तो जरूर होते शामिल**

अगर सीरीज भारत Ind 1ह्य ङ्र में खेली जा रही होती तो मैं जरूर खेलने की कोशिश करता। इस दौरान आप जरूरत पड़ने पर 4-5 घंटे के अंदर अस्पताल पहुंच सकते हैं, लेकिन दक्षिण अफ्रीका से वापस आने में 2-3 दिन लगते हैं। चाहर ने आगे कहा कि मेरे पिता के साथ रहना मेरे लिए एक एक आसान फैसला था, कोई भी बेटा ऐसा करेगा।

**अलीगढ़ अस्पताल में भर्ती थे पिता**

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज पर चाहर ने बात करते हुए कहा कि मैं 25 दिनों तक पिता के साथ अस्पताल में था। मेरे पिता आगरा में नहीं अलीगढ़ में अस्पताल में भर्ती थे। हम सब वहां रूके थे। इस दौरान मैं बस कुछ एक्सरसाइज कर पाता था। मैं प्रैक्टिस नहीं कर पाया था और इस कारण मैं अफगानिस्तान Ind vs Afg के खिलाफ सीरीज से बाहर रहा।

**टी20 वर्ल्ड कप के लिए कर रहे मेहनत**

पिता के घर लौटने के बाद मैं एनसीए गया और वहां मैंने फिर से प्रैक्टिस शुरू की, जिसके चलते मैं अब पूरी तरह से फिट हूं। मैंने आईपीएल ढ्ढक्क और विश्व कप के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है।

टी 20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय खिलाड़ियों के पास आईपीएल ही एक मौका है, जिसमें प्रदर्शन के दम पर वह विश्व कप की टीम में सेलेक्ट होंगे।

## गिल के पास जो सुरक्षा, वह पुजारा के पास भी नहीं थी, पहले टेस्ट के बाद बोले कुंबले

**हैदराबाद .** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे शुभमन गिल के पास टीम में जिस तरह की सुरक्षा है, वह कभी चेतेश्वर पुजारा को नहीं मिली और इस युवा बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करना होगा वरना काफी दबाव में आ जाएगा। 24 वर्ष के गिल ने पिछली 11 टेस्ट पारियों में अर्धशतक नहीं लगाया है। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल मार्च में पहली पारी में 128 रन बनाए थे लेकिन उसके बाद से उनका सर्वोच्च स्कोर 36 रन रहा है। उन्होंने



इंग्लैंड के खिलाफ यहां पहले टेस्ट में पहली पारी में 23 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल सके। भारत को पहले मैच में 28 रन से पराजय झेलनी पड़ी। कुंबले ने कहा, 'गिल को जो सुरक्षा मिली हुई है वह चेतेश्वर पुजारा को भी नहीं मिली थी जबकि उसने (पुजारा) 100 से अधिक टेस्ट खेले हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बार बार पुजारा की बात करता हूं क्योंकि वह कुछ समय पहले तक तीसरे नंबर पर उतरते थे। पुजारा ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेला और उसके बाद से शुभमन गिल तीसरे नंबर पर उतर रहा है।

## रोहित शर्मा 2nd टेस्ट में ना करें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज, क्यों वसीम जाफर ने दी ऐसी अनोखी सलाह

**नई दिल्ली.** इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 2 फरवरी से विशाखापट्टनम के डॉ. वाय एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। टीम इंडिया सीरीज में 0-1 से पीछे है और वापसी के लिए उनके लिए यह टेस्ट मैच काफी अहम होने वाला है। टीम इंडिया को हैदराबाद में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट मैच में 28 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद टीम इंडिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर वसीम जाफर ने भारतीय टीम को एक अनोखी सलाह दी है। टेस्ट क्रिकेट में रोहित शर्मा ने जब से पारी का आगाज शुरू किया है, उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया है। पारी का आगाज करते हुए रोहित का रिकॉर्ड टेस्ट क्रिकेट में काफी शानदार है, लेकिन जाफर चाहते हैं कि विशाखापट्टनम टेस्ट में रोहित की जगह यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज शुभमन गिल करें।

भारत के लिए पहले टेस्ट में विराट कोहली नहीं खेले और वह दूसरे टेस्ट मैच में भी नहीं खेलेंगे। विराट की वापसी तीसरे टेस्ट मैच के साथ होगी।

वसीम जाफर ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे हिसाब से दूसरे टेस्ट मैच में शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को पारी का आगाज करना चाहिए और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर बैटिंग करने के लिए आना चाहिए।



अपनी बैटिंग के लिए इंतजार करना शुभमन गिल के लिए काम नहीं कर रहा है। इससे बेहतर है कि वह पारी का आगाज करे। रोहित स्पिन के खिलाफ काफी अच्छी बैटिंग करते हैं, तो ऐसे में नंबर-3 पर बैटिंग करना उनके लिए कुछ ज्यादा मुश्किल की बात नहीं होनी चाहिए।

हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 246 रनों पर ऑलआउट हो गई थी, जवाब में भारत ने पहली पारी में 436 रन बनाकर बड़ी बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 420 रन बनाकर भारत को दवाब में डाला और भारतीय टीम दूसरी पारी में 202 रनों पर ही सिमट गई। गिल ने पहली पारी में 23 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में बिना खाता खोले ही आउट हो गए।

## आईपीएल में 2-3 साल और खेलेंगे MS Dhoni! CSK के तेज गेंदबाज ने कप्तान धोनी के कमबैक पर शेयर किया फैंस की धड़कने बढ़ाने वाला अपडेट

**एमएस धोनी अपनी घुटने की चोट से पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। टीम के गेंदबाज दीपक चहर ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात की और धोनी के आईपीएल में खेलने पर कुछ अपडेट शेयर किए। अब चहर ने कहा कि मुझे लगाता है कि धोनी 2-3 साल और खेल सकते हैं लेकिन यह उनका फैसला होगा। धोनी ने आईपीएल 2023 का पूरा सीजन घुटने पर पट्टी बांधकर खेला था।**

**नई दिल्ली.** एमएस धोनी अपनी घुटने की चोट से पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और वह आईपीएल 2024 में वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

**आईपीएल से पहले धोनी के संन्यास पर होती है चर्चा**

इस बीच टीम के गेंदबाज दीपक चहर Deepak Chahar ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात की और धोनी के आईपीएल में खेलने को लेकर भी कुछ अपडेट शेयर किए। आईपीएल की शुरुआत से पहले धोनी का संन्यास हमेशा ही चर्चा का विषय रहता है।

**पूरा सीजन पट्टी बांधकर खेला आईपीएल**

धोनी MS Dhoni ने आईपीएल 2023 का पूरा सीजन घुटने पर पट्टी बांधकर खेला और टीम को पांचवीं बार चैंपियन बनाया। अब चहर ने कहा कि मुझे लगाता है कि धोनी के पास क्रिकेट को देने के लिए अभी काफी कुछ है, वे 2-3 साल और खेल सकते हैं।

**2-3 साल और खेल सकते हैं धोनी**

मैंने उन्हें नेट पर बल्लेबाजी करते हुए देखा है। उन्हें इंजरी थी, जो किसी को भी हो सकती है। 24 साल के खिलाड़ी को भी वहीं चोट लग सकती है, जो उन्हें लगी



थी। वह काफी अच्छी तरह ठीक हो गए हैं। मेरे ख्याल से उन्हें 2-3 साल और खेलना चाहिए, लेकिन यह उनका फैसला होगा।

**सीएसके में धोनी के बिना खेलना मुश्किल**

धोनी ने सभी को बताया है कि वह चेन्नई में अपना आखिरी मैच खेलने जा रहे हैं। सिर्फ वो ही ये फैसला कर सकते हैं। हमारे लिए धोनी के बिना सीएसके के लिए खेलना काफी मुश्किल ह। सभी ने सीएसके को माही भाई के साथ ही देखा है।

**2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास**

बता दें कि 2020 में आईपीएल में धोनी ने चुपचाप इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। धोनी ने 2021 और 2023 चेन्नई को फिर चैंपियन बनाया। इस बीच 2020 में ही धोनी के आईपीएल से संन्यास लेने का विषय चर्चा में आया था।

इस पर जब धोनी से पूछा गया तो उन्होंने कहा था कि निश्चित तौर से नहीं। 2023 के आईपीएल IPL 2023 के बाद भी धोनी ने वापसी की उम्मीद जताई थी और कहा था कि ये फिटनेस पर निर्भर करता है।

## पहले टेस्ट में कहां फिसली हाथ से बाजी? हेड कोच Rahul Dravid ने बताया मैच का टर्निंग प्वाइंट, बोले- हम एक भी शतक...

**नई दिल्ली.** हैदराबाद में टीम इंडिया को इंग्लैंड के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पूरी टीम 202 रन बनाकर ढेर हो गई। इंग्लिश टीम की ओर से टॉम हार्टले ने कहर बरपाते हुए चौथी पारी में सात भारतीय बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई।दूसरी पारी में टीम इंडिया के बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा।

हालांकि, हेड कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि पहली पारी में एक भी बल्लेबाज द्वारा शतकीय पारी ना खेल पाने का खामियाजा टीम इंडिया को भुगतना पड़ा।

**कहां फिसला हाथ से मैच?**

राहुल द्रविड़ ने हैदराबाद टेस्ट में मिली हार के बाद पत्रकारों संग बातचीत करते हुए कहा, ÷मुझे लगता है कि पहली पारी में हमने 70 रन कम बनाए। दूसरे दिन पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी और हमको अच्छी शुरुआत भी मिली थी, लेकिन हम उसका फायदा नहीं उठा सके। हमारे बल्लेबाज एक भी शतक नहीं लगा सके, आप समझ सकते हैं मेरा मतलब एक बड़ी शतकीय पारी से है। दूसरी पारी में खेलना हमेशा ही कठिन होता है।

**पहली पारी में शतक से चूके तीन बल्लेबाज**

पहली पारी में भारत की ओर से तीन बल्लेबाज शतक के करीब पहुंचे, लेकिन अपनी सेंचुरी पूरी करने में



**भारतीय टीम को इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट मैच में 28 रन से हार का सामना करना पड़ा। रोहित की पलटन 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 202 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टॉम हार्टले के आगे भारतीय बैटर्स ने दूसरी पारी में आसानी से घुटने टेक दिए। हार्टले ने कहर बरपाते हुए 7 विकेट अपने नाम किए।**

नाकाम रहे। यशस्वी जायसवाल 80 रन बनाए आउट हुए, तो केएल राहुल 86 और रविंद्र जडेजा ने 87 रन की पारी खेली।

**फ्लॉप रहा भारतीय बैटिंग ऑर्डर**

इंग्लैंड से मिले 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पूरी टीम 202 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इंग्लैंड के स्पिनर्स के आगे इंडियन बैटर्स ने पूरी तरह से घुटने टेक दिए। यशस्वी जायसवाल महज 15 रन बनाकर चलते बने, जबकि केएल राहुल अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और 22 रन बनाकर चलते बने।जडेजा और श्रेयस अय्यर ने भी अपने प्रदर्शन से बेहद निराश किया। अक्षर पटेल भी सिर्फ 17 रन ही बना सके। कप्तान रोहित ने 39 रन की पारी खेली, लेकिन वो भी टॉम हार्टले के स्पिन जाल में उलझकर रह गए।

# बिपाशा बसु

## में करण सिंह ग्रोवर के परफॉर्मेंस की कायल हुईं

### बताया- कैसी लगी फिल्म



सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। देशभक्ति से भरी फिल्म में ऋतिक रोशन ( और दीपिका पादुकोण ( के साथ करण सिंह ग्रोवर ने भी अहम भूमिका निभाई है। फाइटर में करण सिंह ग्रोवर ने स्क्वॉड्रन लीडर की भूमिका निभाई है। करण, दीपिका और ऋतिक के अलावा लीड रोल में अनिल कपूर ( और अक्षय ओबेरॉय हैं। फिल्म रिलीज के बाद दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से कहानी, कास्ट और एक्शन को फुल मार्क्स मिले हैं। हाल ही में, करण की पत्नी और एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने फिल्म का रिव्यू किया है।

**बिपाशा बसु ने दिया फाइटर पर दिया रिव्यू**

बिपाशा बसु ने पति करण की फिल्म फाइटर देख ली। धूम 2 एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का रिव्यू शेयर किया है। उन्होंने अपने पति करण की ताज के रूप में तारीफ की। एक्ट्रेस ने फिल्म से करण का एक सीन शेयर करते हुए लिखा, ताज ( करण ) ने फिर मेरा दिल जीत लिया। फाइटर एक बार जरूर देखनी चाहिए। इसके साथ एक्ट्रेस ने ढेर सारी हार्ट इमोजी बनाई है।



**क्या है फाइटर की कहानी ?**

14 फरवरी 2019 को पुलवामा में भारतीय सैनिकों पर अटैक हुआ था, जिसमें 40 सैनिक शहीद हो गये थे। इस अटैक के बाद भारतीय वायु सेना की तरफ से बालाकोट में एयर स्ट्राइक किया गया था। फाइटर इसी कहानी को बयां करता है। फिल्म में यह भी दिखाया गया है कि बालाकोट में एयर स्ट्राइक के दौरान कैसे ताज ( करण ) और बशीर ( अक्षय ) पाकिस्तान में आतंकवादियों के चंगुल में फंस जाते हैं।

**फाइटर का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन**

25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई ऋतिक रोशन की एक्शन थ्रिलर फाइटर की ओपनिंग कुछ खास नहीं रही थी। फाइटर ने अन्य ब्लॉकबस्टर फिल्मों के मुकाबले सिर्फ 22 करोड़ के साथ शुरुआत की थी। हालांकिक, दूसरे दिन ऋतिक की फिल्म को काफी फायदा मिला है। मूवी ने दूसरे दिन 40 करोड़ का कारोबार किया है।

## वीर के सिर चढ़ा स्टारडम, गुस्से में कीरत को जड़ा थप्पड़



तेरी मेरी डोरियां में 28 जनवरी के एपिसोड में देखेंगे कि साहिबा को वीर का रवैया सही नहीं लगता। वह अंगद से इस वजह से उलझ पड़ती है। उसने वीर को समझाने की कोशिश तक नहीं की। जब उसके दोस्त कीरत को छेड़ रहे थे तो वीर ने उन्हें रोका नहीं। कीरत के सपोर्ट में गैरी आ गया जबकि उस वक्त वीर को वहां आना चाहिए था। साहिबा रिश्तों की दुहाई देती है जबकि अंगद सोचता है साहिबा तो उससे तलाक लेना चाहती है और अब वह रिश्तों की बातें कर रही है।

**दोस्त ने वीर को भड़काया**

वीर नशे में धुत है और वह सायशा से फोन पर बात करता है। सायशा उसे कीरत के खिलाफ भड़काती है। वह सुपरस्टार है जबकि कीरत शिमलापुरी की रहने वाली साधारण सी लड़की है। कीरत, वीर को लेकर उससे बात करने जाती है लेकिन वह नशे की हालत में है और उसे कुछ समझ नहीं आता है। जब वह बार-बार अपने दोस्तों को समझाने की बात करती है तो गुस्से में वीर उसे थप्पड़ मार देता है।

**वीर ने कीरत को बताया दोषी**

वीर कहेगा उसने उसके कोच को इतनी बुरी तरह से पीटा था और आज उसने उसे थप्पड़ मार दिया। इसके लिए वीर, कीरत को दोष देता है। वीर को लगता है कीरत की वजह से अब वह पहले जैसा नहीं रहा। कीरत इस सबके लिए उसके स्टारडम और उसके घटिया दोस्तों को जिम्मेदार बताएगी। साहिबा भी तब तक वहां आ जाएगी और पूछेगी उसका गाल इतना लाल क्यों है तो कीरत कीड़ा काटने का बहाना बना देगी।

**वकील से मिलने पहुंची साहिबा**

अगले दिन की सुबह होती है और अंगद ऑफिस जाने के लिए निकलने वाला होता है। वह देखता है साहिबा भी निकलने वाली है। अंगद उसे गाड़ी से छोड़ने की बात कहेगा लेकिन वह मना कर देगी। कमरे से निकलते ही साहिबा को गैरी दिख जाता है तो वह उसे बीते दिन के लिए शुक्रिया कहेगी। उसने कीरत का साथ दिया और उन लड़कों से भिड़ गया। गैरी बताएगा अब वो और कीरत दोस्त बन गए हैं तो इसमें शुक्रिया कहने जैसी कोई बात नहीं है।

आगे एपिसोड में देखेंगे कि साहिबा वकील से मिलने के लिए उनके ऑफिस पहुंची है। उसके पीछे-पीछे अंगद भी वहां आ गया है। वह उसे वकील से बात करते हुए देखेगा। अंगद को लगता है साहिबा तलाक के लिए वकील के यहां पहुंची है।

## भारती और कृष्णा ने कंटेस्टेंट को किया रोस्ट, हंसते-हंसते लोट-पोट हुए सभी



बिग बॉस 17 के ग्रैंड फिनाले में कंटेस्टेंट और सेलिब्रिटीज की जमकर मस्ती होगी। शाम 6 बजे से शुरू होकर फिनाले रात 12 बजे तक चलेगा। यह पहली बार है जब 6 घंटे लंबा फिनाले चलेगा। सीजन के सभी कंटेस्टेंट शो में पहुंचे जिन्होंने अलग-अलग सेगमेंट के लिए शूट किया। भारती सिंह और कृष्णा अभिषेक ने कई लोगों को रोस्ट करने का काम किया। उनकी बातें सुनकर सभी हंसने लगे। कलर्स टीवी ने एक प्रोमो शेयर किया है जिसमें दोनों एंट्री लेते हैं। गार्डन एरिया में सभी कंटेस्टेंट बैठे हुए दिखे।

**अंकिता को चिढ़ाया**

कृष्णा, जैकी श्रॉफ बनकर आते हैं। उनका यह गेटअप हमेशा से काफी पसंद किया जाता रहा है। अंकिता को चिढ़ाते हुए कृष्णा कहते हैं, %बाहर जाते ही बहुत बड़ी पार्टी हुई है। आगे भारती ने कहा, %अरे अंकिता घर में इतनी पार्टी हुई कि तुम्हारे घर के सीसीटीवी कैमरे हैंग हो गए। दरअसल, जब विकी जैन एविक्ट हुए थे तब अंकिता ने उनसे कहा कि वह अगर पार्टी करेंगे तो ठीक नहीं होगा। उसके बाद रोहित शेट्टी ने भी आकर उन्हें बताया कि विकी ने बहुत पार्टी की।

**मुनव्वर का उड़ा मजाक**

बिग बॉस के घर में मुनव्वर की लव लाइफ की सबसे ज्यादा चर्चा रही। उन्होंने एक ही वक्त पर नाजिला और आयशा खान को डेट किया था। आयशा वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट बनकर पहुंचीं और इसका खुलासा किया। कृष्णा ने उन पर कहा, मुनव्वर बहुत गरीब था। उनके घर पर एक रोटी नहीं थी लेकिन बनाने वाली 3-4 थी। ये कमाल है।

**बनेगा फुल माहौल**

कलर्स टीवी ने एक प्रोमो शेयर करते हुए लिखा, हंसी मजाक और नॉन स्टॉप मस्ती का बनेगा बड़ा माहौल। ग्रैंड फिनाले की पार्टी देखना मत भूलिएगा। देखिए बिग बॉस फिनाले आज। शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक सिर्फ कलर्स और जियो सिनेमा पर।

# विक्की कौशल

## ने की Rashmika Mandanna की तारीफ, छावा एक्ट्रेस के लिए कही ये बात



एनिमल मूवी ब्लॉकबस्टर होने के बाद एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अब जल्द विक्की कौशल के साथ पीरियड एक्शन फिल्म छावा में नजर आने वाली हैं। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग को पूरा कर लिया और इसके बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके फिल्म के कलाकारों और क्रू मेंबर्स का आभार जताया। इसके जवाब में एक्टर ने भी एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने एक्ट्रेस को प्रेरणा बताया।

**विक्की कौशल को बताया जेंटलमैन**

रश्मिका मंदाना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर छावा की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के क्रू, कलाकार, कहानी, सेट, डायलॉग सबके बारे में पोस्ट किया। अपनी स्टोरी में रश्मिका ने विक्की कौशल की भी तारीफ की।एक्ट्रेस ने विक्की को महाराज कहते हुए लिखा, आपके साथ काम करना बहुत खुशी की बात है। आप बहुत अच्छे और दयालु हैं। आप जेंटलमैन हैं। मैं हमेशा आपके लिए अच्छे की कामना करूंगी। मां ने तुम्हें प्रणाम कहने को कहा है।



**विक्की ने रश्मिका को बताया प्रेरणा**

इसके बाद सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर विक्की कौशल ने भी रश्मिका के पोस्ट का जवाब दिया। विक्की ने लिखा, नीं येन्नने उलिया? पूरा सेट आपकी गर्मजोशी और ऊर्जा को बेहद मिस कर रहा है। लोग यह नहीं जानते कि आपके बुरे दिनों में जो मुस्कान होती है, वह अधिकांश लोगों के सबसे अच्छे दिनों में होने वाली मुस्कान से बड़ी और बेहतर होती है। प्रमुख प्रेरणा। हमारी येसुबाई बनने के लिए धन्यवाद और आंटी के प्रति मेरा भी आभार। ओह वैसे भी अब आप क्या सोच रहे हैं।

**छावा में किसका किरदार निभा रहे हैं विक्की**

जरा हटके जरा बचके के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ही फिल्म छावा का निर्देशन कर रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में विक्की कौशल शिवाजी के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, रश्मिका येसुबाई की भूमिका में नजर आएंगी।